वर्ष- 13 अंक - 168
लखनऊ, बुधवार 18 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




ऑडियो वायरल होने के बाद दरोगा पर गिरी गाज, लाइनहाजिर 10

योगी सरकार ने यूपी को बनाया डिजिटल औद्योगिक शक्ति केंद्र 03


## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का भारत आगमन पर किया स्वागत

▸ मुंबई और बाद में नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम दोनों देशों के संबंधों को नई गति देंगें : पीएम मोदी



**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेने के लिए भारत आने पर स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मैक्रों के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा कि भारत उनकी इस यात्रा का स्वागत करता है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली चर्चा से द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत होगा। यह सहयोग वैश्विक प्रगति में भी योगदान देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई और बाद में नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम दोनों देशों के संबंधों को नई गति देंगे। इससे पहले इमैनुएल मैक्रॉन ने भारत यात्रा पर रवाना होते हुए एक्स पर लिखा कि वह मुंबई से नई दिल्ली तक तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। उनके साथ व्यापार, आर्थिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और डिजिटल क्षेत्र के प्रतिनिधि भी आ रहे हैं। मैक्रॉन ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात को लेकर उत्साह भी जताया।

### फ्रांस के राष्ट्रपति ने मुंबई के होटल ताज में 26/11 पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनिअल मैंक्रों ने मुंबई के ताज होटेल में 26/11 हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों भी उनके साथ मौजूद रहीं। इसकी जानकारी देते हुए मैंक्रों ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मुंबई के ताज महल पैलेस में, हमने 2008 के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए कहा कि इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के लिए, और भारत के लिए फ्रांस हमेशा साथ खड़ा है। आतंकवाद के सामने, एकता और दृढ़ निश्चय सबसे बड़ी ताकत है। इससे पहले सुबह मैक्रों तड़के मुंबई के मरीन ड्राइव पर दौड़ सैर की। उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे। मुंबई पुलिस ने पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा की थी। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और मुंबई में मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर बैठक करेंगे। यह उनकी भारत की चौथी यात्रा है। हालांकि वह मुंबई पहली बार गए हैं।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



▸ इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी मौजूद रहे

**एजेंसी, ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को यहां बांग्लादेश में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बांग्लादेश पहुंचे बिरला ने शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनकी पत्नी से मुलाकात भी की। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी मौजूद रहे। बिरला ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि उन्हें ढाका में प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में बनी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दुनिया के कई देशों के नेता भी ढाका पहुंचे। मुख्य सलाहकार यूनुस के न्योते पर मालदीव के राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, श्रीलंका और नेपाल के विदेश मंत्री तथा कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इस समारोह में शामिल हुए।

## महाराष्ट्र : उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने की अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस मौके पर राकांपा एपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, मंत्री हसन मुश्रीफ और पार्थ पवार मौजूद थे। मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात के बाद राकांपा एपी अध्यक्ष सुनील तटकरे ने पत्रकारों को बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद कुछ शंका व्यक्त की जा रही है और विमान हादसे की सच्चाई आम जनता जानना चाहती है। इसलिए इस घटना की गहन छानबीन और हर तरह के तथ्यों की जांच देश की उच्च स्तरीय जांच एजेंसी सीबीआई से करवाना जरुरी है।

तटकरे ने बताया कि मुख्यमंत्री कल राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री को इस बारे में लिखेंगे।

## ममता बनर्जी का आरोप, चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग'

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब 'तुगलकी आयोग' बन गया है और एक राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहा है। राज्य सचिवालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है। ममता ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर राज्य के मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।

## देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश : अश्विनी वैष्णव

▸ इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे




**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जताई, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 फरवरी से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर

**एजेंसी, गांधीनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में आयोजित 10 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस संबंध में गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने कोबा, गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय 'श्री कमलम' में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा में सामान्य पृष्ठभूमि से आए कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।



▸ इस दौरान वे अहमदाबाद और गांधीनगर में आयोजित 10 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा भाजपा की विचारधारा के प्रति समर्पित और युवावस्था से सक्रिय भूमिका निभाने वाले नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 45 वर्षीय नितिन नवीन भाजपा के अब तक के सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं।

**20 फरवरी : स्वागत और संवाद कार्यक्रम**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन 20 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे नारणपुरा स्थित जीएससी बैंक में सांसदों और विधायकों के साथ संवाद करेंगे। शाम 5:30 बजे गांधीनगर इन्फोसिटी में उद्योगपतियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, डॉक्टरों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ 'बजट मीट' कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**21 फरवरी: संगठन बैठक और युवा कार्यक्रम**

दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन 21 फरवरी को सुबह 6 बजे साबरमती रिवरफ्रंट पर मॉर्निंग वॉक करेंगे और सुबह 8:45 बजे भद्रकाली माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे गांधीनगर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय 'श्री कमलम' में प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2 बजे सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक कर मार्गदर्शन देंगे। शाम 4 बजे गिफ्ट सिटी में आयोजित 'यंग वॉइस समिट' में युवा उद्यमियों और स्टार्टअप फाउंडर्स को संबोधित करेंगे तथा शाम 5:30 बजे अहमदाबाद के जीएमडीसी हॉल में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### 22 फरवरी : 'मन की बात' कार्यक्रम में सहभागिता

दौरे के तीसरे दिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष 22 फरवरी को सुबह 10:45 बजे अहमदाबाद के खाड़िया क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को देखेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला गुजरात दौरा है।

## अमित शाह आज बंगाल के मायापुर में इस्कॉन मंदिर आएंगे

▸ मायापुर में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के मुख्यालय का संक्षिप्त दौरा करेंगे



**एजेंसी, कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज यानी बुधवार को पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। वह यहां नदिया जिला के मायापुर में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के मुख्यालय का संक्षिप्त दौरा करेंगे। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह यात्रा पूर्णतः धार्मिक कार्यक्रम में भागीदारी के लिए है और इसमें किसी प्रकार की राजनीतिक सभा या बैठक शामिल नहीं है। कार्यक्रम के अनुसार शाह दोपहर को कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर से मायापुर रवाना होंगे। हेलिपैड पर उतरने के बाद वे गोल्फ कार्ट से मंदिर परिसर तक जाएंगे, जहां वैदिक गुरुकुल के विद्यार्थियों और मंदिर प्रबंधन द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। मंदिर परिसर में गृह मंत्री इस्कॉन के संस्थापक आचार्य ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे भगवान नरसिंह, श्री चैतन्य महाप्रभु तथा राधा-माधव के मंदिरों में पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठानों में भाग लेंगे। वे एक आध्यात्मिक नेता की जयंती के मौके पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और सभा को संबोधित भी करेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप का है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि इस दौरे के दौरान कोई राजनीतिक बैठक या जनसभा निर्धारित नहीं है। राज्य इकाई के कई वरिष्ठ नेता तथा स्थानीय संगठन के पदाधिकारी मंदिर परिसर में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के बाद शाह मायापुर से कोलकाता लौटेंगे और वहां से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनाएगा मधुमक्खी गलियारे, एक साल में 40 लाख पेड़ लगाने की योजना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहली बार मधुमक्खी गलियारे (बी कॉरिडोर) विकसित करने की घोषणा की है। यह पहल सजावटी पौधों की जगह पर्यावरणीय पौधों को लगाने पर केंद्रित होगी। इन गलियारों में फूलदार पेड़ और पौधे लगाए जाएंगे, ताकि पूरे साल पराग (फूलों के नर भाग यानी पुंकेसर से निकलने वाला एक महीन पाउडर) और रस उपलब्ध रहे और परागण करने वाले जीवों को सहारा मिल सके। एनएचएआई ने बताया कि इस पहल से मधुमक्खियों और अन्य परागण करने वाले जीवों पर बढ़ते पर्यावरणीय दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

## भारत ने 2015 में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से डिजिटल आधारशिला रखी : जेपी नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा पर निर्भर करती है। इस बात को पहले ही पहचानते हुए भारत ने लगभग एक दशक पहले ही डिजिटल नींव रखना शुरू कर दिया था। 2015 में, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने भारत को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया। मंगलवार को भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में स्वास्थ्य क्षेत्र के सही और बोध पहल की शुरुआत के मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई थी। इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने स्वास्थ्य सेवा के लिए एक सशक्त डिजिटल सार्वजनिक ढांचा स्थापित करने के लिए 2020 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का शुभारंभ किया। प्रगति पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि निरंतर प्रयासों से स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण हुआ है। विभिन्न प्लेटफार्मों पर अंतरसंचालनीय प्रणालियां सक्षम की गई हैं, और नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बड़े पैमाने पर, सहमति-आधारित स्वास्थ्य डेटा ढांचे विकसित किए जा रहे हैं।



## जम्मू में एक गैंगस्टर और दो पाकिस्तानी नागरिकों के फरार होने के बाद छह पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी, जम्मू।** आरएस पुरा सेक्टर के किशोर सुधार गृह से तीन कैदियों के फरार होने के बाद लापरवाही बरतने के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। फरार होने वालों में दो पाकिस्तानी नागरिक और एक स्थानीय गैंगस्टर था। आरएस पुरा के डबलेहर निवासी कराजीत सिंह उर्फ ??गुग्गा और पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद सुना-उल्लाह और अहसान अनवर सोमवार शाम करीब 5.15 बजे पुलिसकर्मियों पर हमला कर किशोर सुधार गृह से फरार हो गए थे। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सहायक सब-इंस्पेक्टर सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि ये निलंबन विभागीय जांच का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि यह घटना कैसे घटी, सुरक्षा में सेंध क्यों लगी और क्या तैनात कर्मियों द्वारा कर्तव्य में कोई चूक हुई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास), 132 (सरकारी कर्मचारी को कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 262 (कानूनी हिरासत से प्रतिरोध करना, बाधा डालना या भागना), 307 (मृत्यु, चोट या अवरोध पैदा करने की तैयारी के साथ चोरी), 111 (संगठित अपराध) और शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 (हथियारों का अनाधिकृत कब्ज़ा, परिवहन और उपयोग) के तहत एफआईआर दर्ज की है। जम्मू और कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात और जम्मू जोन के महानिरीक्षक भीम सेन तुती अन्य अधिकारियों के साथ घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे।

## यूपी बोर्ड परीक्षायें आज से शुरू, 8033 केन्द्र बनाये गये

▸ करीब 53 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल
▸ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
▸ आधुनिक उपकरणों से रखी जा रही पैनी नजर

आर.बी.सिंह




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई। नकल विहीन और सुचारू रूप से परीक्षायें संचालित करने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बार सिविल पुलिस के साथ एसटीएफ की भी तैनाती की गई है, साथ ही अत्याधुनिक उपकरणों के द्वारा भी पैनी नजर रखी जा रही है। पूरे सूबे में कुल 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं। जिन पर करीब 53 लाख परीक्षार्थी शामिल होकर परीक्षा देंगे। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्रायें परीक्षा में शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का शुभारंभ भी किया। 20 जिलों के परीक्षा केंद्रों पर जैमर, 1000 संदिग्धों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर रखे गए हैं। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से पूर्व मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप 2026 की परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया गया है। 18 जिले संवेदनशील घोषित किए गए हैं,जबकि 222 केन्द्रों को अति संवेदनशील एवं 683 केंद्रों को संवेदनशीलता में रखा गया है। इन केन्द्रों पर एसटीएफ और स्थानीय अभिसूचना इकाई को पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रहने का निर्देश है, साथ ही अति संवेदनशील केन्द्रों का दिन में दो बार निरीक्षण सुनिश्चित किये जाने का भी। प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी और लाइव वेबकास्टिंग परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम 24म7 सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश के सभी जनपदों के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम, प्रश्नपत्र वितरण कक्ष और उत्तर पुस्तिका सीलिंग-पैकिंग कक्ष की भी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जायेगी।

## पटना में राज्यपाल आरिफ खान करेंगे पांच खंडों वाली 'रामनन्दन मिश्र ग्रंथावली' का लोकार्पण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) की ओर से 18 फरवरी को पटना (बिहार), राजभवन में स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी चिंतक रामनन्दन मिश्र के जीवन एवं दर्शन पर आधारित 'रामनन्दन मिश्र ग्रंथावली' (पांच खंड) का लोकार्पण किया जाएगा।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजीएनसीए के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पद्मभूषण राम बहादुर राय करेंगे। श्री रामचन्द्र प्रधान द्वारा संपादित यह ग्रंथावली रामनन्दन मिश्र (1906-1989) के बहुआयामी व्यक्तित्व का एक प्रामाणिक दस्तावेज है। यह पाँच खंडों में विभाजित है। इनमें संस्मरण, नई दिशा की खोज में, भक्ति और साधना, गांधीवादी परम्पराः कुछ विचार और श्री कालीपद गुहराय शामिल हैं। यह कृति उनके क्रांतिकारी जीवन, समाजवादी सक्रियता और अंततः उनके आध्यात्मिक रूपांतरण की यात्रा को समग्रता से प्रस्तुत करती है। आईजीएनसीए के डीन एवं कलानिधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेश चन्द्र गौड़ अतिथियों का स्वागत करेंगे और आधार वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। ग्रंथावली के संपादक डॉ. रामचन्द्र प्रधान भी इस अवसर पर पुस्तक की रचना प्रक्रिया और रामनन्दन मिश्र के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालेंगे। रामनन्दन मिश्र का जीवन सामाजिक क्रांति और आध्यात्मिक शांति की एक अनूठी त्रिवेणी रहा है। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन और किसान आंदोलनों में उनकी सक्रियता से लेकर उनकी आध्यात्मिक साधना तक का सफर आज के दौर में वैचारिक विमर्श को एक नई दिशा प्रदान करता है।



# ‘बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वासन’ जागरूकता रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**‘बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन’ विषय पर जिलाधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट परिसर से ‘बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन’ विषयक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसके उन्मूलन के लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर आमजन को बाल श्रम के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों के पुनर्वासन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधित अधिनियम, 2016 के अंतर्गत बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध है। रथ के माध्यम से पंपलेट, पोस्टर एवं ऑडियो संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और उसे सुरक्षित एवं स्वस्थ बचपन मिल सके। रथ को रवाना करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में ‘बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन’ विषय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों की पहचान कर उन्हें तत्काल श्रम से मुक्त कराया जाए तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए पुनर्वासन योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाकर होटल, ढाबा, कारखाना एवं अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की जाए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल श्रम की सूचना मिले तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि बाल श्रम के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा अनुभव वर्मा, सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वार्षिक सम्मेलन में लगातार पांचवी बार मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष बने अतुल तिवारी महामंत्री अतुल त्रिपाठी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ कब वार्षिक सम्मेलन मनाया गया व विकासखंड मनकापुर के ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी अमीर अहमद व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला के देख रेख में संपन्न कराया गया 11:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई 12:00 बजे तक सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अतुल तिवारी ब्लॉक महामंत्री अतुल त्रिपाठी ब्लॉक कोषाध्यक्ष रामपाल सिंह संगठन मंत्री आलोक मणि सम्प्रेक्षक अशोक कुमार वर्मा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते रहें कर्मचारी की समस्याओं को लेकर जिला संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है।

# बोर्ड परीक्षा का बिगुल बजते ही प्रशासन हाई अलर्ट

**छह केंद्रों पर कड़ा पहरा : नकल पर जीरो टॉलरेंस**



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं शुरू होते ही बिशेश्वरगंज क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षा घेरे में आ गया। थाना क्षेत्र के छह परीक्षा केंद्रों पर हजारों परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। क्षेत्र के विजय उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्छर, मोक्षदार इंटर कॉलेज कुरसहा, वीर इंटर कॉलेज धनुही, श्रीनन्द इंटर कॉलेज पहुँचकट्टा, ब्राइट वे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तकिया तथा सम्राट अशोक के.पी. इंटर कॉलेज पुरैना बाजार को संवेदनशील मानते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। केंद्रों के मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर और परीक्षा परिसर के 100 मीटर दायरे में अनावश्यक भीड़ पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। उड़न दस्तों और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की सक्रियता भी बढ़ा दी गई है। केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल सूचना दें, ताकि तुरंत कार्रवाई हो सके। प्रशासन का दावा है कि इस बार नकल माफियाओं पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया गया है। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कॉपी, गाइड और संदिग्ध सामग्री की दुकानों पर भी निगरानी रखी जा रही है। परीक्षार्थियों की प्रवेश से पहले गहन तलाशी ली जा रही है और पहचान पत्र की अनिवार्यता सुनिश्चित की गई है। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए प्रशासन ने कहा है कि परीक्षा की गरिमा और पारदर्शिता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## इलाज के दौरान दो लोगों की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में भर्ती दो लोगो की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मोगलानी गांव के निवासी 40वर्षीय राजेंद्र गौतम पुत्र छोटकऊं गौतम को शुक्रवार के दिन बीमारी से पीड़ित अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पहले युवक को अज्ञात में भर्ती कराया गया था। बाद में उस के पास से मिले आधार कार्ड से उस के घर वालो को सूचना दिया गया। मृतक के भाई शिव गौतम ने देखने के बाद उस की पहचान किया। बहराइच जिले के विशेश्वर गंज थाना क्षेत्र के डोम कुआं गंगा जमुनी निवासी 35 वर्षीय रवि तिवारी पुत्र देवी प्रसाद ने घर के आपसी विवाद को लेकर रविवार के दिन जहर खा लिया था।

# थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा गुम हुए चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक 16/02/2026 की रात्रि थाना खोड़ारे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम ढढुआ कुतुबजोत के चार नाबालिग बच्चे (उम्र लगभग 6 वर्ष से 10 वर्ष) गाँव के बाहर खेलते समय घर वापस नहीं लौटे। सूचना प्राप्त होते ही थाना खोड़ारे में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। उक्त प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के द्वारा पुलिस की कई टीमों का गठन कर परिजनों के साथ पूरी रात सघन तलाश अभियान चलाया गया। कुछ ग्रामीणों द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि मंदिर के समीप स्थित तालाब के पास बच्चे खेल रहे थे। उक्त सूचना पर देर रात्रि ही एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ टीम द्वारा पंपिंग सेट की सहायता से तालाब का पानी काफी हद तक खाली कराया गया तथा पूरी रात सर्च अभियान चलाया गया। सौभाग्यवश बच्चे तालाब में नहीं पाए गए। प्रातःकाल पुलिस टीमों द्वारा पुनः व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया गया तथा स्व्हान टीम को भी तलाशी अभियान में लगाया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल की निगरानी में चलाए गए अभियान के दौरान चारों बच्चे गाँव के समीप सरसों के खेत में सोते हुए सकुशल पाए गए। पुलिस टीम द्वारा तत्काल उन्हें बरामद कर सीएचसी-गौरा में चिकित्सीय परीक्षण हेतु ले जाया गया, जहाँ सभी बच्चे पूर्णतः स्वस्थ पाए गए। प्रारंभिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उनमें सबसे बड़ा लड़का (उम्र लगभग 10 वर्ष) किसी शरारत के कारण मां की डांट के डर से घर जाने से बचने हेतु भयवश रात्रि में घर न लौटने का सोचकर अपने साथ खेल रहे छोटे बच्चों को भी लेकर सरसों के खेत में छिप कर सो गया। पूर्व में भी उक्त बालक का डांट पड़ने पर घर से बिना बताए चले जाने का व्यवहार प्रकाश में आया है। थाना खोड़ारे पुलिस की त्वरित एवं सतत् कार्यवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल नेतृत्व के फलस्वरूप चारों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर सीएचसी गौरा में स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया। बरामद बच्चों के संबंध में परिजनों की आवश्यक काउंसिलिंग भी की गई है।

# खबरें एक नजर में

## आठ दीवान बने दरोगा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश पर जिले के आठ मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति किया गया है। जिस में यू पी 112 में तैनात मुख्य आरक्षी अशोक कुमार सिंह चंद्रिका यादव कर्नल गंज थाना में तैनात मुख्य आरक्षी राजेश यादव खोड़ारे थाना में तैनात मुख्य आरक्षी छत्र धारी कोतवाली देहात में तैनात राजेंद्र यादव यूपी पी सी एल में तैनात मुख्य आरक्षी चंद्रभान सिंह पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी ज्ञानेश्वर प्रसाद मनका पुर कोतवाली में तैनात विपिन बिहारी वर्मा को पदोन्नति देकर उपनिरीक्षक बनाया है। पूरे प्रदेश में 384 मुख्य आरक्षी को पदोन्नति देकर उपनिरीक्षक बनाया है।जिस में जिले के 8 मुख्य आरक्षी को इस का फायदा मिला है। कोतवाली देहात में तैनात मुख्य आरक्षी राजेंद्र यादव को कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बैज लगा कर बधाई दिया।

## एचडीएफसी बैंक के एटीएम में शार्ट सर्किट से लगी आग

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी सर्कुलर अयोध्या मार्ग स्थित जेपी पैलेस के पास लगे एच डी एफ सी बैंक के ए टी एम मशीन में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से जल कर खाक हो गया। सोमवार की देर रात्रि में जब एच डी एफ सी बैंक के ए टी एम मशीन में अचानक आग लगी तो आस पास हड़कम मच गया। ए टी एम मशीन जलने लगा। वहीं बगल में दुकान कर रहे दुकान दारो ने इस की जानकारी बैंक के अधिकारियों और फायर बिग्रेड को दिया गया। थोड़ी देर के बाद फायरबिग्रेड की गाड़ी पहुंची। तेज लपटों से जल रहे ए टी एम मशीन की आग को बुझाया। इस आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के तमाम दुकान भी मौके पर पहुंच गए। बैंक के अधिकारियों का कहना है कि ए टी एम मशीन में कितना कैस था। अभी इस की जानकारी नहीं है।बैंक के रिकॉर्ड का मिलान करने पर इस की जानकारी होगी कि कितना कैस का नुकसान हुआ है।

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**बलरामपुर।** जनगणना-2027 की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के जिला प्रभारी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जनगणना-2027 की विस्तृत कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य में जनगणना-2027 का प्रथम चरण दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रस्तावित है। इस बार प्रथम डिजिटल जनगणना के तहत नागरिकों को 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना करने की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। इसके अतिरिक्त निर्धारित अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जनगणना संबंधी डाटा संकलित करेंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा निर्देशित किया गया कि जनगणना-2027 के लिए निर्धारित सभी मानकों एवं शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी विभागाध्यक्षों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय सहयोग प्रदान करने तथा निर्धारित समय सारिणी के

# शिक्षक समस्याओं को लेकर महासंघ बीएसए कार्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन

**लंबित शिक्षक समस्याओं के सम्बन्ध में धरना-प्रदर्शन कल**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच के द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 19 फ़रवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच कार्यालय पर करेगा धरना प्रदर्शन।बताते चले पूर्व निर्धारित तिथि में बोर्ड परीक्षा/अधिकांश शिक्षकों के गतिमान प्रशिक्षण कों देखते हुए 19 फ़रवरी कों निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र नें बताया है कि,शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई जिससे 2 महीने होने वाले है अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन का स्वीकृत नहीं किया जा रहा है,विकास खंड पयागपुर में एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान मात्र कुछ ही मिनट की देरी के लिए लगभग 65 शिक्षक / शिक्षिकाओं की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बाधित करने, शिक्षक-शिक्षिकाओं के एक-दो दिन का अवरुद्ध वेतन सामूहिक रूप से बहाल करने, निरीक्षण के समय शिक्षक /शिक्षिकाओं के किसी कारण वश उपस्थित न होने पर यदि उनका आकस्मिक अवकाश शेष है तो उनके आकस्मिक अवकाश से उक्त दिवस का अवकाश घटाते हुए वेतन की कटौती न करने, पात्र शिक्षक / शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान पूर्व में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त कर चुके सभी अध्यापकों की ऑफलाइन सेवा पुस्तिका उनके कार्यरत जनपद स्थानांतरित करने, ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने सहित अन्य मांगों के सम्बन्ध ने दिनांक 19 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहराइच पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जनपद के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा है कि, यदि समय रहते सभी शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने कहा कि, चयन वेतनमान सहित अन्य सभी मुद्दों पर शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं हुआ तो संगठन पूरी ताकत के साथ आंदोलन करेगा।

# पैमाइश कर रहे लेखपालों पर दबंगों ने बोला धावा, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम फतेपुरवा में राजस्व भूमि की पैमाइश के दौरान दबंगों द्वारा लेखपालों पर धावा बोलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरकारी कार्य में बाधा, अभिलेख फाड़ने और जान से मारने की धमकी के आरोप में पुलिस ने नामजद आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार गाटा संख्या 391 की नवीन परती भूमि की पैमाइश की जा रही थी। इसी दौरान आरोपितों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया और अवैध निर्माण का विरोध करने पर लेखपालों से अभद्रता की। आरोप है कि दबंगों ने सरकारी कागजात फाड़ दिए तथा धमकी देते हुए कार्य रुकवा दिया। मामले में शिवकुमार यादव, असलम, मुकेश, पवन यादव, उदयवीर यादव सहित करीब 20 अज्ञात व्यक्तियों को नामजद किया गया है।आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 191(2), 191(3), 131, 324(4), 351(3), 329 (3), 132 व 221 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि राजस्व कर्मियों के साथ दबंगई और सरकारी कार्य में बाधा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रकरण की गहन विवेचना की जा रही है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई तेज, फरार आरोपी के घर पहुंची पुलिस ने की मुनादी

**उतरौला (बलरामपुर)।** कोतवाली उतरौला पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त की लगातार तलाश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में पुलिस ने धारा 84 बीएनएसएस (फरार व्यक्ति के विरुद्ध उद्घोषणा) के तहत नोटिस जारी कर दिया। उपनिरीक्षक हीरालाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम जलालपुरवा बनगवा स्थित अभियुक्त के आवास पर पहुंची, जहां विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय का उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया गया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को भी जानकारी दी कि संबंधित अभियुक्त न्यायालय में निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित हो, अन्यथा उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने मौके पर मुनादी कराते हुए सार्वजनिक रूप से भी उद्घोषणा कराई, ताकि अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना मिल सके। साथ ही स्थानीय लोगों को सचेत किया गया कि फरार अभियुक्त को शरण या सहयोग देना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश का अक्षरशः पालन करते हुए उद्घोषणा नोटिस चस्पा किया गया है।

यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है, तो नियमानुसार उसकी संपत्ति कुर्की सहित आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स को ‘बेस्ट स्कूल अवार्ड-2026’ से नवाजा

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि, न्यूज़।**



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार की मिसाल बन चुके मिहींपुरवा नगर पंचायत में लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स ने एक बार फिर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय को ‘बेस्ट स्कूल अवार्ड-2026’ से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान पीएचएचडी मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन, फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन एवं रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार, संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में ‘आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन’ और ‘रिमार्केबल रोल’ के लिए चयनित किया गया। इस उपलब्धि को मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी विधिवत दर्ज किया गया है। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों और संस्थानों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। प्रबंधक एस.के. मौर्य एवं प्राचार्य जे.के. मौर्य ने कहा कि यह सम्मान शिक्षकों की अथक मेहनत, विद्यार्थियों के अनुशासन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि संस्थान का ध्येय वाक्य ‘वी बिलीव इन इनोवेशन’ केवल शब्द नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति का आधार है।

आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और मूल्यों पर आधारित शिक्षा के माध्यम से विद्यालय निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। फाउंडेशन की ओर से विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा गया कि यह मंच प्रतिभाओं को ‘आसमान से भी ऊंची उड़ान’ देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सम्मान के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है और शिक्षाविदों व अभिभावकों ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत बालपुर में जागरूकता व शपथ कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि, न्यूज़, बलरामपुर।**



जनपद बलरामपुर के विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बालपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह के प्रति समाज को जागरूक करना तथा बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उसकी रोकथाम के उपायों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं – मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों – 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी साझा करते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी श्री अमरकांत, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर श्री विशाल गुप्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से सुपरवाइजर सुश्री प्रिया श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर श्रीमती दीपिका तिवारी सहित अन्य गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## ऐतिहासिक आर्य समाज मंदिर का होगा कायाकल्प

**पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा परिसर**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर के मुख्य बाजार स्थित ऐतिहासिक आर्य समाज मंदिर का अब जल्द ही जीर्णोद्धार कराया जाएगा। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला इस प्राचीन भवन के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च करेगी। नगर पालिका अध्यक्षा सविता गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है और धनराशि अवमुक्त करने की प्रक्रिया वित्त विभाग में चल रही है। अध्यक्षा ने बताया कि नगर के मध्य स्थित यह आर्य समाज मंदिर वर्षों से धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है।

# सरकारी किताबों से भरा ट्रक पकड़ा गया

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में सरकारी किताबों से भरा एक ट्रक पकड़े जाने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ट्रक में लदी किताबें कबाड़ी की दुकान पर बेचने के लिए ले जाई जा रही थीं। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और ट्रक को नानपारा क्षेत्र में ट्रेस कर पकड़ लिया गया। मौके पर पहुंची टीम ने ट्रक में भरी सरकारी किताबों को कब्जे में ले लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बड़ी संख्या में शैक्षणिक सत्र से संबंधित सरकारी पुस्तकें ट्रक में लदी थीं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर संबंधित विभागों को जांच सौंपी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि किताबें कहां से लोड की गई और इन्हें कबाड़ी के यहां बेचने की योजना किस स्तर पर बनाई गई थी।फिलहाल ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सरकारी किताबों से भरा ट्रक किस स्थान से रवाना हुआ था। पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हैं।

# सहकार से समृद्धि : एम-पैक्स से 54 लाख किसान बने आत्मनिर्भर

## जिला सहकारी बैंकों में खुले दो लाख से अधिक नए खाते, 550 करोड़ जमा

▸ योगी सरकार ने सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया फसली ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** प्रदेश में सहकारिता आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार के एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का व्यापक परिणाम दिख रहा है। अभियान के जरिए अब तक करीब 54 लाख किसान सहकारी ढांचे से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े हैं। योगी सरकार का फोकस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति एम-पैक्स से लोगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती वित्तीय और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विशेष अभियान के तहत किसानों को कम ब्याज दरों पर फसली ऋण, उन्नत गुणवत्ता के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। इससे खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए हैं। इन खातों में अब तक लगभग 550 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। वहीं, सदस्यों की भागीदारी से 110 करोड़ रुपये की अंश पूंजी जुटाई गई जिसके आधार पर 660 करोड़ रुपये की धनराशि सहकारी तंत्र में प्रवाहित हुई। इससे गांवों में ऋण प्रवाह बढ़ा है और छोटे किसानों को सहूलियतें आसान हुई हैं। योगी सरकार ने सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सदस्यता प्रक्रिया डिजिटल किया है। अब एम-पैक्स से जुड़ने के लिए डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं मिल रहीं हैं।

### योगी सरकार ने यूपी को बनाया डिजिटल औद्योगिक शक्ति केंद्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बहुस्तरीय पहल की गति तेज कर दी हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी उन्नयन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों को प्रतिस्पर्धी और बाजारोन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। योगी सरकार के इन कदमों से उत्पादन क्षमता बढ़ी है और रोजगार सृजन को नई गति प्राप्त हुई है। डिजिटल अवसंरचना, नीतिगत सरलता और वित्तीय सहयोग के संयोजन ने प्रदेश को अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने की आधारभूमि को तैयार करने का काम किया है। एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में 3,822 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं, जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

# मरकज़ी चाँद कमेटी फरंगी महल की अपील रमज़ान के चाँद देखने का एहतिमाम किया जाये

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मरकज़ी चाँद कमेटी फरंगी महल के सदर एवं इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली काज़ी-ए-शहर की अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों की एक अहम् बैठक हुई जिसमें मौलाना ने तमाम मुसलमानों से अपील की कि वह आज 18 फरवरी 2026 दिन बुद्धवार को रमज़ानुल मुबारक के चाँद देखने का एहतिमाम करें। चाँद देख कर कमेटी के अध्यक्ष को गवाही दें या इस सिलसिले में निम्नलिखित मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क करें: 9415023970, 9335929670, 9415102947, 9889911119, 9839132548, 7376952721, 9140427677,



इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया लखनऊ ने रमज़ानुल मुबारक 1447-2026 के सिलसिले में निम्नलिखित एडवाइजरी जारी की है। इस्लाम मज़हब में रमज़ानुल मुबारक सबसे पवित्र महीना है इस लिए तमाम मुसलमान इस माह मुबारक को इबादत ही में गुज़ारें। रमज़ानुल मुबारक में सबसे अहम् इबादत रोज़ा है। रमज़ानुल मुबारक में पूरे महीने रोज़ा रखना हर आक़िल बालिग़ मुसलमान मर्द व औरत पर फर्ज़ है रोज़ा इफ्तार सही वक्त पर ही करें। अगर रोज़ा वक्त से पहले खोल लिया तो रोज़ा ख़राब हो जायेगा। अगर इफ़्तार करने में ज़्यादा देर की तो रोज़ा मकरूह हो जायेगा यानी सवाब कम हो जायेगा। हर हैसियत व्यक्ति इफ़्तार पार्टियों का एहतिमाम करे और उसमें गरीबों को भी शामिल किया जाये। हर मस्जिद में इफ़्तार का विशेष आयोजन किया जाये। इस मुबारक महीने में तरावीह जरूर पढ़ी जाये।

## खबरें एक नजर में

### बिना असुविधा श्रद्धालुओं को होंगे रामलला के दिव्य दर्शन : जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी ने श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए लखनऊ से अयोध्या तक विशेष टूर पैकेज की शुरुआत की है। सुगम दर्शन सेवा के माध्यम से अब राम भक्त बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए सीधे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार विशेष व्यवस्था श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक अनुभव को अविस्मरणीय बनाएगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी द्वारा 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का भरपूर समर्थन मिला है। श्रद्धालुओं, पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा प्रारंभ की जा रही है, जिसकी पहली यात्रा 21 फरवरी को प्रस्तावित है। श्रद्धालु विशेष टूर पैकेज की बुकिंग यूपीएसटीडीसी की आधिकारिक वेबसाइट नचेजकब.बव.पद के माध्यम से कर सकते हैं।यात्रा की शुरुआत प्रातः 8 बजे लखनऊ के होटल गोमती से होगी, जो करीब 10.30 बजे तक अयोध्या पहुंचेगी। यात्रियों को हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि और कनक भवन के पावन दर्शन कराए जाएंगे। दोपहर के समय सरयू गेस्ट हाउस में भोजन के उपरांत सरयू रिवर फ्रंट राम की पैड़ी एवं नागेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। सायं लगभग 8.30 बजे यात्रियों की लखनऊ वापसी होगी।टूर पैकेज में यात्रियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में सुगम दर्शन की विशेष सुविधा मिलेगी। रामनगरी जाने वाले यात्रियों को टेंपो ट्रैवलर से आरामदायक यात्रा, सरयू गेस्ट हाउस में दोपहर का भोजन, संध्याकालीन चाय, स्थानीय गाइड तथा शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी। यूपीएसटीडीसी का मानना है कि टूर पैकेज राम भक्तों विशेष आध्यात्मिक अनुभव देगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,500 रुपए तथा अन्य यात्रियों के लिए 2,000 रुपए यात्रा शुल्क है। प्रत्येक यात्री को स्मृति-चिन्ह प्रदान किया जाएगा, जो उनकी यात्रा को यादगार बनाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा पर्यटकों के लिए अन्य यात्रा गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। यूपीएसटीडीसी राजधानी में डबल डेकर श्लखनऊ दर्शनश् बस सेवा के संचालन के अलावा नैमिषारण्य, वाराणसी-प्रयागराज तथा दुधवा जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के लिए आकर्षक टूर पैकेज भी संचालित कर रहा है। इन सभी पैकेजों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा नचेजकब.बव.पद पर उपलब्ध है। पर्यटक घर बैठे अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।



### 23 फैकल्टी को प्रमोशन, 12 को संविदा नियुक्ति प्रॉक्टर-प्रोवोस्ट की सैलरी बढ़ी

#### भाषा विश्वविद्यालय में प्रस्तावों पर मुहर लगी

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ के ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को 39वीं कार्यपरिषद की बैठक हुई। कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में ये बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सुधार, वित्तीय पारदर्शिता और कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें बड़ी संख्या में फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति और प्रॉक्टर-प्रोवोस्ट का सैलरी इंक्रीमेंट शामिल हैं। बैठक में विश्वविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाइयों के नामकरण जुड़ा प्रस्ताव भी पेश हुए। रोवर्स क्रू का नाम ÷सुभाष चन्द्र बोस रोवर्स क्रू÷ और रेंजर्स टीम का नाम ÷लक्ष्मीबाई रेंजर्स टीम÷ रखा गया। कार्यपरिषद ने इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत 15 जनवरी 2026 तक लंबित सभी पदोन्नतियों को स्वीकृति प्रदान की गई। कुल 23 शिक्षकों को प्रमोशन मिला। यूनिवर्सिटी में क्वालिटी एजुकेशन बढ़ाने के मकसद से 11 गेस्ट फैकल्टी को विजिटिंग फैकल्टी के रूप में इम्पैनल किया गया। इससे विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ शिक्षकों की सेवाएं विद्यार्थियों को मिलेंगी। कार्यपरिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संविदा फैकल्टी को ईपीएफसुविधा देने का प्रस्ताव मंजूर किया। साथ ही संविदा शिक्षकों के अवकाश संबंधी लंबित मामलों को शासनादेश के अनुरूप स्वीकृति दी गई। यह निर्णय शिक्षकों के हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर और प्रोवोस्ट के मानदेय में वृद्धि को भी मंजूरी दी गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 12 शिक्षकों की संविदा नियुक्तियों को स्वीकृति दी गई, जिनमें फ्रेंच, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, कंप्यूटर साइंस एवं अन्य विभाग शामिल हैं।

# छूटे जिला निर्वाचन अधिकारियों और ईआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

▸ निर्वाचन आयोग का मकसद मतदाता सूची निर्माण, संशोधन और पुनरीक्षण पारदर्शी, त्रुटिरहित बनाना : रिणवा




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** प्रशिक्षण से वंचित जिला निर्वाचन अधिकारियों एयर ईआरओ को आज प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उन जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ईआरओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जो जून और सितंबर 2025 में हुए पिछले प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो पाए थे। प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी उपाम लखनऊ में सुबह 10 बजे से शुरू किया गया।इसमें चित्रकूट, बलरामपुर, बस्ती, हाथरस, श्रावस्ती और कौशांबी सहित 6 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, विभिन्न जिलों के 55 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के निर्माण, संशोधन और पुनरीक्षण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और समयबद्ध बनाना था। प्रशिक्षण में संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, निर्वाचक नामावली नियमावली, और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों पर विस्तृत जानकारी दी गई।विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की कार्यवाही, नोटिस चरण, सुनवाई प्रक्रिया और नियमावली के अनुपालन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।प्रशिक्षण के दौरान ईआरओ नेट प्रणाली, बीएलओ ऐप और मतदाता सूची प्रबंधन से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की व्यावहारिक जानकारी दी गई।अधिकारियों को नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने का तरीका सिखाया गया।हेल्पलाइन 1950 से प्राप्त जन शिकायतों के समाधान, बीएलओ की भूमिका और पोलिंग स्टेशन के युक्तिकरण से संबंधित पहलुओं पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के सैद्धांतिक सत्र प्रातःकाल में और ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप, शिकायत निस्तारण प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण अपराह्न में दिया गया।

प्रशिक्षण की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों का मूल्यांकन किया गया।

# एसआईआर के बाद फार्म सात की जरूरत क्यों : शिवपाल

▸ सपा महासचिव ने बीजेपी पर बोला हमला

**एजेंसी, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव ने एसआईआर को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिवपाल ने कहा कि रिपोर्ट में धांधली की जा रही है और बीजेपी के लोग इसमें गड़बड़ी कर रहे हैं। उनका सवाल है कि एसआईआर के बाद फॉर्म 7 की आवश्यकता क्यों है, जब रिपोर्ट पहले तैयार की जा चुकी है। उनका कहना है कि बीजेपी के लोग प्रक्रिया को जानबूझकर जटिल बना रहे हैं और लोगों को परेशान कर रहे हैं। सपा लीडर शिवपाल यादव ने कहा कि दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। एफआईआर तक



दर्ज नहीं की जा रही, जिससे लोगों में असंतोष है। उनका कहना है कि बीजेपी सरकार इन मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है और जनता के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अन्याय के खिलाफआवाज उठाएं और भाजपा की साजिशों को उजागर करें।

# मुद्दा विहीन हो चुका है विपक्ष : केशव



▸ निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण

**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष के मतदाता सूची से नाम काटे जाने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए विपक्षी दलों की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा जब विपक्ष चुनाव हारने लगता है, तो वह कभी ईवीएम पर दोष मढ़ता है तो कभी निर्वाचन आयोग पर। जनता सब जानती है कि कौन उनके हक के लिए काम कर रहा है और कौन केवल भ्रम फैला रहा है।उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है। विपक्ष मुद्दा विहीन हो चुका है। जनता का विश्वास खोने के बाद अब वे अपनी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ने का बहाना ढूंढ रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम कटने की शिकायतें अपनी विफलता को छिपाने का हताशापूर्ण प्रयास है। भारत निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष संवैधानिक संस्था है। आयोग राजनीतिक दलों के लिए समान भाव से कार्य कर रहा है। सरकार या किसी भी स्तर पर पक्षपात का आरोप लगाना निराधार है, लोकतंत्र की गरिमा के विरुद्ध है। आयोग के अधीन कार्यरत अमला दिन-रात पूरी सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। उन पर प्रश्नचिह्न लगाना उन हजारों कर्मचारियों के मनोबल को गिराने जैसा है जो लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जुटे हैं। भाजपा सरकार हमेशा निष्पक्ष चुनाव, लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के पक्ष में रही है। विपक्ष को नकारात्मक राजनीति छोड़कर विकास के मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए।

**विपक्षी दलों की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया**

### विधानसभा का घेराव करने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**एजेंसी, लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म किए जाने और सरकार के कथित कुशासन के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधान भवन के घेराव की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष हिंदवी ने बताया मनरेगा बचाओ अभियान के तहत और भाजपा के कुशासन के खिलाफ विधान भवन का घेराव कर प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पार्टी दफ्तर से निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। कार्यकर्ताओं ने जब आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने उन पर बलप्रयोग किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस प्रदर्शन कर रहे तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन ले गयी है। हिंदवी ने बताया कि प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद किशोरी लाल शर्मा, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, विधायक वीरेंद्र चौधरी सहित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने बताया कि बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए निकलने से पहले ही उनके घर में नजरबंद कर दिया गया।

# विपक्ष का आरोप, जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाते अधिकारी

**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को कार्यपालिका और जनप्रतिनिधियों के संबंधों को लेकर सदन में तीखी बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाते और दलाली में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका का विधायिका पर हावी होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। इस संदर्भ में उन्होंने पीठ से हस्तक्षेप की मांग की और कहा कि सदन की गरिमा की अवहेलना हो रही है। समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अखघ्तर ने भी कहा कि स्थिति ऐसी हो गई है कि सत्ता पक्ष के विधायकों को भी धरने पर बैठना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी की सुनवाई नहीं करते, जिससे सभी दलों के विधायक परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार ऐसी व्यवस्था करे जिससे नौकरशाही पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके। सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने भी अधिकारियों पर फोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा द्वारा जनप्रतिनिधियों के लिए तय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी अधिकारी द्वारा उसकी अवहेलना न होने पाए। सपा विधायक रागिनी सोनकर भी अधिकारियों की कथित लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से लेने की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मामला पीठ के संज्ञान में है और इस पर उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से बातचीत कर ठोस समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका के व्यवस्थापिका पर हावी होने का सवाल ही नहीं उठता है और जो अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाते, सरकार उनके साथ नहीं है। इसको लेकर पहले से जारी शासनादेश को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वहीं मंत्री असीम अरुण ने सुझाव दिया कि प्रदेश या जिला स्तर पर ऐसे अधिकृत नंबर जारी किए जाएं, जिन पर हर हाल में अधिकारियों को जवाब देना अनिवार्य हो, ताकि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। कई बार अधिकारियों के सामने भी ऐसी समस्याएं आती हैं जिसके चलते वो फोन नहीं उठाते हैं। इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)
Skill India
Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

JOIN PRADHAN MANTRI VIRASAT KA SAMVARDHAN (PM VIKAS) SCHEME

COURSES OFFERED

AI-TECHNOCRAFT
Duration: 11 Month
Eligibility: Graduate

MULTI SKILL TECHNICIAN
Consumer Durables
Duration: 09 Month
Eligibility: 8th Pass



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo
Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook (DBT Account)
Income Certificate
Caste certificate

Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)
Centre Address
TCIL-Sitapur, Khasra No. 101, Village Laharpur
Sitapur, Uttar Pradesh-261135
Contact details
+91-8957159108

### विधानसभा में शायरी से सियासी वार

# मंत्री गुलाबो देवी का विपक्ष पर तंज, जानकर अंजान बने...

**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देबी ने भी शायरी के



अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा, जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दौरान सपा विधायक सचिन यादव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की शोभायात्राओं पर रोक लगाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने धर्म की स्वतंत्रता का सवाल खड़ा करते हुए कहा कि शोभायात्राओं के लिए पुलिस रजिस्टर में प्रविष्टि कराकर अनुमति दिए जाने की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि योगी 2.0 कार्यकाल में धरना-प्रदर्शन और जुलूस आदि के लिए शासनादेश जारी किया गया है। धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्पष्ट नियम बनाए गए हैं और उन्हीं के तहत अनुमति दी जाती है। सदन में विधायक पल्लवी पटेल ने उच्च शिक्षा से जुड़ा सवाल उठाया।

उन्होंने विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को मेडिकल लीव दिए जाने की व्यवस्था पर जानकारी मांगी। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाओं का विवरण साझा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अलग-अलग प्रशासनिक इकाइयां हैं, इसलिए दोनों के शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाएं समान हों, यह आवश्यक नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### एक सप्ताह में दे सकते हैं प्रस्ताव

**शाहजहांपुर।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2025-26 में विवेकानन्द यूथ एवार्ड व्यक्तिगत के अन्तर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर चयन प्रस्तावित है। राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्ध, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों का बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं के आवेदन आमंत्रित किये गये है। 1 सप्ताह में कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द अधिकारी आवेदन जमा कर सकते हैं।

### रोड किनारे पड़ा अपशिष्ट सांसों में घोल रहा जहर, बीमारियों का बढ़ रहा खतरा



**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार के पुवायां रोड के स्थित गन्ना मिल के द्वारा खुले में डंप की जा रही अपशिष्ट (मई)आमजन और आवारा गोवंश दोनों के लिए गंभीर बीमारियों का कारण बनती जा रही है। सड़क किनारे पड़े अपशिष्ट (मई) के ढेर से उठती दुर्गंध राहगीरों की सांसों में जहर घोल रही है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है मुख्य हाइवे के किनारे खुले में पड़े अपशिष्ट के ढेर से लगातार बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हवा के संपर्क में आकर उठने वाली दुर्गंध से त्वचा से संबंधित एलर्जी, सांस से संबंधित दमा जैसी घातक बीमारी और आंखों में संक्रमण जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस प्रकार के अपशिष्ट जो की मुख्य हाइवे के समीप खुले में डंप किया जा रहा है जिस पर आने जाने वाले उच्च अधिकारियों के नजर तो पड़ती है लेकिन कार्रवाई की जहमत कोई नहीं उठाता हैइस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार के प्रभारी डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि मिल के द्वारा डाले जा रहे अपशिष्ट से त्वचा, से संबंधित आंख और श्वास संबंधी बीमारियां बन सकती है। खुटार के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र ने बताया कि यदि आवारा पशु के द्वारा इस प्रकार के अपशिष्ट पदार्थ का सेवन किया जाता है तो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे पेट संबंधी रोग, संक्रमण, अपच व गंभीर बीमारी की स्थिति बन सकती है। मिल प्रबंधन के द्वारा इससे लिए बाउंड्री वॉल बनाकर यदि अपशिष्ट को डाला जाए तो इंसान और पशु दोनों की सेहत सुरक्षित हो सकती है। क्या प्रशासन इस और ध्यान देने की जरूरत समझेगा।

### हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण संपन्न




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देशानुसार जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीन-ए-हज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम पुराना जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी हज यात्रियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक टीके लगाए गए। चिकित्सा टीम में डॉक्टर शोएब अली चिकित्सा अधिकारी, मोहम्मद जावेद, अहमद सिद्दीकी, ज़हीम खान एवं स्टाफ नर्स पिंकी, शालिनी शर्मा, स्नेहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी ने मौजूद रहकर टीकाकरण किया और पोलियो की दवा पिलाई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी पी श्रीवास्तव ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, खान-पान, स्वच्छता तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस अवसर पर कुल 67 हज यात्रियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की गई थीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस मौके पर मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफ़ासत अली खान, सविहा सुल्ताना, गुलाम कादिर, हज ट्रेनर मोहम्मद मशकूर खान आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी की निगरानी में आज से परीक्षा

- यूपी बोर्ड परीक्षा: 126 केंद्रों पर 79 हजार परीक्षार्थी देंगे इम्तिहान
- 5 जोन व 21 सेक्टर में बांटा गया जिला, जीआईसी कन्ट्रोल रूम बनाया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में आज बुधवार से होने वाली माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के 126 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होंगी। इस बार हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 79509 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं समय से पहुंचा दी गई हैं। परीक्षा को पारदर्शी एवं नकलविहीन बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से सभी परीक्षा केंद्र लैस किए गए हैं, निगरानी व्यवस्था लागू की गई है तथा कंट्रोल रूम से प्रत्येक केंद्र की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी तय की जाएगी। परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी। छह सचल दल भी नकलचियों से निपटने के लिए बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर परिधि में धारा 144 लागू कर दी गई है। 1 किलोमीटर की परिधि में फोटोकॉपी दुकानें बंद रहेगी। परीक्षा केंद्र के आसपास लाउडस्पीकर का उपयोग वर्जित रहेगा।

**मूलभूत सुविधाएं मुकम्मल**

परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग व्यवस्था, लाइट, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी सहित सभी आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई है। इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी गयी है। जिससे कि किसी तरह की कोई समस्या परीक्षार्थी को न हो।

# 8वें दिन भी जारी रहा आशा कार्यकर्त्रियों का धरना

**सिधौली, शाहजहांपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम के बीच मंगलवार को भी आशा कार्यकर्ताओं का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके खातों में अब तक पूरा भुगतान नहीं पहुंचा है। जब तक समस्त बकाया राशि नहीं मिल जाती, धरना जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कोविड, फाइलेरिया, पल्स पोलियो और टीवी अभियान समेत विभिन्न मदों का भुगतान आना था, लेकिन किसी के खाते में अधिक तो किसी के खाते में कम धनराशि आई है। पूरा स्टेटमेंट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कौन-सा भुगतान लंबित है। धरने में विमला देवी, गीता देवी, आलिया बेगम, आयशा बी, सीमा देवी, खुशबू देवी, ओमकांति, रामबेटी, रामदेवी, मिथिलेश कुमारी, आरतीदेवी और चांदनी मीनादेवी, वंदनादेवी, मीरादेवी विनीतादेवी राजकुमारी सहित कई आशाएं मौजूद रहीं। बीईएम चंद्रेश कुमार ने बताया कि भुगतान कार्य के आधार पर लखनऊ से भेजा गया है, शेष बकाया भी जल्द दिलाया जाएगा। जिनका नहीं पहुंचा है वह अपना बैंक से स्टेटमेंट निकलवा कर दे दें।



# हमारी सरकार दिल्ली से नहीं, वांशिगटन से चल रही है: विजेंद्र सिंह यादव

- भाकियू टिकैत गुट के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष ने पत्रकारों से की वार्ता

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाकियू टिकैत गुट के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने पत्रकारों से वार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने जो अमेरिका से जो डील की गई है यह डील भारत के किसानों को बर्बाद करने बाली डील है। मंगलवार को नाहिल रोड़ स्थित एक लान में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष बने विजेंद्र सिंह यादव के आगवन पर पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा जो अमेरिका से डील की गई है वह किसानों को बर्वाद करने बाली डील है। अमेरिका सरकार वहां के किसानों को भारी मात्रा में सब्सिडी देती है ओर भारत सरकार किसानों पर तमाम रूप से जीएसटी लगाकर रुपए बसूल करती है। स्टीन फाइल के दबाब में आकर प्रधानमंत्री ने यह डील अमेरिका से की है। ऐसा लगता है सरकार दिल्ली से नही, वाशिंगटन से चलती है। इस डील को रद कराने के लिए हमारा संगठन का आंदोलन शुरू हो गया है अगर हम लोगों को दिल्ली जाना पड़ेगा तो हम लोग वहां पर भी धरना प्रदर्शन करेंगे जब तक यह डील रद नही होगी तब तक आंदोलन जारी रखेंगे। इस बीच जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष अनिल जाटव, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार, नीरज वर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकेशन फोटो में दिखीं सागौन की ताज़ी जड़ें फिर भी कार्रवाई में देरी

- सबूत मिटाने की कोशिश, जड़ें उखाड़ी गईं, 24 घंटे बाद पहुंचा वन विभाग

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम बेला के मजरा स्थिति दस सागौन के पेड़ों का कटान का मामला लगातार गंभीर बनता जा रहा है। कटान स्थल की लोकेशन के साथ ली गई तस्वीरों में ताजा जड़ें साफ दिखाई दे रही हैं, जो हालिया कटान का प्रमाण हैं।

जानकारी के अनुसार वन विभाग को घटना की सूचना पहले ही दी गई थी, लेकिन विभागीय टीम करीब 24 घंटे बाद ही मौके पर पहुंची। क्या इस कटान को वन विभाग की मिली भगत समझा जाए हालांकि इस बीच आरोप है कि रात में जेसीबी मशीन से पेड़ों की जड़ें उखाड़ी गईं, जिसे संभावित रूप से सबूत मिटाने की कोशिश माना जा रहा है।खेत के स्वामी ने बताया कि कटे हुए पेड़ यूकेलिप्टिस की प्रजाति के थे,।सूत्रों के अनुसार, यह कटान कथित ठेकेदार द्वारा कराया गया था, जिससे मामला अब केवल वन विभाग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिम्मेदारों की जवाबदेही और कानूनी कार्रवाई की मांग उठने लगी है।अब सवाल उठता है कि कार्रवाई में देरी क्यों हुई और क्या इस देरी ने साक्ष्य को मिटाने का मौका दिया गया।

> इस संबंध में सम्बंधित वन दरोगा से स्पष्टीकरण लिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
> —सुशील कुमार, एसडीओ वन विभाग

### बीआरपी क्लब खेल मैदान में हुआ रस्साकसी खेल का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित बीआरपी क्लब खेल मैदान में ग्राम पंचायत की ओर से रस्सा-कसी के खेल का आयोजन कराया गया, जिसमें जेपी पब्लिक स्कूल ब संविलियन विद्यालय से 50-50 बच्चे खेल में शामिल हुए, जिनकी 6-6 टीम बनाई गई। खेल में जेपी पब्लिक स्कूल की सभी 6 टीमें विजेता बनी। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता के साथ सहयोग संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी के स्वस्थ रहने के लिए खेलों का बहुत ही बड़ा योगदान है। इसलिए हमारी ग्राम पंचायत समय-समय पर भिन्न-भिन्न खेलों का आयोजन करती रहती है,जिससे हमारी ग्राम पंचायत के बच्चे मजबूत शरीर के बने। सहयोग संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता व महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि सहयोग संस्था के द्वारा बराबर पूरे जनपद में जनहित के कार्यक्रम कराए जा रहे है, और जिस भी व्यक्ति को समाज सेवा करने का मन है, वह हमारी संस्था से जुड़ सकता है। कार्यक्रम में जेपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान, अध्यापिका निदानाज़, लक्ष्मी गुप्ता, मंजू, अंजली यादव, साइमा खान, मंतशा, प्रांशिका आर्या, नीतू , फिज़ानाज़, अनामिका सिंह, राहिलानाज़, नाएमा नईम, अनाफशा अख्तर, रिंकी, नाएमा मुश्ताक, देवीना गुप्ता, रोली द्विवेदी, माला द्विवेदी, अंजलि राठौर, संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ब अध्यापक मशकूर, अभिषेक सिंह, मीनाक्षी मिश्रा, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

- सहयोग संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने विजेताओं को किया सम्मानित

**प्रशासन और वन विभाग की बुलडोजर कार्रवाई**

# 42 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जुतवाई, 30-35 किसानों को करोड़ों का नुकसान

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बंडा के फ़गुनिहाई गांव में स्थानीय वन विभाग और एसडीएम पुवायां के नेतृत्व में बुधवार को करीब 19.04 हेक्टेयर (लगभग 42 एकड़) खड़ी गेहूं की फसल को जुतवा दिया गया। यह कार्रवाई अवैध कब्जे वाले वन भूमि पर की गई, जिसमें बलजीत सिंह, दारा सिंह, लखविंदर सिंह, सतनाम सिंह, बिट्टू, संतोष सिंह, मंगा सिंह, बिंदर सिंह, संजीत सिंह सहित 30 से 35 किसानों के खेत शामिल थे। चार ट्रैक्टरों और तीन जेसीबी मशीनों से फसल को जुतवाकर नेस्तनाबूद कर दिया गया, जिससे प्रभावित किसानों को अनुमानित लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

**कार्रवाई का कारण:** वन भूमि पर अवैध खेती जानकारी के अनुसार, यह भूमि वन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन किसानों के अनुसार उनके दादा परदादा इस जमीन पर फसलें उगाते आ रहे हैं। वर्ष 1952 से 42 एकड़ जमीन का एक पट्टा हुआ था जिस पर 30 से 35 किसानों के नाम दर्ज हैं । तब से किसान यहां गेहूं की फसल उगा रहे थे। वन विभाग ने इसे अवैध अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई की। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि यह अभियान उच्च अधिकारियों के आदेशों के अनुपालन में चलाया गया है, ताकि वन क्षेत्र को बचाया जा सके। हालांकि, किसानों का आरोप है कि उन्हें पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया, न ही कोई लिखित अथवा मौखिक सूचना दी गई जिससे वे फसल की जुताई को तैयार नहीं थे फिर भी अधिकारियों के सामने किसान बेबस नजर आए।

**किसानों में रोष**

फसल का नुकसान होते देख प्रभावित किसान आंसू बहाते नजर आए। बलजीत सिंह ने कहा, हमारी पूरी मेहनत बर्बाद हो गई। गेहूं की फसल कटाई के चंद दिन दूर थी, अब हमारे परिवार कैसे जीवित रह सकेंगे अन्य किसानों ने वन विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी दी है। क्षेत्रीय किसान संगठनों ने भी इसकी निंदा की है और मुआवजे की मांग उठाई है।

**प्रशासन की सफाई, कानूनी कार्रवाई अनिवार्य**

एसडीएम चित्रा निर्वाल ने स्पष्ट किया कि कई बार किसानों को इस बारे में बताया गया था लेकिन किसानों ने अनदेखी की। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, यह भूमि संरक्षित वन क्षेत्र का हिस्सा है और यहां खेती करना कानूनन प्रतिबंधित है। कार्रवाई में कोई राजनीतिक दबाव नहीं था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह जरूरी था। यह घटना क्षेत्र के किसानों में असमंजस पैदा कर रही है। क्या यह कार्रवाई वन संरक्षण के नाम पर किसानों के हक छीनने का प्रयास है या सख्त कानूनी अमल?

# बस न रोकने पर यात्री ने बस को स्कूटी दौड़ाकर रोका, बीच सड़क पर गाली-गलौज



- ई-बस संचालन ठप्प, चालक-परिचालक ने लगाया अभद्रता का आरोप
- बसों का संचालन बंद होने से यात्रियों को उठानी पड़ रही दिक्कतें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ई-बस न रोकने को लेकर मंगलवार की सुबह यात्री व बस चालक परिचालक के बीच गहमागहमी हो गई और गाली गलौज के साथ मारपीट तक नौबत आ गई। जिससे नाराज बस चालक, परिचालकों ने बसों को हरदोई बस स्टैंड पर खड़ा कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अचनाक ई-बस सेवा बंद होने से यात्रियों को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। जानकारी पर सिटी बस प्रबंधन की ओर से संज्ञान लिया गया। चालको व परिचालकों से वार्ता कर बसों का संचालन कराया गया। बता दें कि मंगलवार को रोजा से ई-बस रोडवेज बस स्टैंड के लिए आ रही थी, तभी वहां पर खड़े एक व्यक्ति द्वारा बस को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया गया, जब बस नहीं रुकी तो उक्त व्यक्ति ने स्कूटी दौड़ाकर रोका गया और आपस में गाली गलौज भी हुई। जिसके बाद बसों का संचालन बंद करके सभी चालक परिचालक एकत्रित होकर एसपी आफिस पहुंचे। जहां से इन लोगों को तहरीर के लिए थाना भेजा गया। रोजा थाना में चालक हरिओम व परिचालक अनुज ने इंसेक्टर को तहरीर देकर बताया कि रेती क्षेत्र के रहने वाले एक यात्री द्वारा बस को रोकने के लिए स्कूटी बस के आगे लगाकर गाली गलौज कर अभद्रता की गई है। गाड़ियां न चलने की धमकी भी दी गई है। यात्री द्वारा एक साथी को बुलाकर भी अभद्रता की गई है। जिसके वीडियो रिकॉर्डिंग बस में है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उधर यात्री ने सारे आरोपों को निराधार बताया है। बोले कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। बस रोकने के लिए स्कूटी से बस का पीछा किया था।

> सिटी बस प्रबंधक मो. हुमायूँ लारी ने बताया कि एक मामला यात्री से हो गया था। जिसमें यात्री द्वारा हाथ दिया गया तो बस कंडक्टर किसी वजह से देख नहीं पाया, जिससे नाराज यात्री ने बस को आगे जाकर रोका और आपस में गाली गलौज भी हुआ था। रोजा थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके बाद आपसी समझौता होने की बात सामने आ रही है। बसों का संचालन 12 बजे के बाद शुरू करा दिया गया था।

# क्षत्रिय करणी सेना ने यूजीसी काले कानून के खिलाफ किया प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षत्रिय करणी सेना ने यूजीसी का विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मंगलवार को क्षत्रिय करणी सेना ने राजीव चौक पर एकत्रित होकर यूजीसी को काला कानून बताते हुए प्रदर्शन किया उसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम चित्रा निर्वाल को दिया। दिए हुए ज्ञापन में बताया कि यूजीसी द्वारा प्रस्तावित नियमों के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था में वर्ग आधारित विशेष प्रावधानों को ओर अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे समान शिक्षा प्रणाली प्रभावित हो रही है। तथा सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव की स्थिति उतपन्न हो रही है। नए नियमों के कारण सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को शिकायत दर्ज कराने में निष्पक्ष जांच तथा संरक्षण के मामले में समान अवसर नही मिल पा रहा है इसलिए यूजीसी के द्वारा लागू किए गए नए नियमो को वापस लिया जाए, सभी वर्गों के छात्रों के लिए समान शिकायत, निवारण प्रणाली लागू की जाए, शिक्षण संस्थानों में जाति, वर्ग, धर्म एवं लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव समाप्त किया जाए, नई शिक्षा नीति में सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किया जाए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह ने बताया कि अगर हम सभी सवर्णों की ये मांगे पूरी नही की गई तो सवर्ण समाज 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने बालों में क्षत्रिय करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह, जिला संयोजक राजपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सिंधौली हरिनंदन सिंह, राघवेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, पुनीत मिश्रा, राजीव सिंह, प्रताप सिंह, विपिन कुमार, अरविंद अमित सिंह, शिवम सिंह, दुर्गेश सिंह आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो सप्ताह में दावे एवं अद्यतन विवरण डीएम कार्यालय में प्रस्तुत करें

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि एन्युटी भुगतान के लिए पात्र जनपद की सभी धार्मिक संस्थाए, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हो और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्यूटी प्राप्त करना चाहती है। वह उक्त विज्ञप्ति की प्रकाशन की तिथि से अगले 2 सप्ताह के अंदर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण-कैसिंल चैक,पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति, संस्था विवरण डीएम कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि संबंधित धार्मिक संस्था एन्युटी लेने की इच्छुक नहीं है और उसकी सूचना शून्य मानी जाएगी।

# इंस्टाग्राम पर हुई मोहब्बत ने युवक को पहुंचाया सलाखों के पीछे

- नाबालिग किशोरी 17 से वन स्टॉप सेंटर पर, 10 दिन से आरोपी युवक पुलिस हिरासत में
- आरोपी को छुड़वाने के लिए दो युवकों ने ठगे डेढ़ लाख, पीड़िता के कोर्ट में हुए बयान का अवलोकन कर होगी कार्रवाई: कोतवाल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदलते ही प्रेमी युगल फरार हो गया । दलित हिन्दू लड़की और समुदाय विशेष का लड़का होने के चलते पहले लड़की पुलिस के हवाले कर दी गई । रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को भी हिरासत में ले लिया । जो परिजनों के मुताबिक बीते दस दिन से थाने की हवालात में रखा गया है। वहीं युवक को छुड़ाने के एवज में दो युवकों द्वारा डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लेने का आरोपी के मजदूर पिता ने आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित नाबालिग किशोरी को इंस्टा पर प्रेम प्रसंग के चलते समुदाय विशेष का एक युवक बीती 28 जनवरी को भगा ले गया था। जिसकी पीड़ित पिता ने नगर के मोहल्ला नजर पुर निवासी सलीम समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी । इसी क्रम में एक फरवरी को उक्त लड़की नाटकीय ढंग से कोतवाली पुलिस के हवाले कर दी गई। जिसे पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेज दिया । जो मंगलवार यानी 17 वें दिन तक सेंटर पर ही है । जबकि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी युवक को भी दस दिन पूर्व परिजनों ने पुलिस के हवाले कर दिया था । जिसे मंगलवार को 10 वें दिन तक पुलिस हिरासत में रखने का परिजनों ने आरोप लगाया गया है। आरोपी युवक के पिता अलीहसन ने बताया कि उसी के मोहल्ले के हाशिम तथा खैरपुर निवासी अरमान ने उससे लड़के सलीम को थाने से ही मामला रफा दफा कर छुडबाने की कहकर डेढ़ लाख रुपए की मांग की । वह मजदूरी / बेलदारी का काम करता है । उसने रिश्तेदारों से उधर रकम लेकर तथा घर की चीज वस्त गिरवीं डालकर एक बार एक लाख तथा दूसरी बार 50 हजार रुपए हाशिम व अरमान को दिए थे । बकौल अली हसन उसका बेटा पिछले कई दिन से हवालात में रखे जाने पर उसने जब उक्त दोनों से बेटे को छुड़वाने या उसकी रकम वापस करने को कहा तो उक्त दोनों आज कल छोड़े जाने की कहकर टाल मटोल करते रहे। अलीहसन ने बताया कि उसका बेटा तो जयपुर में सिलाई का काम करता था। वह कैसे उस लड़की के चक्कर में आया इसकी उसे कोई जानकारी नहीं है। सलीम मंगलवार को दसवें दिन तक उसका बेटा पुलिस के कब्जे में है। वहीं हाशिम व अरमान रुपए बापस न करने और धमकी देकर उसे परेशान कर रहे हैं । यह कहते कहते पीड़ित पति पत्नी बिलख पड़े और बोले बेटा भी नहीं छुटा और जैसे तैसे जुटा कर दी गई डेढ़ लाख की रकम भी चली गई। विडंबना यह है कि कई कई दिन लोगों को हिरासत में रख कर मानवाधिकार कानून की धज्जियां उड़ाई जाने के बाद भी आयोग भी उक्त मामलों का संज्ञान लेने की जहमत नहीं उठा रहा है। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया संबंधित मामले की पीड़िता नाबालिग है। जबकि आरोपी युवक बालिग है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के कोर्ट में बयान हो गए है। बयानों का अवलोकन कर कार्यवाही की जाएगी।

# श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में प्रवाहित हुई ध्यान, भक्ति और साधना की त्रिवेणी

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की ध्यान साधना
- दूसरे चरण में पूर्व राष्ट्रपति सहित देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**

श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के दूसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से पधारे सहस्रों अभ्यासी एकात्म भाव से ध्यान में लीन होकर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की मंगल कामना करते दिखाई दिए। सम्पूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना के आलोक से आलोकित हो उठा।

इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में बाबूजी महाराज के वचनों का स्मरण कराते हुए कहा कि आत्मा अपनी जंजीरों से मुक्त होना चाहती है, और यही सर्वोच्च स्तर की महत्वाकांक्षा का स्वरूप है। हम वही बनना चाहते हैं, जो वास्तव में हम हैं, किंतु जिसे हम विस्मृत कर बैठे हैं। बाबूजी महाराज ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि हमारा लक्ष्य ईश्वर के साथ



पूर्ण रूप से एकमय होना है और जब तक ध्येय की प्राप्ति न हो, तब तक विश्राम नहीं करना चाहिए। लक्ष्य के प्रति जागरूकता बनी रहे तो आलस्य स्वयं ही पराजित हो जाता है। ध्यान सत्र के उपरांत मिशन के अभ्यासी एवं ख्यातिलब्ध भजन गायक चरन प्रीत ने अपने मधुर स्वर और संगीत से सजा दो घर गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं तथा लालाजी की याद में हम सब खो जाएँ जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और अध्यात्म की रसधारा में सराबोर हो उठा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, सुयश सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, सहित अनेक साधकों का सराहनीय योगदान रहा।

### बसंत उत्सव में शामिल होने रामचन्द्र मिशन आश्रम पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पुष्पगुच्छ भेंटकर किया दाजी का अभिनंदन



शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में आज देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अपने तीन दिन के प्रवास पर ध्यान साधना करने पहुंचे। रिलायंस में बने हैलीपैड में जब उनका हैलीकॉप्टर पहुंचा तो यहां जिला अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। यहां से पूर्व राष्ट्रपति भारी काफिले के साथ आश्रम पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका मिशन के सचिव उमा शंकर बाजपेई,संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, राज गोपाल अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने आश्रम पहुंचकर पूज्य दाजी को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने पूज्य दाजी से मुलाकात की और ध्यान किया।

### माह-ए-रमजान के दौरान नगर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दरगाह हज़रत सैयद शाह शम्सुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना प्रारंभ होने के मद्देनज़र अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर माह-ए-रमजान के दौरान नगर क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की है। 19 फरवरी से रमजान उल मुबारक का महीना शुरू हो रहा है। इस पवित्र माह में बड़ी संख्या में लोग सहरी, इफ्तार और तरावीह की नमाज के लिए मस्जिदों में पहुंचते हैं। ऐसे में नगर पालिका से मांग है कि मस्जिदों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए, नालियों की नियमित सफाई कराई जाए और कूड़ा उठान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन स्थानों पर सड़कों पर गड्ढे या क्षतिग्रस्त हिस्से हैं, उन्हें समय रहते दुरुस्त कराया जाए तथा रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए और बिजली व्यवस्था सुचारु रखी जाए। इसके अतिरिक्त मस्जिदों के आसपास आवारा पशुओं को हटवाने की भी मांग की गई है, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने अधिशासी अधिकारी से अनुरोध किया है कि उपरोक्त व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित कराई जाएं, जिससे रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना नगर में शांति, स्वच्छता और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हो सके।

### आर्य समाज में दयानंद वोध रात्रि पर्व पर आचार्य का उद्बोधन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** आर्य समाज में दयानंद वोध रात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य चंदन मित्र ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने सती प्रथा, छुआछूत, बाल विवाह आदि सामाजिक कुरीतियों के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि नारी शिक्षा, विधवा विवाह के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। देश को स्वाधीन कराने में क्रांतिकारियों के बलिदानों का श्रेय भी उन्हें जाता है। वेदों का प्रचार प्रसार करते हुए उन्होंने अपने कालजयी ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश की रचना करके समाज का बहुत बड़ा उपकार किया। पतंजलि योग पीठ के अंतर्राष्ट्रीय योग प्रचारक आचार्य विवेकानंद ने वेद मार्ग पर चलने का आवहान करते हुए स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने योग क्रियाओं का भी प्रदर्शन किया। गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के प्रबंधक प्रणव शास्त्री और कन्या गुरुकुल के प्रबंधक अनुभव आर्य ने आर्य समाज के कार्यों को और अधिक गतिशील बनाने का आवाहन किया। भजनोंपदेशक संत कुमार आर्य और सत्यव्रत आर्य ने भजनों के माध्यम से स्वामी दयानंद के जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों से आर्य समाज के निकट आने की अपील की। मल्लखंब के नेशनल एथलेटिक्स आनंद कुमार ने भी अपने करतव दिखलाए। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रचारकों और कार्यकर्ताओं को आर्य समाज की ओर से पुष्प मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में आर्य समाज के प्रधान सत्य प्रकाश आर्य और मंत्री लोकेश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। समापन पर सह भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के ब्रह्मचारी, ओम प्रकाश आर्य, दासीराम, सर्वेश आर्य, रविंद्र आर्य, कटरा आर्य समाज के मंत्री वीरेंद्र आर्य, कैलाश चंद्र , अशोक रस्तोगी, अरुण रस्तोगी, नन्हेंलाल, सर्वेंद्र कुमार, मानसी आर्य, ज्योति आर्य, विमला आर्य सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शाहजहांपुर के आंगनवाड़ी खाद्यान्न में घोटाले की आशंका!

- स्वयं सहायता समूह को हटाकर सीधी सप्लाई, फर्जी वितरण का बड़ा आरोप

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड खुदागंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमौरा में आंगनवाड़ी खाद्यान्न वितरण को लेकर बड़ा और गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। मामले ने तूल पकड़ लिया है और शिकायत सीधे उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंच चुकी है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की आवाज बुलंद की है। 5 माह से नियमों को दरकिनार कर बदली गई व्यवस्था ग्राम पंचायत सिमौरा में आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए खाद्यान्न उठान का कार्य पूर्व में राधा रानी स्वयं सहायता समूह द्वारा



नियमानुसार किया जाता था। समूह गोदाम से खाद्यान्न उठाकर उसे आंगनवाड़ी सहायिका को विधिवत सुपुर्द करता था। लेकिन आरोप है कि अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक बिना किसी लिखित आदेश के इस व्यवस्था को एकतरफा बदल दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी, विकास खण्ड कटरा द्वारा समूह को पूरी तरह हटाकर सीधे आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती नन्ही देवी को खाद्यान्न उठान की अनुमति दे दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय पूरी तरह नियमविरुद्ध, अपारदर्शी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए लिया गया। केंद्र सिमौरा में, वितरण जिगनिया के मजरा सिमौरी में मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि ग्राम पंचायत सिमौरा में आंगनवाड़ी केंद्र होने के बावजूद खाद्यान्न वितरण ग्राम पंचायत जिगनियां के मजरा सिमौरी में किया गया, जो संबंधित सहायिका का निवास स्थान बताया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इससे वास्तविक लाभार्थियों को वंचित किया गया और वितरण प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया गया। 30 प्रतिशत परिवार पलायन पर, फिर भी 100 प्रतिशत वितरण दर्शाया गया शिकायत के अनुसार, ग्राम पंचायत के लगभग 30 प्रतिशत लाभार्थी परिवार सितंबर 2025 से राजस्थान में ईंट भट्ठों पर कार्य करने के लिए पलायन कर चुके हैं। इसके बावजूद रिकॉर्ड में शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण दर्शाया गया है। ग्रामीणों ने इसे फर्जीवाड़े की पराकाष्ठा बताते हुए आरोप लगाया है कि कागजों में पूर्ण वितरण दिखाकर खाद्यान्न का बंदरबांट किया गया है। यदि जांच में यह सत्य पाया जाता है, तो यह गरीबों के हक पर सीधा प्रहार और सरकारी योजनाओं के साथ खुला खिलवाड़ माना जाएगा। प्रधान सत्यवीर और सरदवीर के समर्थन में ग्रामीण ग्राम प्रधान सत्यवीर और सरदवीर के पक्ष में बड़ी संख्या में ग्रामीण खुलकर सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान द्वारा जनहित में आवाज उठाई जा रही है और अनियमितताओं को उजागर करने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रधान और जागरूक नागरिक आवाज न उठाते तो यह मामला दबा दिया जाता। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शिकायतकर्ताओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से बचाया जाए और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

### मुख्यमंत्री से कड़ी कार्रवाई की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को प्रेषित शिकायत में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।
ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला सरकारी योजनाओं की साख पर गहरा आघात करेगा और भ्रष्टाचार को खुली छूट देगा। अब सबकी नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।
क्या जांच की आंच में सच सामने आएगा।
क्या दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।
सिमौरा से उठी यह आवाज अब पूरे ब्लॉक में चर्चा का विषय बन चुकी है।

# पालिका में आरआई व सभासद में हुई मारपीट ने पकड़ा तूल

- कोतवाली पहुंचीं चेयरपर्सन हाजरा बेगम व ईओ के साथ, आरआई ने दी तहरीर
- सभासद ने भी तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका के आरआई व एक सभासद में हुआ विवाद इतना तूल पकड़ गया कि दोनों पक्षों ने कोतवाली में परस्पर आरोप लगाते हुए तहरीरें दी हैं। आरआई ने जहां गाली गलौज कर जूता मारने का आरोप लगाया। वहीं सभासद का आरोप है कि उनके रिश्तेदार की फर्म से हुए कार्य के भुगतान की बाबत आरआई ने उनसे



कमीशन की मांग की। मंगलवार अपरान्ह तीन बजे चेयरपर्सन हाजरा बेगम व ईओ सतेंद्र प्रकाश के सानिध्य व पालिका स्टाफ के साथ कोतवाली पहुंचे आर आई सुशांत कुमार ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब साढ़े बजे वह कार्यालय में अपने कार्यों को संपादित कर रहे थे। इसी दौरान सभासद सत्येंद्र सिंह ने पालिका कर्मचारी को भेज कर मुझे मुख्य कार्यालय के सामने बुलाया। सुशांत सिंह का आरोप है कि जैसे ही वह सभासद के पास पहुंचे कि सभासद सत्येंद्र सिंह उनके साथ गाली गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सिंह कांट्रक्शन के नाम की पेमेंट की फाइल मांगी। अलमारी चाबी न होने की बात कहते हुए फाइल देने में असमर्थता जताई। आरोप है कि इस पर सभासद सत्येंद्र सिंह उग्र हो गए और उनके ऊपर जूते से प्रहार कर गाली दी । उन्होंने घटना की जानकारी चेयरपर्सन हाजरा बेगम एवं ईओ सत्येंद्र प्रकाश को दी। चेयरपर्सन व ईओ के सानिध्य में लामबंद पालिका कर्मचारी कोतवाली पहुंचे। ईओ सत्येंद्र प्रकाश की ओर से सभासद सत्येंद्र सिंह के खिलाफ चेयरपर्सन ने इंस्पेक्टर क्राइम को तहरीर दी।

उधर सभासद सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वह केवल भ्रष्टाचार को लेकर विरोध करते हैं। जिससे अधिकारी उनसे नाराज है। इसके बाद सभासद सतेंद्र सिंह ने आरआई के खिलाफ कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। सभासद ने पुलिस को बताया कि उनकी लड़ाई केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि वह अपने रिश्तेदार नीलम सिंह की फर्म सिंह कांट्रक्शन द्वारा नगर पालिका की ओर से कराए गए कार्य के पेमेंट की जानकारी करने आरआई के पास गए थे। आरोप कि कि भुगतान करने के एवज में सुशांत कुमार ने उनसे 20 हजार रुपए कमीशन की मांग की। कमीशन देने से मना करने पर सुशांत कुमार ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर सुशांत कुमार एवं पालिका के तीन चार अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिली है। घटनाक्रम का उच्चाधिकारियों को संज्ञान कराया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### जलालाबाद तहसील में हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने दो ढोंगी साधुओं को भिक्षाटन करते हुए पकड़ा

- पूछताछ करने पर ढोंगी भाग गए

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** जलालाबाद तहसील परिसर में हिंदूवाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो ढोंगी साधुओं को भिक्षाटन करते हुए पकड़ा। ढोंगियों की झोली में एडिट किए हुए आधार कार्ड मिले। ढोंगियों से गायत्री मंत्र सुनाने को कहा तो दोनों साधु बगले झांकते हुए भाग निकले। आजकल साधुओं के भेष में चोर भी दिन में भिक्षाटन करते और रात्रि में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे ही दो साधु जलालाबाद तहसील परिसर में भीख मांगते हुए देखे जाने पर कुछ हिंदूवादी लोगों ने उनसे पूंछताछ शुरू की। उन्होंने पंजाबी भाषा में प्रिंट आधार कार्ड दिखाए। लोगों को संदेह



तब हुआ,जब 50 वर्ष की आयु वर्ग के दिखने वाले इन साधुओं के आधार कार्ड पर 25 वर्ष आयु अंकित थी। हिंदूवादी संगठन के लोगों ने साधुओं से गायत्री मंत्र सुनाने को कहा तो वे बगले झांकते लगे। खुद को भगवान शंकर का भक्त बताने वाले साधुओं से शंकर भगवान का कोई श्लोक सुनाने को कहा, तभी दोनो भागने लगे। कुछ लोगों ने साधु भेष धारियों दोनों ढोंगी साधुओं को छोड़ देने की बात कहते हुए भाग जाने दिया। जलालाबाद नगर में तहसील परिसर में ढोंगी संतों के भिक्षाटन करने की चर्चाएं आम हैं।

## खबरें एक नजर में

### बीआरसी परिसर में 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन, नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**पूरनपुर, पीलीभीत (समृद्धि न्यूज़)।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने और जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह रहीं। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि बचपन की शिक्षा बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की नींव होती है। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य बच्चों को पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी समझ प्रारंभिक स्तर पर ही सुदृढ़ करना है। ताकि आगे की शिक्षा सरल और प्रभावी हो सके। ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच हैं। हमारा आंगन, हमारे बच्चे जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व से जोड़ते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कविताएं, बाल गीत और छोटी-छोटी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित अभिभावक भावविभोर हो उठे। बच्चों की आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि सही मार्गदर्शन और वातावरण मिलने पर वे बड़ी आसानी से सीख सकते हैं।

### पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त ठहरने-भोजन की व्यवस्था की



**पूरनपुर, पीलीभीत।** पूरनपुर नगर पालिका चेयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता ने दूर दराज से आने वाले बोर्ड परीक्षा के छात्र छात्राओं के लिये एक अनूठी पहल की जिसकी लोग काफी प्रशंसा करते थक नही रहे है, पूरनपुर नगर पालिका में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए नि:शुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। पालिका अध्यक्ष ने 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए यह पहल की है। यह सुविधा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले उन छात्रों के लिए है, जिन्हें परीक्षा के दौरान ठहरने और भोजन की समस्या का सामना करना पड़ता है।परीक्षार्थियों के लिए नगर पालिका में नि:शुल्क ठहरने का इंतजाम किया गया है, इसके साथ ही छात्रों को नि:शुल्क भोजन, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी, जो पूरी तरह मुफ्त होंगी। इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। इस पहल पर शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उन्हें छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाली परेशानियों का अनुभव है। उन्होंने बताया कि छात्रों के रहने, भोजन और जलपान की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है ताकि वे बिना किसी चिंता के अपनी परीक्षाएं सुचारु रूप से दे सकें और सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय पृथ्वीपुर-कलान में उपजिलाधिकारी ने कम्प्यूटर लैब का किया उद्घाटन

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**

जिले की कलान तहसील के पूर्व माध्यमिक पृथ्वीपुर (कलान) में नेचर बायो फूडस कलान किसान परियोजना के द्वारा पांच कम्प्यूटर प्रदान किए गए। जिसका उदघाटन उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्णपाल सिंह,विद्यालय प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष वीरभान, इको लाइफ़ फाउंडेशन के अध्यक्ष नवरत्न सिंह एवं नेचर बायो फूडस के क्षेत्रीय प्रबन्धक रवि राजौरा सहित छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा भविष्य में सफलता की कुंजी है। कंप्यूटर से छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। अन्त में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ऐराज मियां ने छात्रों को कंप्यूटर के




माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए सहयोग करने वाले क्षेत्रीय प्रबन्धक रवि राजौरा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कम्प्यूटर शिक्षिका विभा शर्मा,इको लाइफ़ फाउंडेशन के सदस्य राजवीर सिंह,नक्षत्र पाल,अंकित गुप्ता सहित छात्रों के अभिभावक आदि संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 75वें स्थापना दिवस पर शाहजहांपुर के प्रगतिशील किसान सरताज खान सम्मानित

**शाहजहांपुर।** जनपद के प्रगतिशील किसान सरताज खान को 16 फरवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 75वें स्थापना दिवस समारोह में उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों एवं नव प्रयोगों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग, उन्नत गन्ना प्रजातियों के सफल उत्पादन तथा वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रदान किया गया। समारोह में निदेशक डॉ. दिनेश सिंह, पूर्व कुलपति सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय डॉ. के.के. सिंह, डॉ. टी. दामोदर, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. सुधीर शुक्ल सहित अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों की



गरिमामयी उपस्थिति में सरताज खान को स्मृति-चिह्न, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। उपस्थित वैज्ञानिकों ने उनके प्रयासों को सराहनीय बताते हुए कहा कि नवाचार और वैज्ञानिक खेती ही भविष्य की कृषि को मजबूत बनाएगी।सम्मान प्राप्त करने के बाद सरताज खान ने परिषद के समस्त अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

# ओवरऑल चैंपियन बना शाहजहांपुर, खिलाड़ियों की चमक से चमका स्वर्ण जयंती स्टेडियम

- राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने किया समापन, खिलाड़ियों और शिक्षकों के समर्पण को बताया राष्ट्र निर्माण की नींव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्ण जयंती स्टेडियम ओसीएफ में आयोजित दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मिथिलेश कुमार राज्यसभासांसद ने खिलाड़ियों के उत्साह, शिक्षकों के समर्पण और ग्रामीण प्रतिभाओं की अद्भुत क्षमता की सराहना करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहजहांपुर जनपद ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जिससे पूरे जनपद में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। विजेता खिलाड़ियों की आंखों में चमक, चेहरे पर मुस्कान और हाथों में ट्रॉफी-यह दृश्य हर उपस्थित व्यक्ति के हृदय को भावुक कर गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में बालिका इंटर कॉलेज और कस्तूरबा विद्यालयों की स्वीकृति दिलाकर बालिकाओं की शिक्षा को मजबूत किया है, और यदि परिषदीय विद्यालयों को हाईटेक शिक्षा के लिए किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो शिक्षक



प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिस पर वे प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार प्राथमिक शिक्षा में अभूतपूर्व सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा छिपी होती है, जिसे निखारने के लिए न्याय पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक आयोजित होने वाली बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं एक मजबूत मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने शिक्षकों को इस सफलता का असली नायक बताते हुए कहा कि बच्चों को तैयार करने में उनका योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक है। समारोह के दौरान सांसद मिथिलेश कुमार ने ओवरऑल चैंपियन शाहजहांपुर की टीम तथा व्यक्तिगत चैंपियन खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल खिलाड़ियों बल्कि उनके शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण अंचल के बच्चे भी अपनी प्रतिभा से इतिहास रच सकते हैं।प्रतियोगिता की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का विवरण प्रस्तुत करते हुए चारों जनपदों के प्रतिभागियों शिक्षकों और बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन सभी के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर पीलीभीत, बदायूं, बरेली और शाहजहांपुर के 1080 बच्चों ने प्रतिभाग किया साथ ही बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या, बीईओ भावलखेड़ा विनय मिश्रा, जलालाबाद बीईओ शाहीन सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों में रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, अंकुर त्रिपाठी, मैथिल, नीतू आर्या, रजनी बाला, गीता सहित अनेक शिक्षक साथियों की सक्रिय भागीदारी रही। स्काउट बैंड एवं व्यवस्थाओं में स्काउट मास्टर दपिंन्दर कौर एवं गाइड निकहत परवीन का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में जिला व्यायाम शिक्षक राम प्रसाद, डॉ. विनय गुप्ता, राहुल तोमर, राजीव मिश्रा, सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

## किशोरियों में बढ़ता फ्रेंड विद बेनिफिट कल्चर

भारत के सामाजिक परिदृश्य में एक बेचैन कर देने वाला बदलाव तेजी से उभर रहा है और उसकी सबसे मार्मिक झलक उस घटना में दिखाई देती है जिसमें 15 वर्ष की एक छात्रा गर्भवती पाई गई। डॉक्टर ने जब उससे पूछा कि बच्चा किससे हुआ है, तो उसका उत्तर था, 'पता नहीं... कई थे।' यह घटना कोई सनसनीखेज अपवाद नहीं, बल्कि हमारे समय की एक गहरी और अनदेखी सामाजिक सच्चाई का संकेत है। उस किशोरी ने स्वीकार किया कि महंगे फोन, रिचार्ज, आउटिंग और कूल लाइफस्टाइल की चाह में वह कई लड़कों के साथ फ्रेंड विद बेनिफिट जैसे संबंधों में रही। उसके शब्द सिर्फ एक लड़की की व्यक्तिगत त्रासदी न होकर उस परिघटना का रूपक हैं जो भारत के 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में तेजी से आकार ले रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के आंकड़ों के अनुसार नाबालिगों पर होने वाले यौन अपराधों में अधिकांश अपराधी परिचित होते हैं। इनमें मित्र, पड़ोसी, रिश्तेदार, ऑनलाइन साथी और स्कूल-कॉलेज के परिचित शामिल रहते हैं। यह एक असहज सत्य की ओर संकेत करता है कि खतरा किसी बाहरी व्यक्ति से नहीं, बल्कि बच्चों की उसी दुनिया से आता है जिसे हम सुरक्षित मानते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों में भी यह संकेत मिलता है कि शहरी भारत में किशोरियों के शारीरिक संबंधों की प्रथम आयु 13 से 15 वर्ष के बीच खिसक रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण एशिया अध्ययन के अनुसार 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बड़ी संख्या में लड़कियां इंटरनेट आधारित यौन सामग्री देखती हैं और वेब सीरीज तथा सोशल मीडिया के प्रभाव में आकर संबंध बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ये तथ्य बताते हैं कि यह समस्या केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संरचनात्मक और बहुस्तरीय है। आज का किशोर भौतिक संसार से कम और वर्चुअल संसार से अधिक प्रभावित है। इंस्टाग्राम, रील्स, ओटीटी और डेटिंग एप्स अब मनोरंजन के साधन नहीं रहे, बल्कि किशोर मन की संरचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख माध्यम बन चुके हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अध्ययन बताते हैं कि 13 से 17 वर्ष की आयु में मस्तिष्क का प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स पूरी तरह विकसित नहीं होता। इसी कारण आवेग नियंत्रण कम रहता है और जोखिम लेने की प्रवृत्ति अधिक होती है। जब ऐसे मस्तिष्क पर रोज़ डिजिटल उत्तेजना की बाढ़ पड़ती है, तो परिणाम सीमाओं के टूटने, नैतिकता के धुंधलाने और जोखिमपूर्ण संबंधों के सामान्यीकरण के रूप में सामने आते हैं। लगातार मिल रहे लाइक्स, व्यूज और मैसेज किशोरों के मन में त्वरित संतुष्टि की आदत पैदा करते हैं और धीरे-धीरे रिश्ते अनुभव, शरीर वस्तु और सीमाएँ पुरानी अवधारणाएँ बनती जाती हैं। यही वह डिजिटल सबवर्शन है जो पहले मन को प्रभावित करता है और फिर व्यवहार को अपने वश में कर लेता है। परिवार की भूमिका भी इस बदलाव में महत्वपूर्ण हो गई है। शहरों में कई माता-पिता यह मान बैठे हैं कि बच्चों को महंगी सुविधाएँ देना ही पालन-पोषण का अंतिम रूप है, जबकि सुविधा देना और उपस्थित रहना दोनों अलग बातें हैं। जब संवाद कम हो जाता है तो उसके स्थान पर पीयर ग्रुप, इन्फ्लुएंसर संस्कृति, ओटीटी की कहानियां और सोशल मीडिया की छवियां बच्चों के मूल्य तय करने लगती हैं।

# अमरीका का ट्रम्प कार्ड और पाकिस्तान की छटपटाहट

अगर कहा जाए कि मौजूदा अमरीका के पास 'ट्रम्प कार्ड' है जो कब चल दे, कोई नहीं जानता, तो गलत नहीं होगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का तल्खी भरा कहें या दर्द भरा बयान यही बताता है। गत दिवस वह नैशनल असैंबली में अमरीका की पाकिस्तान के प्रति भूमिका पर बोलते समय कुछ ऐसा बोल गए, जिसकी चर्चा इन दिनों पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि अमरीका ने पाकिस्तान का अपने सामरिक हितों के लिए हमेशा इस्तेमाल किया, उसके बाद टॉयलेट के पेपर जैसा छोड़ दिया। निश्चित रूप से इतना तो समझ आता है कि भारत के साथ हुई ट्रेड डील के बाद पाकिस्तान में बेचैनी जरूर दिख रही थी। अन्दरूनी तौर पर पाकिस्तान इतना घबराया हुआ और परेशान होगा, यह लगता नहीं था। अमरीका ने इस्लाम के खिलाफछेड़ा कर अपना मतलब साध लिया और स्वार्थी पाकिस्तान समझते हुए भी अनजान बना रहा। जब भारत से अमरीका की चंद दिनों पहले की नजदीकी समझ आई तो दर्द छलकने लगा। पाकिस्तान अच्छे से समझता था कि अफगानिस्तान की जमीन पर लड़े गए दो युद्ध न तो इस्लाम के हित में थे न ही मजहब से प्यार करने वालों के। हकीकत में ये दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमरीका के स्वार्थ से जुड़े थे, जो वास्तव में एक सुपरपावर की रणनीतिक जंग थी। निश्चित रूप से अब लगने लगा है कि पाकिस्तान-अमरीका के बीच मुनीर और शहबाज शरीफके चापलूसी भरे रिश्ते पर भी अमरीकी राष्ट्रपति का ट्रम्प कार्ड चल गया है। खिसियाए पाकिस्तान और उसके रक्षा मंत्री के बयान के बाद, अब अंतर्राष्ट्रीय मायने चाहे जो निकाले जाएं लेकिन यह समझ आने लगा है कि पाकिस्तान की स्थिति 'उगलत लीलत पीर घनेरी' जैसी हो गई है, जाए तो जाए कहां? हालांकि ख्वाजा आसिफ अब मानते हैं कि पाकिस्तान ने सोवियत संघ के खिलाफ और 2001 के बाद अमरीका के नेतृत्व वाले युद्धों में भाग लिया था जो धार्मिक जेहाद कतई नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह राजनीतिक लाभ और दुनिया की बड़ी शक्तियों का समर्थन प्राप्त करने बाबत था। आर्थिक रूप से टूट चुके और एक तरह से आंतरिक युद्ध के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान को पहले ही समझना था कि ज्यादा मिठास में कीड़े पड़ जाते हैं। बहरहाल मौजूदा दौर में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ट्रम्प की चापलूसी कर-कर के बनाए गए संबंधों में न केवल कड़वाहट आ रही, बल्कि कीड़े भी पड़ रहे हैं। शायद पाकिस्तान यह भूल गया है कि अच्छा पड़ोसी उसका सही हितैषी होता है। लेकिन उसने तो शुरू से भारत को अपना दुश्मन मान रखा था, जिसके नतीजे अब दुनिया देख रही है कि पाकिस्तान खुद ही अपने बुने जाल में फंस कर कैसे फड़फड़ा रहा है। पाकिस्तान की बौखलाहट इसी से समझ आती है कि उसके मौजूदा हुक्मरान खुद ही अपनी पोल खोल रहे हैं। अब आसिफ द्वारा की गई आलोचना उनकी छाती पीटने वाली मानसिक स्थिति जैसी है। वे इतने परेशान और व्यग्र हैं कि पूर्व सेना प्रमुखों जनरल जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ की खुलकर आलोचना करते हुए यह कहने से भी नहीं हिचकते



कि दोनों ने अमरीका को अफगानिस्तान युद्ध के लिए अपना पोर्ट और एयरस्पेस देकर दोगलई की। दोनों ने इस लड़ाई की खातिर अपनी रीति-नीति भी बदल दी, जिसे आज पाकिस्तान भुगत रहा है। अब आसिफ को अफगानिस्तान की तबाही याद आने के साथ-साथ खुद की गलतियां भी नजर आने लगी हैं, जिसके चलते न केवल लाखों लोग प्रभावित हुए, तबाह हुए, बल्कि पीढियां भी बर्बाद हुई। वे इसे पाकिस्तान का 'यूज एंड थ्रो' बताते हुए यहां तक कहते हैं कि हकीकत में यह किराए का एक युद्ध था, जिसमें पाकिस्तान का अमरीका ने अपने सामरिक हितों के लिए खासा इस्तेमाल किया और मतलब निकलते ही छोड़ दिया। यकीनन टुकड़े फैंक कर पाकिस्तान का इस्तेमाल किया गया। क्या यह सब भारत के साथ हुई डील के बाद पाकिस्तान को समझ आया? पाकिस्तान जब झोली लेकर भीख मांगते हुए अमरीका के सामने खड़ा होता था, तब यह पुरानी बातें याद क्यों नहीं रहती थीं? जब तक उसकी झोली में अमरीकी डॉलर बतौर भीख आते रहे तो मुंह बंद रहता था। तब भी क्या पाकिस्तान इतना अनजान था? अमरीका की भारत के प्रति नरमी कहें या नए व्यावसायिक क्षेत्र में साथ आने का इशारा, उससे भी पाकिस्तान परेशान है। इधर अमरीका ने दक्षिण एशिया और पश्चिमी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, जो इ्क्षहद महासागर और प्रशांत महासागर को जोडने वाला एक महत्वपूर्ण समुद्री और भू-राजनीतिक क्षेत्र है और अफ्रीका के पूर्वी तट से अमरीका के पश्चिमी तट तक फैला है, को लेकर जैसे ही भारत को भरोसेमंद सहयोगी बताया, पाकिस्तान को मानो सांप सूंघ गया। पाकिस्तान को डर क्यों लगा क्योंकि यह विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक मार्ग और 65 प्रतिशत आबादी वाला क्षेत्र है, जो आध्थक, सामरिक और सुरक्षा दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब पाकिस्तान के हुक्मरानों को अपनी एक-एक गलती याद आ रही है। उसके कई नेता इस बात पर छाती पीटते दिख रहे हैं कि अफगानिस्तान किन नीतियों से तबाह हुआ! अब वहां संसद में खुलेआम स्वीकारा जा रहा है कि दुनिया अनजान बनकर नहीं रह सकती। निश्चित रूप से पाकिस्तान-अमरीका संबंध एक खतरनाक मोड़ पर हैं। देर आयद दुरुस्त आयद का अलाप पाकिस्तान कब तक अलापेगा और इससे होगा क्या? दुनिया जानती है कि डोनॉल्ड ट्रम्प बतौर ट्रम्प कार्ड कब कौन सी चाल चल जाएं, कोई नहीं जानता!

## सावरकर को 'भारत रत्न' देने की मांग को लेकर विवाद

हिंदू विचारक विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष और भाजपा के बीच चल रही राजनीतिक बहस को फिर से शुरू कर दिया है, जिससे उनके विचारों, विश्वासों और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका को लेकर गहरे मतभेद सामने आए हैं। इस मुद्दे ने पहली बार 2019 में बड़ा राजनीतिक तूल पकड़ा, जब भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने सावरकर को भारत रत्न देने की सिफारिश की, जबकि कांग्रेस ने इस पर तीखा हमला किया। यह मांग 2024 में भी फिर से उठी, जब शिवसेना (यू.बी.टी.) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सवाल किया कि सावरकर को भारत रत्न पुरस्कार क्यों नहीं दिया गया। 1883 में नासिक के पास भगूर में दामोदर और राधाबाई सावरकर के घर जन्मे, उनकी शुरुआती जिंदगी उत्तरजीविता और व्यावहारिक चयनों से भरी थी, जैसे कि अंग्रेजों से बातचीत करना और दया याचिकाएं दायर करना, जिसने उनकी जटिल विरासत को आकार दिया। बहुत से लोग सावरकर को भारत रत्न देने का विरोध करते हैं क्योंकि उन्होंने अंडेमान की सेलुलर जेल से अंग्रेजों को दया याचिकाएं लिखी थीं। आलोचकों का मानना है कि ये याचिकाएं सालों की कुर्बानी से ज्यादा कमजोरी दिखाती हैं। टॉर्चर खत्म करके नॉर्मल जिंदगी में लौटना इंसान की एक स्वाभाविक इच्छा है। सावरकर ने शहीद बनने की बजाय जिंदा रहना चुना। उनका मानना था कि एक जिंदा क्रांतिकारी, भले ही उसे पाबंद किया गया हो, अंडेमान में मरे हुए हीरो से ज्यादा देश के लिए कर सकता है। सावरकर ने ब्रिटिश सरकार से अपनी याचिकाओं में माफी नहीं मांगी। एक काबिल वकील होने के नाते, उन्होंने कैदियों की स्थिति पर सफाई मांगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस डरावनी जगह पर बिना यह जाने कि उन्हें आम कैदी माना जाता है या पॉलिटिकल कैदी, कैद कर दिया गया था। सावरकर को इस शर्त पर रिहा किया गया कि वह पॉलिटिक्स में शामिल नहीं हो सकते और उन्हें रत्नागिरी जिले में ही रहना होगा। सावरकर ने खुद को एक समाज सुधारक के तौर पर पेश किया जो छुआछूत को खत्म करने के लिए समर्पित थे, इस मुद्दे पर उन्होंने बहुत काम किया। हालांकि, उन्होंने क्रांतिकारी आंदोलन के लिए भूमिगत समर्थन भी बनाए रखा। उन्होंने रत्नागिरी में पतित पावन नाम का एक मंदिर बनवाया, जो सभी समुदायों और जातियों के लोगों के लिए खुला था। इस पहल से ऊंची जाति के हिंदू परेशान हो गए। हाल ही में नेहरू आर्काइव से मिले दस्तावेजों से पता चलता है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को विनायक दामोदर सावरकर को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान भारत रत्न न देने की सलाह दी थी। यह बात सावरकर की विरासत और इससे पैदा हुए राजनीतिक मतभेदों को लेकर चल रही बहस को और गहरा करती है। जून, 1963 में, नेहरू ने लिखा, ''मैं आपका वह पत्र लौटा रहा हूं जिसमें श्री सावरकर को भारत रत्न देने का सुझाव दिया गया है। हालांकि उन्होंने आजादी की लड़ाई में योगदान दिया था लेकिन बाद में वह विवादों में आ गए। मुझे नहीं लगता कि हमें यह सुझाव मानना चाहिए।'' जबकि उस समय के कई सुधारकों ने हिंदू धर्म के ढांचे के अंदर 'अछूतों' को ऊपर उठाने की कोशिश की, सावरकर एक तर्कवादी थे, जो इस ढांचे को पूरी तरह से खत्म करना चाहते थे। उन्होंने सिर्फ उपदेश नहीं दिए, उन्होंने अपनी मान्यताओं के समर्थन के लिए कदम भी उठाए। उन्होंने पतित पावन मंदिर बनवाया, जो भारत के उन पहले मंदिरों में से एक था, जहां सभी जातियों के लोगों का स्वागत किया जाता था, जिनमें उस समय अछूत माने जाने वाले लोग भी शामिल थे। एक दलित पुजारी को नियुक्त करके और अंतरजातीय खाने और शादी को बढ़ावा देकर, उन्होंने सामाजिक नियमों को चुनौती देने की कोशिश की। उनकी कोशिशों का मकसद अलग-अलग समुदायों के बीच सम्मान जगाना, बराबरी को बढ़ावा देना और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देना था। सार्वजनिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि सावरकर को गिरफ्तार किया गया था और उन पर साजिश का आरोप लगाया गया था।

विचार

# एआई समिट नयी चुनौतियां

सोमवार 16 फरवरी से नयी दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की शुरुआत हुई, जो 20 फरवरी तक चलेगी। एआई पर यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें कम से कम 20 देशों के राष्ट्रप्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 40 से ज्यादा बड़े सीईओ हिस्सा लेने आ रहे हैं। गूगल के सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डेरियो अमोडी, माइक्रोसॉफ्ट के ब्रैड स्मिथ, एडोब के शांतनु नारायण जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इन तमाम बड़ी हस्तियों की एक साथ एक बैनर के नीचे उपस्थिति यह बता रही है कि दुनिया ने एक बड़े बदलाव की तरफ कदम बढ़ा लिया है, जो ऊपरी तौर पर केवल तकनीकी से जुड़ा नजर आता है, लेकिन असल में इसका असर जिंदगी के हर हिस्से पर पड़ना शुरु हो चुका है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब हर क्षेत्र में दिखाई देने लगी है। विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यापार हर जगह अब एआई का सहयोग लिया जा रहा है। दशकों तक भू राजनैतिक आकलन बंद दरवाजों के पीछे विदेशी राजनयिकों और जांच एजेंसियों के भरोसे होता रहा, क्योंकि सरकारी दस्तावेज और अंदरूनी खबरों तक इन्हीं की पहुंच होती थी। थिंक टैंक्स, रिस्क एनालिस्ट्स (जोखिम विश्लेषकों) या मीडिया के आकलन सब राजनयिकों और जांच एजेंसियों के सूत्रों पर निर्भर होते थे। लेकिन अब एआई ने यह परिदृश्य भी बदल दिया है। अब एआई की मदद से विभिन्न देशों में लिए जा रहे फैसलों, सेटेलाइट छवियों, आयात-निर्यात, पूंजी का प्रवाह, मीडिया में चलाई जा रही खबरों सब पर निगाह रखने के साथ तुरंत ही उसका विश्लेषण भी किया जा रहा है। नतीजा ये है कि एक देश के हालात




का असर दूसरे देश पर पड़ने में पहले जितना वक्त लगता था, अब वो कुछ पलों में सिमट चुका है। ऐसे महत्वपूर्ण समय परिदृश्य में भारत में इस एआई समिट के होने के खास मायने हैं, क्योंकि दुनिया इसे ग्लोबल साउथ की बढ़ती ताकत के नजरिए से देख रही है। औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश तीसरी दुनिया कहलाते रहे हैं, अब एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका के ऐसे तमाम देश ग्लोबल साउथ का हिस्सा कहलाते हैं। ग्लोबल साउथ एक भौगोलिक शब्द न होकर भू-राजनीतिक और आर्थिक धारणा है। एआई समिट का भारत में होना तीसरी दुनिया के उन तमाम देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, जिनके डेटा तक वैश्विक शक्तियों की पहुंच है। इन देशों के राजनैतिक, आर्थिक फैसलों पर वैश्विक शक्तियां इसी डेटा की मदद से प्रभाव डालती हैं। और इसमें एआई की मदद ली जाती है। ऐसे में इस समिट के दौरान कुछ बड़े सवाल सामने आ रहे हैं, जैसे क्या भारत बड़ी वैश्विक शक्तियों के सामने अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए आवाज उठा सकेगा, क्योंकि राहुल गांधी ने संसद में और बाद में भी एआई के खतरों और संभावनाओं दोनों को खुल कर सरकार के सामने रखा है। राहुल ने कहा, एआई क्रांति आ गई है, जो खतरे और मौके दोनों लेकर आ रही है। आईटी और सर्विसेज सेक्टर, हमारी अर्थव्यवस्था का चमकता सितारा है वो खतरे में है। अगर हम आने वाले तूफान के लिए तैयार नहीं हुए तो हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोफेशनल अपनी रोजी-रोटी खो देंगे लेकिन हमारे पास मौके भी हैं। राहुल गांधी ने कहा, डेटा वो पेट्रोल है जो एआई इंजन को चलाता है। जैसा कि मैंने संसद में कहा था कि भारत की सबसे बड़ी संपत्ति हमारे शानदार लोग हैं और वह बहुत सारा डेटा जो हम बनाते हैं। राहुल ने एआई समिट की मेजबानी पर कहा कि यह भारत के लिए नेतृत्व दिखाने का एक मौका होना चाहिए था, यह दिखाने का कि 1.4 बिलियन लोगों का देश अपने डेटा का इस्तेमाल करके ग्लोबल एआई फ्यूचर को अपनी शर्तों पर कैसे बना सकता है। लेकिन बेबस प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रेड डील में अमेरिका के श्स्टेकहोल्ड्य के आगे समर्पण कर दिया है। राहुल ने देश को सावधान करते हुए कहा कि श्भारत में 1.5 बिलियन भारतीयों का डेटा सुरक्षित रूप से स्टोर करनाश्, श्अपने सोर्स कोड और एल्गोरिदम में पारदर्शिता लानाश्, श्हमारे डेटा का इस्तेमाल करके होने वाले मुनाफे पर टैक्स लगाना मुश्किल होगी। राजनैतिक पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर राहुल गांधी की इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि अभी भारत को यह देखना है कि हमारा आईटी सेक्टर एआई के इस दौर के लिए कब पूरी तरह तैयार होगा। चौट जीपीटी जैसे बड़े लार्ज लैंग्वेज मॉडल भारत को खुद बनाने चाहिए, या छोटे-छोटे सेक्टर जैसे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए खास एआई टूल पर फोकस करना चाहिए्य एआई को चलाने के लिए बहुत सारे डेटा सेंटर चाहिए, जो बिजली और पानी बहुत इस्तेमाल करते हैं। क्या इससे पर्यावरण को नुकसान होगा? ऐसे कई सवालों पर इस समिट में चर्चा हो, तभी इसकी सार्थकता है। वैसे भारत सरकार ने इरादा जताया है कि एआई सिर्फबड़े देशों का खेल न रहे, बल्कि सभी देशों के लिए फायदेमंद हो। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सेक्रेटरी एस कृष्णन ने कहा है कि हमारा ध्यान पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस पर है। यानी एआई ऐसे बने जो आम लोगों की समस्याएं हल करे, पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए और प्रगति करे। वहीं इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने कहा, श्अभी एआई कुछ ही देशों में बनता है और बाकी दुनिया सिर्फइस्तेमाल करती है। अगर डेटा सबको शामिल न करे तो एआई में पक्षपात झलकने लगता है। इसलिए समिट में एआई को लोकतांत्रिक बनाने पर जोर है। बता दें कि इससे पहले 2023 में ब्रिटेन के ब्लेटचली पार्क में एआई सेफ्टी समिट हुआ, जहां 28 देशों ने एआई के खतरों पर ब्लेटचली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। 2024 में सियोल में समिट हुआ, जिसमें नवाचार और सबको शामिल करने पर बात हुई। 2025 में पेरिस के एआई एक्शन समिट में आर्थिक फायदों पर जोर दिया गया था, लेकिन अब उसे लोकतांत्रिक बनाने की बात कही जा रही है। देखना होगा कि भारत इस मुहिम में कामयाब होता है या नहीं। क्योंकि देश में तकनीकी को लेकर जिस व्यापक पैमाने पर जागरुकता आनी चाहिए, उसका पूरी तरह अभाव है। कॉलेजों में भजन क्लबिंग के आयोजन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी एआई की गंभीरता को दरकिनार कर हमारे यहां बच्चा सबसे पहले आई बोलता है, जैसे बेतुके बयान दे चुके हैं। ऐसे में इतने बड़े आयोजन से सरकार क्या केवल अपना प्रचार देश-दुनिया में करवाना चाहेगी, या तकनीकी की संभावनाओं और वास्तविक खतरों को समझ कर देश हित में फैसले लेगी, ये देखना होगा।


साहित्य

## मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
लेखक

कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकर गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रूप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं।



## राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा।

**वृषभ:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**मिथुन:-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य न करें।

**कर्क:-**कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतरू उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:-**वाणी पर नियंतण्ररखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुला:-**आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी।

**वृश्चिक:-**परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनु:-**परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।


**कुंभ:-**परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीन:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# 'पिंक' और 'ब्लू' के बीच फंसी स्त्रियां

क्षमा शर्मा

आम तौर पर यदि गर्भ में बच्ची हो, तो उसे बातचीत में पिंक-पिंक पुकारा जाता है। अपने देश में तो जन्म पूर्व बच्चे का लिंग जानना कानूनी अपराध है लेकिन पश्चिम में यह आम बात है। हां, वे भारतीय माता-पिता को इसे बताने से परहेज करते हैं। इसका कारण भारतीयों की विश्वभर में फैली यह बदनामी भी है कि वे यह पता चलते ही कि गर्भ में लड़की है, उससे निजात पाने की कोशिश करते हैं। यह भी ताज्जुब होता है कि स्त्रियों को पिंक पुकारा जाए। पिंक माने गुलाबी का मतलब खुशियां और कोमलता होता है लेकिन स्त्रियों की जिंदगी की मुश्किलों को देखते हुए उन्हें इस उपाधि से विभूषित करना जैसे उनकी चुनौतियों को किसी रैपर के नीचे दबाना मालूम पड़ता है। लेकिन शायद आप जानते ही होंगे कि कम्पनियां महिलाओं के लिए जो उत्पाद बनाती हैं, उनमें से अधिकांश पिंक रैपर में होते हैं। इन्हें तरह-तरह की खुशबुओं से भरा जाता है। इन्हें आकर्षक ढंग से पैक किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि इस तरह के उत्पादों को लांच करके महिलाओं को स्पैशल फील कराया जाता है। इन उत्पादों को महिलाओं के लिए जरूरी कह कर भी बेचा जाता है। इसे उनकी जीवन शैली और बहुत बार अच्छे स्वास्थ्य से जोड़कर भी पेश किया जाता है। जबकि वास्तविक रूप में इनका स्वास्थ्य से कोई लेना-देना नहीं होता। कई ऐसे सर्वे करके



यह निष्कर्ष निकाल लिया गया है कि महिलाओं को यदि कोई ब्रांड या उत्पाद आकर्षित करता है, तो वे ज्यादा कीमत चुकाने के लिए भी तैयार होती हैं। यह भी कहा जाता है कि उनके लिए जो चीजें बनाई जा रही हैं, उनकी क्वालिटी अच्छी है। उनमें बेहतरीन सामान का इस्तेमाल किया गया है। इन उत्पादों की कीमत भी अधिक होती है। इसे पिंक टैक्स कहा जाता है। यानी पुरुषों के मुकाबले महिला उत्पादों की कीमत कम्पनियां ज्यादा रखती हैं। कमाल है न कि सिर्फ महिला होने के नाते अधिक कीमत देनी पड़े। आखिर कौन सी अर्थ प्रणाली ऐसा कहती है। इसे लैंगिक समानता से भी जोड़ा जाता है, जबकि है यह असमानता। दरअसल यह कम्पनियों की मार्कीटिंग स्ट्रैटेजी है, जिससे कि वे लैंगिक समानता की बातें करके महिलाओं की जेब से अधिक से अधिक पैसे निकाल सकें। महिलाओं के लिए तमाम तरह के उत्पाद बनाने वालों की सोच यह भी है कि वे अपने लिए बनाए गए सामान पर अधिक कीमत देने के लिए तैयार होती हैं। कई बार तो लगता है कि महिलाओं को शायद इस बात का पता ही नहीं है। और यह भी कि कीमतों की यह बढ़ौतरी या टैक्स सरकार की तरफ से नहीं लगाया जाता। इसे कम्पनियां ही तय करती हैं कि महिलाओं के उत्पाद पुरुषों के लिए काम आने वाले उत्पादों से महंगे बेचने हैं। ध्यान दें तो कम्पनियों की यह रणनीति उन महिलाओं के लिए है, जो शिक्षित हैं, आत्मनिर्भर हैं। जिनकी जेब में पैसा है, जो खरीदने का निर्णय स्वयं ले सकती हैं। ये स्त्रियां ही इन कम्पनियों की टारगेट हैं। लेकिन वे महिलाएं भी तो हैं, जो आत्मनिर्भर नहीं हैं या इतने पैसे नहीं कमातीं कि एक से एक महंगे उत्पाद खरीद सकें। इन महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा है। उत्पाद बनाने वालों को क्या इनकी जरूरत नहीं। वे इन्हें अपना उपभोक्ता क्यों नहीं बनाना चाहते। हालांकि यह भी सच्चाई है कि जिसकी जेब में ज्यादा पैसा होता है, महंगे उत्पादों तक उनकी ही पहुंच होती है। कम्पनियों का जुनून भी इन्हें ही अपनी तरफ खींचना होता है। हां बात जरूर महिला स्वतंत्रता और लैंगिक अधिकारों की की जाती है। अपने देश में भी ऐसे विज्ञापन अक्सर देखे जाते हैं, जहां किसी कार, किसी वाशिंग मशीन, किसी मोबाइल को खरीदने वाली स्त्रियों को एम्पावर्ड या शक्तिशाली दिखाया जाता है। वे ही तरह-तरह के साबुन, शैम्पू और गहने बेचती दिखाई देती हैं। यानी कि स्त्री के सशक्तिकरण को तमाम तरह की उपभोक्ता वस्तुओं से जोड़ दिया गया है। हर अच्छे नारे को अक्सर व्यापार अपने फायदे में बदल देता है। इसीलिए अगर ध्यान से देखें तो सजी-संवरी स्त्री जो ऊपर से नीचे तक किसी न किसी उत्पाद से ढकी होती है, उसे आम मेहनतकश स्त्री के मुकाबले ज्यादा सशक्त की तरह पेश किया जाता है। वे साधनहीन स्त्रियां किसी का टारगेट नहीं होतीं, जिनकी जेब में पैसे नहीं हैं। इन दिनों चूंकि मध्यमवर्ग की स्त्रियां अधिक खरीददारी करती हैं। वे अपने को अच्छा भी दिखाना चाहती हैं तो सबकी नजर उन्हीं पर रहती है। पिंक टैक्स भी ऐसा ही है, जो इन स्त्रियों की जेब और पर्स पर पैनी नजर रखता है। अमरीका के न्यूयार्क में कंज्यूमर अफेयर्स डिपार्टमैंट ने एक सर्वे में पाया था कि महिलाओं को अपने उत्पादों पर 7 प्रतिशत अधिक कीमत देनी पड़ती है। यह टैक्स या कीमत 13 प्रतिशत अधिक भी हो सकती है। ब्रिटेन में तो कई उत्पादों की कीमत 34.28 प्रतिशत अधिक है। दूसरे देशों की तरह भारत में भी महिलाओं के लिए बनाए गए इस तरह के उत्पादों की बढ़ी कीमत पर कोई कानूनी रोक भी नहीं है। इसलिए कम्पनियां जैसी चाहे, वैसी कीमत रखती हैं। महिलाओं के साथ होने वाले इस भेदभाव पर ध्यान देने की जरूरत है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किशोरी को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**हरदोई।** कछौना थाना छेत्र से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर नामजद आरोपी को जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 06 फरवरी को वादिनी द्वारा थाना कछौना पर तहरीर दी गयी कि नरेश उर्फ रामनरेश पुत्र अंगने उर्फ अगनू निवासी ग्राम तुषौरा मजरा टिकारी थाना कछौना द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस सम्बन्ध में थाना कछौना पर आरोपी के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरु की थी। थाना कछौना के एस आई राजेश सिँह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। वहीं बघौली थाना छेत्र से बहला फुसला कर ले जाई गयी किशोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 13 अगस्त 25 को किशोरी के पिता द्वारा थाना बघौली पर तहरीर दी गयी कि शोभित पुत्र कल्लू निवासी ग्राम दौलत पुर मजरा बेहटामुर्तजा बक्श थाना बघौली द्वारा उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है तथा वादी के साथ शोभित के माता-पिता द्वारा गाली गलौज की गयी। इस संबंध में थाना बघौली पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू की थी। थाना बघौली के एस आई धर्मराज और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त शोभित पुत्र कल्लू को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया गया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं टड़ियाँवा थाना छेत्र से तीन दिन पूर्व बहला फुसला कर ले जाई गयी युवती के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया है। प्राप्त विवरण में 14 फ़रवरी को वादी द्वारा थाना टडियावां पर तहरीर दी गयी कि मुजीब पुत्र छेदन्नू निवासी ग्राम रमदानकुई मजरा अयारी थाना टडियावां वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना टडियावां पर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश पुलिस द्वारा शुरु की गयी। थाना टडियावां के एस आई धर्मेन्द्र यादव और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गयी।

### चार लोगों पर पत्नी के ज़ेवर छीनने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**हरदोई।** पाली थाना छेत्र निवासी युवक ने जनपद शाहजहांपुर निवासी चार आरोपियों पर पुराने हिसाब किताब को लेकर घर में घुसकर पत्नी के ज़ेवर छीनने और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के रौजा निवासी गोविन्द शुक्ला पुत्र विनीत शुक्ला अपने पिता और दो अज्ञात साथियों के साथ 1 फरवरी की शाम करीब 7 बजे उसके घर आये। और पुराने हिसाब किताब को लेकर उसे गाली गलौज किया घर में मौजूद उसकी पत्नी के जबरदस्ती ज़ेवर उतरवा लिए और उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकतें की। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत एसपी अशोक कुमार मीणा से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएसआर फण्ड के सम्बन्ध में बैठक


**हरदोई।** मंगलवार को विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में सीएसआर फण्ड के सम्बन्ध मे बैठक हुई। उन्होंने गत बैठक मे दिये गये निर्देशों के क्रम मे अब तक की कार्यवाही के सम्बन्ध मे सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी लेते हुये विभिन्न औद्योगिक ईकाइयों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त किये जायें। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मे बच्चों के प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर तथा संगीत प्रशिक्षण के लिये वाद्ययंत्र उपकरण क्रय के सम्बन्ध मे जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक औद्योगिक ईकाई से आये प्रतिनिधियों से कहा कि जो भी कार्य विभागों मे कराने है, वो आपस मे समन्वय स्थापित करते हुये यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। उपायुक्त उद्योग को वर्तमान की सीएसआर इकाईयों के अतिरिक्त यदि अन्य कोई इकाई भी सम्मिलित होती हो, तो उसे भी डाटाबेस में लेने के निर्देश दिए। जिले में स्थापित प्रत्येक सीएसआर कम्पनी के की तरफ से सीएसआर धनराशि का व्यय जनपद में ही कार्यों में किया जायें। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष के सीएसआर फण्ड की अभी से तैयारी करना शुरू कर दें। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी निधि गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, प्रधानाचार्य आइटीआई, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक हत्याकांड का 72 घंटे में सनसनीखेज खुलासा 6 बदमाश गिरफ्तार



**उरई (जालौन)।** कानपुर जोन अपर पुलिस महानिदेशक व झांसी आईजी के सख्त निर्देश पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में जालौन पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही। नदीगांव थाना क्षेत्र में 14 फ़रवरी को राघवेन्द्र की अपहरण-हत्या का मामला मात्र 72 घंटों में सुलझा लिया गया। शिक्षक हत्याकांड का खुलासा करते हुये एसपी डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि एसओजी, सर्विलांस व थाना नदीगांव टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक रामवती के पुत्र राघवेन्द्र की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 21/2026 धारा 140(1), 103(1), 238, 61(2) बीएनएस दर्ज। मुख्य आरोपी कृष्णपाल उर्फ कुलदीप ने पूंछतांछ में कबूल किया कि जुआ का उधार न चुकाने पर राघवेन्द्र को लालच देकर बुलाया। महिला सहयोगी सोनिया के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। झगड़े में डाटा केबल व मफ्लर से गला घोंट शव दतिया-सेवडा मार्ग जंगल में फेंका। आरोपी निशानदेही पर हत्या के हथियार बरामद। गिरफ्तार बदमाश रिंकू मडोरा, झांसी, कृष्णपाल उर्फ कुलदीप सराय, पूंछ झांसी, नीशू वर्मा झांसी, राजकुमार टहरौली झांसी, अभि उर्फ निगम वर्मा कोतवाली झांसी, सोनिया लहचुरा झांसी। बरामदगी में हुंडई औरा कार सफेद, एक्टिवा स्कूटी, अवैध पिस्टल व 2 कारतूस 32 बोर, डाटा केबल, मफलर व दस्तावेज शामिल। कुलदीप के पास पिस्टल पर आर्म्स एक्ट जोड़ा। कुलदीप का लंबा आपराधिक इतिहास हत्या, धोखाधड़ी आदि। प्रभारी निरीक्षक नदीगांव व एसओजी टीम को बधाई। एसपी ने कहा अपराधियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी।

### कार्यशाला नई ऊर्जा, नई सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देतेः साहू



**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तीनों सत्रों की जिला कार्यशाला राजपाल रिसॉर्ट उरई में आयोजित की जिसके मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू रहे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अशोक जाटव रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को मजबूत करने, विचारों को और स्पष्ट समझने तथा समाज और राष्ट्र की सेवा के संकल्प को और मजबूत करने वाला रहा। ऐसे कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, नई सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि ने बताया कि आज जिले की कार्यशाला सम्पन्न हुई है। जनपद के सभी 19 मंडलों में यह कार्यशाला 7 मार्च से की जाएगी आगामी मंडल कार्यशाला की रूपरेखा बनवाई इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, संजीव उपाध्याय, बृजभूषण सिंह, अरविंद चौहान, नरेंद्र सिंह जगदीश तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, प्रशांत द्विवेदी, अग्निवेश चतुर्वेदी एवं समस्त जिला पदाधिकारीगण नगर पालिका अध्यक्षगण, मण्डल अध्यक्षगण, प्रशिक्षण टोली अपेक्षित श्रेणी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में महिला सशक्तीकरण का शुभारंभ

**पनवाड़ी, महोबा।** बुन्देलखण्ड नवोदय महाविद्यालय पनवाड़ी महोबा में दिनांक 17 फरवरी 2026 को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवायोजन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसके प्रथम दिन महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए गए। इस मौके पर बुन्देलखण्ड नवोदय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हिमांशु कुमार ने भारत में महिला सशक्तिकरण के संबंध में बताया जिसमें सामाजिक सुधार और अन्य सामाजिक कार्यों पर जोर दिया गया कैंप का आयोजन ग्राम किल्हौबा विकास खण्ड पनवाड़ी जिला महोबा में किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान अर्चना राजपूत और प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र राजपूत कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ सुनील कुमार राजपूत मोहम्मद आफताब सिद्दीकी प्रीति सक्सेना सफ़ीना हाशमी प्रीति रिछारिया पुष्पेंद्र कुमार कार्यालय प्रभारी सुरेश सक्सेना सहायक कार्यालय राजेंद्र कुमार दीपक देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में भूमि विवादों और स्टार संदर्भों की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में 11 जनवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 के बीच प्राप्त हुए भूमि विवादों और स्टार संदर्भों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी दी कि कुल 205 प्रकरणों में से 130 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शाहाबाद को तीन मामलों की अंतिम रिपोर्ट, उप जिलाधिकारी सदर को भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण व फॉलोअप, और तहसीलदार शाहाबाद को पुलिस के सहयोग से विवाद सुलझाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विद्युत विभाग को लाइन शिफ्टिंग और चकबंदी विभाग को दाखिल-खारिज के प्रकरण निपटाने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (राजस्व) प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने जनसनुवाई में सुनी 45 शिकायतें



**हरदोई।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 45 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार दंपती से दिनदहाड़े हुई लूट से मचा हड़कंप

- सीओ ने घटना स्थल का निरिक्षण कर दिए खुलासे के निर्देश

**शाहाबाद/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली छेत्र के पाली रोड पर बाइक सवार दम्पति के साथ दिन दहाड़े हुई लूट की घटना से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस और सीओ ने घटना स्थल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की।एएसपी सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने घटना के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त विवरण में पाली कस्बे के मोहल्ला पटिया नीम निवासी सभासद प्रतिनिधि रंजन श्रीवास्तव अपनी पत्नी रौशनी के साथ बाइक से पाली से हरदोई जा रहे थे। कोतवाली छेत्र के ग्राम आगमपुर और मुरीदापुर के बीच पुराने मैदा मिल के निकट पीछे आ रहे बाइक सवार दो लुटेरों ने चलती बाइक पर रौशनी के कान में पहने सोने का झाला नोच लिया और फरार हो गए।पीड़ित द्वारा घटना की सूचना डायल 112 और कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर आरोपियों की तलाश शुरू कार दी है। एएसपी और शाहाबाद के सीओ आलोक राज नारायन भी घटना स्थल पहुंचे उन्होंने पीड़ित से घटना की पूरी जानकारी ली और कोतवाली पुलिस को जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। घटना की सच्चाई पता करने के लिए सीओ शाहाबाद का सीयुजी नंबर रिसीव नहीं हुआ।

# हज जायरीनों के लिए टीकाकरण कैम्प का किया गया आयोजन



**हरदोई।** दिनांक 17 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को मदरसा अशरफुल मदरिस, सिनेमा रोड, हरदोई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 75 हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं टीकाकरण किया गया। कैम्प में पोलियो, मेनेनजाईटिस, सीजनल इन्फ्लूएंज़ा रोगों की वैक्सीन लगाई गयी। यह टीकाकरण कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर आर. के सिंह के नेतृत्व वाली चिकित्सा टीम ने जायरीनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा हज सफ़र के दौरान सेहत सम्बन्धी आवश्यक सावधानियाँ बरतने के बारे में यात्रियों को जानकारी दी। कैम्प में डॉ. ओसामा सिद्दीकी, डॉ. सलमान अहमद खान, अंजू देवी स्टाफ नर्स, शोभित सैनी फार्मासिस्ट, प्रीती कुमारी स्टाफ नर्स, आरसी विमल पर्यवेक्षक, एएनएम ललिता देवी, अनुपम देवी, रूबी देवी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दामाद ने पुराने विवाद में हाकी से पीट-पीटकर ली ससुर की जान

**भरखनी/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



ससुर और दामाद का रिश्ता जहां सम्मान और विश्वास का प्रतीक माना जाता है, वहीं पचदेवरा थाना क्षेत्र में इसी रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक दामाद ने पुराने विवाद के चलते अपने ही ससुर की हाकी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। ससुर रामतल मंदिर पर प्रसाद चढ़कर वापस लौट रहा था। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज के मोहल्ला विकास नगर गंज निवासी अशोक बाबू उर्फ पिन्ने (52) मंगलवार सुबह अपनी बहन अलका के साथ बाइक से हनुमत धाम रामताल मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे ग्राम हथौड़ा के पास नहर के निकट पहुंचे, तभी उनके दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू निवासी ग्राम हथौड़ा ने उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि ससुर-दामाद के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, इसी रंजिश में दामाद ने हाकी से अपने ससुर के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, इसमें कई हाकी उनके सिर पर लगी। गंभीर रूप से घायल अशोक बाबू को लहुलुहान हालत में तत्काल इलाज के लिए फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सर्किल इंचार्ज एडिशनल एसपी आलोक राज नरायन ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आरोपी दामाद की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# सवायजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक, प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों को संबोधित कर त्योहारों की समीक्षा की

**सवायजपुर/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जनपद हरदोई के थाना सवायजपुर में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह और थाना अध्यक्ष प्रिंस सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। बैठक में सवायजपुर थाना क्षेत्र के प्रधानों और संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा करना था सीओ सतेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी प्रधानों और संभ्रांत व्यक्तियों को संबोधित किया। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा को पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य बताया और हर प्रकार की समस्या से निपटने का आश्वासन दिया। सीओ ने अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आग्रह किया।थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में सभी प्रधानों को बताया कि घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम संबंधी अपराध, महिला मिशन शक्ति केंद्र और यातायात नियमों की जानकारी दी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और स्वास्थ्य सेवा 102 शामिल हैं।थाना प्रभारी सवायजपुर प्रिंस सिंह ने अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए बताया कि सवायजपुर पुलिस हर समय जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से किसी भी अराजक तत्व की जानकारी पुलिस के साथ साझा करने का आग्रह किया ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में सम्मानित प्रधान पंकज शुक्ला मुंडेर प्रधान श्याम सिंह यादव सँझारा, प्रधान राजेश दीक्षित, पूर्व प्रधान उपनेश कुमार मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने आगामी त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर 22 फरवरी को मनाया जाएगा विशेष अभियान दिवस



**हरदोई।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, के निर्देशानुसार 22 फरवरी, 2026 को फार्म-6 व लॉजिकल डिस्क्रेपिंसी के अभिलेखों को एकत्रित करने और उसे बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटलीकरण करने हेतु विशेष अभियान दिवस मनाया जायेगा। इस क्रम मे जनपद के समस्त स्कूल/कॉलेज अथवा ऐसे सरकारी भवन जिसमें पोलिग स्टेशन बने है उक्त दिवस में खुले रहेगें और उनमें समस्त कर्मी प्रातः 10 बजे से सायं 04.00 बजे तक उपस्थित रहेगें। जनपद में समस्त 3548 बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहेगें और उनकी सहायता के लिए आशा, एएनएम, प्राविधिक सहायक, बैंक विद्युत सखी उपलब्ध रहेगें जो फार्म-6 व लॉजिकल डिस्क्रेपिंसी में अभिलेखों को एकत्रित कराते हुए बीएलओ के माध्यम से बीएलओ ऐप पर डिजिटलीकरण कराना सुनिश्चित करेंगें।

# एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा श्रीनगर में बालिका इंटर कॉलेज की मांग सदन में रखी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने उच्च सदन बजट सत्र में नियम 110 के अंतर्गत की सूचना में सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि ज़िला महोबा मे श्रीनगर एक बड़ी ग्राम पंचायत है। उक्त ग्राम पंचायत मे कोई भी बालिका इंटर कॉलेज न होने से वहाँ की निर्धन गरीब बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है , जिसके कारण उनके परिवार को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है उन्होंने कहा जो परिवार आर्थिक बोझ उठाने मे सक्षम नहीं होते वह अपनी पुत्री क़ी शिक्षा को वही रोकने मे मजबूर हो जाते हैं जिसके कारण बालिकाओं का सर्वांगीण विकास रूक जता है द्य जब कि सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा के लिए बालिकाओं को प्रोत्साहित कर रही है जो बालिकाएं कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने के बाद विभिन्न सामाजिक आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ देती है ऐसी बालिकाओं को कक्षा 12वीं तक शिक्षा में बनाए रखने हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही है परंतु जनपद महोबा के श्रीनगर ग्राम पंचायत में कोई भी बालिका इंटर कॉलेज ना होने के कारण बालिकाओं एवं उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में जनहित मे बालिकाओं के हित में श्रीनगर ग्राम पंचायत में बालिका इंटर कॉलेज की स्थापना किया जाना नितांत आवश्यक है।इस लोक महत्व के सुनिश्चित विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद महोबा श्रीनगर ग्राम पंचायत की गरीब निर्धन परिवार के बालिकाओं को माध्यमिक शिक्षा प्रदान किए जाने हेतु एक बालिका इंटर कॉलेज की अवलंब स्थापना करते हुए सदन में वक्तव्य/चर्चा कराई जाने की मांग करता हूं उक्त विषय में सभापति द्वारा सरकार को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

# जिले में 29 परीक्षा केंद्र पर आज से शुरू होगी बोर्ड परीक्षाएं


- नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां पूरी, मॉनीटरिग के लिए जिले में की गई कन्ट्रोल रूम की स्थापना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से शुरू हो रही है। जिला प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षाएं संपन्न करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करली है, जिले में इन परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गये है। इस बोर्ड परीक्षा में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है,जबकि जिले में संवेदन शील व अतिसंवेदनशील कोई भी केन्द्र नहीं है। महोबा में 13, चरखारी में 5 तथा कुलपहाड़ तहसील में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जिसमें हाई स्कूल के 12 018 तथा इंटरमीडिएट के 9920 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने हैं। पूरे जनपद में नकल विहीन परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के लिए 4 विभागीय सचल दलों का गठन किया गया है और इन परीक्षाओं की मॉनिटरिंग हेतु जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

# तीन दिनों से लापता अधेड़ का शव नाले से हुआ बरामद

**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लापता एक अधेड़ का शव नाले से बरामद हुआ है। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि यह कई दिनों से पानी में था। घटना मौदहा क्षेत्र के कम्हरिया गांव की है। गांव के पास एक पुलिया के नीचे बहने वाले नाले का पानी कम होने पर स्थानीय लोगों ने शव देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त की। मृतक की पहचान 55 वर्षीय दिलदार के रूप में हुई है। जो



कम्हरिया गांव का निवासी एक मजदूर था ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जलाल अहमद ने बताया कि दिलदार तीन दिन पहले घर से लापता हुए थे। उनके दो बेटे और एक बेटी थे, जिनमें से एक का निधन हो चुका है और दूसरा ड्राइवर है। जबकि बेटा और बेटी दोनों की ही शादी हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दिलदार नशे के आदी थे। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में नाले में गिरने से उनकी मौत हुई होगी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा

### ऊं हरि हर महाविद्यालय ने प्रांगण में एनएसएस के बच्चों ने प्रागंण की साफ-सफाई की



**हमीरपुर।** हरिहर स्नातकोत्तर महाविधालय , कुण्डोरा, हमीरपुर के महाविद्यालय प्रांगण में समस्त NSS शिविरार्थियों को बुलाया गया तथा महाविद्यालय प्रांगण से शिविर स्थल शिव मंदिर प्रांगण दरियापुर तक समस्त छात्राओं ने पैदल मार्ग किया महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार NSS की प्रथम व द्वितीय इकाई के सभी शिविरार्थी शिव मन्दिर प्रांगण में दक्षिणपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल की सफाई की तथा शिविर लगाया दोनों स्काई के छान -छात्राओं तथा समस्त स्टाफ व प्राचार्य की उपस्थिति में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्रारम्भ किया गया)कार्यक्रम स्वरछता व शिविर का उद्घाटन दरियापुर ग्राम प्रधान आशाराम प्रजापति स्वयं उपस्थित हुए उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। सर्वप्रथम साफ-सफाई व नाश्ते के बाद, समस्त छान - छात्राओं ने NSS गीत गया व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सौगन्ध ली। सभी कार्यक्रम होने के पश्चात सभी ने जलपान ग्रहण किया व विज्ञान हेतु शिविर में ठहर गए इस समस्त कार्यक्रम के दौरान, NSS कार्यक्रम अधिकारी भी रक्षा दीस व रफीक मो. के अलावा, अजीत सिंह, सीमा गुप्ता, मैडम सरिव दुबे, संदीप, मनोज कुमार, अजय कुमार, विश देव आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का आयोजन

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ अलरा गौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ जिसमे स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया मुस्करा विकासखंड क्षेत्र के गांव गहरौली स्थित स्वर्गीय राम प्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गांव अलरा गौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शुरू किया गया जिसमें सर्व प्रथम छात्रों में शिविर स्थल कि साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इसके बाद शाम कालीन आयोजित गोष्ठी के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक संजय दीक्षित,प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र पांडेय व ग्राम प्रधान बाबू सिंह व कार्यकम अधिकारी राजेश कुमार, रोहित गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से मिलकर ने मा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुए कार्यकम की शुरुआत की। इसके बाद छात्राओ के सरस्वती वंदना व स्वागत गीत पेश किया गया। इसके बाद ग्राम प्रधान बाबू सिंघह ने शिविर में भाग ले रहे छात्र छात्राओं को कहा कि एनएसएस के माध्यम से समाज में फैली अनेक प्रकार की कुरीतियों एवं अंधविश्वास जैसे अशिक्षा कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा पर नुक्कड़ नाटक, जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वच्छता जैसी अन्य जानकारियों हासिल की सकती है। इस मौके पर अखिलेश गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, पिंकी देवी, आस्था, गिरजानन्द पाठक आदि ने अपने अपने विचार पेश किए।

# व्यवस्था, बदहाली का जीवन जी रहा है परिवार

- बीमार बेटे के इलाज के लिए मां खा रही है दर-दर की ठोकरें
- आवास के नाम पर आज तक हमको कुछ भी नहीं मिला



**रायबरेली, महराजगंज समृद्धि न्यूज़।**

गरीबी धरती का सबसे बड़ा अभिशाप है और जब व्यक्ति गरीब होता है तो उसकी तरफ देखने वाला भी कोई नहीं होता महराजगंज विकासखंड के अतरेहटा गांव में ठाकुर बिरादरी का एक परिवार रहता है जिसकी माली हालत इतनी खराब है कि किसी तरह बस काम चल रहा है। अतरेहटा ग्राम निवासी बंशबहादुर सिंह जो मजदूरी का कार्य कर अपना परिवार चलाते थे 3 साल पहले बीमार हो गए उनकी तबीयत खराब हो गई।

वही तीन बेटियों के पिता बंशबहादुर सिंह की पत्नी भी गुजर गई और बुजुर्ग मां है जो किसी तरह परिवार को संभाले हुए है बंशबहादुर सिंह की मां ने बताया कि बंशबहादुर सिंह की पत्नी का निधन हो गया है तीन पुत्रियां हैं एक की शादी हो गई है अभी दो पुत्री की शादी होना बाकी है कच्चा घर है और कोठरी भी गिर रही है आवास के नाम पर आज तक हमको कुछ भी नहीं मिला कई सरकारें आई गई लेकिन हमारे परिवार की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया किसी तरह मांग जांच कर कर्ज लेकर बेटे का इलाज करा रही हूं 3 साल से बेटा घर पर ही रहता है तथा जो जमीन भी है वह भी केवल बिस्वा में है उसका भी सहारा नहीं रहता गांव वालों से सहायता मांग कर किसी तरह काम चल रहा है पूरा घर गिरा हुआ है कच्चा घर है कई बार जनप्रतिनिधियों से कहा लेकिन कोई ध्यान नहीं देता घर माली हालत का आलम यह है कि खाने-पीने के भी लाले पड़े रहते हैं बहुत ही समस्या और दिक्कतें है।

सामान्य बिरादरी का यह परिवार सबसे खराब स्थिति से गुजर रहा है और सरकारी योजनाओं का लाभ भी इस परिवार को नहीं मिल पा रहा है जो भी एक व्यक्ति कमाने वाला है वो पिछले 3 साल से बीमार है तीन पुत्री और एक बूढ़ी मां है जो स्थितियों के सामने लाचार है।

एक ओर मोदी और योगी सरकार द्वारा गरीबों को आवास मिले इसके लिए तमाम तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं और सर्वे कराया जाता है वहीं कच्ची कोठरी में जिस तरह परिवार रह रहा है वह अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठता है। मेरी जानकारी में नहीं है अगर कोई परिवार ऐसी स्थिति से गुजर रहा है तो उनको सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी उत्तर प्रदेश सरकार की साफ मंशा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसी सुविधाओं से वंचित न रहे अगर वो उस सुविधा का पात्र है तो उसे द्वारा संज्ञान दिए जाने पर मैं दिखवाती हूँ और यथा संभव मदद भी करवाती हूँ।

– वर्षा सिंह बीडीओ महराजगंज

# चोरी का खुलासा, आरोपी के पास से सात लाख के जेवरात बरामद



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

मोहल्ले में घूम घूम कर फेरी करने वालों से होशियार करने वाली खबर आई है रायबरेली से। यहाँ बीते पांच फ़रवरी को कोतवाली क्षेत्र में बड़ी चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले की गहन जांच करते हुए लगभग ढाई सौ सीसीटीवी खंगाले और आज शंकर प्रसाद सोनी को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्ज़े से चोरी किये गये ज़ेवरात भी बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके ऊपर काफी कर्ज़ था। उसने चोरी कर कर्ज़ा निपटाने की योजना बनाई और घूम घूम कर मोहल्ले में फेरी के दौरान साकेत नगर के सूने पड़े घर को चिन्हित कर लिया। योजना के तहत पांच फ़रवरी को आरोपी ने घर का ताला तोड़ा और बड़ी चोरी को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस फिलहाल एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई गंगा समिति की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** गंगा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण अभियानों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्व बैठक की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने विगत वर्ष में रोपित पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग नियमित रूप से पौधों की देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण सुनिश्चित करें। जिला गंगा समिति के अंतर्गत जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत डलमऊ को निर्देशित किया गया कि सभी गंगा ग्रामों एवं नगर पंचायतों में गंगा संरक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।

# विवाहिता की मौत, छत के कमरे में फांसी से लटकता मिला शव

**खीरों, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाहो गांव में चत पर बने कमरे के अंदर छत के पंखे से लटक कर एक विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया। शाम को जब देवर बुलाने तो कमरा अंदर से बंद था। और उसका शव फंदे से लटकता हुआ पाया। जानकारी होने पर सभी परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के पाहो गांव निवासिनी मृतक शिवानी पत्नी रितिक निर्मल 25 वर्ष सोमवार की साम लगभग 6 घर की छत पर बने कमरे के अंदर छत के पंखे से साड़ी के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों फाँसी लगाकर की आत्महत्या। मृतका ने 2017 में अपने घर के सामने रितिक निर्मल के साथ प्रेम विवाह किया जिसके कारण मायका पक्ष व ससुराल पक्ष के नाराजगी थी।

मृतका की पुत्री साक्षी माँ रामदुलारी, भाई अजय कुमार, संजय, सास सुनीता सभी परिजनों का रोरो कर बुरा हाल हैं।मृतका की सास सुनीता पत्नी संतोष कुमार की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की सास के द्वारा मिली सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# लगातार चोरियों से थर्राया क्षेत्र, दहशत में जी रहे क्षेत्रीय लोग

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

वर्तमान समय में थाना क्षेत्र के अंदर चोरों के आतंक ने चोरी की घटनाओं की ऐसी सुनामी ला दी है, जिससे क्षेत्र थर्राया हुआ है और क्षेत्रीय लोग दहशत एवं भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

बात की जाए तो वर्तमान में बछरावां थाने की कमान सभाल रहे थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल के 36 दिन के कार्यकाल में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं को अज्ञात चोर अंजाम दे चुके हैं और अज्ञात चोरों के बुलंद हौसलों के आगे बछरावां पुलिस नतमस्तक होती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन इतनी घटनाएं घटित होने के बाद भी वर्तमान थाना प्रभारी की निश्चिंतता और उनके हाव-भाव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो नवागंतुक पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने उन्हें



अभयदान दे रखा है। बात की जाए तो वर्तमान थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल के 36 दिन के कार्यकाल में चोरों ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसका ताजा तरीन मामला सोमवार व मंगलवार की रात देखने को मिला, जब अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के तिलेडा गांव एवं उसके एक मजरे में चार घरों को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवरात एवं बर्तन सहित लाखों रुपए का माल पार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की चोरों ने तिलेडा गांव के रहने वाले अनूप कुमार पुत्र मंसाराम के घर में छत के रास्ते से प्रवेश कर कमरे के अंदर रखे बक्से एवं अलमारी का ताला तोड़कर नगदी एवं जेवरात समेत 4 से 5 लाख रुपए का माल पार कर दिया। वही चोरों ने उक्त गांव के ही रहने वाले संदीप पुत्र छेदालाल के घर में पीछे की दीवार से सेध काटने की कोशिश की, लेकिन वह उसमें नाकाम रहे। इसके पश्चात उन्होंने उक्त गांव के ही सुभाष पुत्र दिवाकर के घर के अंदर कमरे की कुंडी तोड़ी लेकिन परिजनों के जग जाने पर पर छत के रास्ते से नौ दो ग्यारह हो गए। इसके पश्चात अज्ञात चोरो ने गांव के ही एक पुरवा ककरहिया में दिनेश रैदास पुत्र मैकुलाल, जो कि वर्तमान में अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं, उनके घर के अंदर प्रवेश करते ही घर में किसी भी सदस्य की मौजूदगी न पाकर आराम से कमरों के अंदर रखे बक्से व अलमारी का ताला तोड़कर लगभग नगदी समेत 5 लाख के सोने चांदी के जेवरात एवं पीतल के बर्तन पार कर दिए। जिसकी जानकारी पीड़ित दिनेश के भाई के द्वारा दी गई है। वहीं घटना का शिकार हुए सभी पीड़ितों के द्वारा यह बताया गया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी है, सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया की घटनाओं की जानकारी प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्यवाही करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव

- पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्यवाही शुरू

**डलमऊ,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

संदीप परिस्थितियों में एक किशोरी का शव पेड़ से लटकता पाए जाने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी राम सुमेर की पुत्री शांति देवी उम्र लगभग 16 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ के सहारे लटकता पाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के बाद पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है पिता द्वारा कोतवाली डलमऊ में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी पुत्री बीती 16 फरवरी को अचानक कहीं गुम हो गई जिसकी सूचना 1076 पुलिस को दी थी अगले दिन 17 फरवरी को सुबह लगभग 7:00 बजे वह सभी पुत्री की खोजबीन कर रहे थे तभी गांव निवासी सत्रोहन के खेत के पास बने नाले पर स्थित पेड़ पर दुपट्टे के सहारे उसकी पुत्री का शव लटकता हुआ मिला। जिसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी गई फिलहाल पुलिस ने पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### पंचायत सचिव पर लगाया हैंडपंप का सामान गायब करने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के सोंडासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पंचायत सचिव पर हैंडपंप की मरम्मत का सामान उठा ले जाने का आरोप लगाया। बीडीओ को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार ने खंड विकास अधिकारी को शिकायत पत्र देकर बताया कि गांव के खराब पड़े हैंड पंप की मरम्मत का सामान उसके घर में रखा था। 6 माह पहले पंचायत सचिव सारा सामान उठाकर ले गए। गांव निवासी आनंद मिश्रा विक्रम बहादुर अभिषेक शुक्ला सत्यम मिश्रा कुसुम राकेश मौर्या वंदना ने पंचायत सचिव उसे पर मनमानी का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### जिला जज ने घोषित की अतिरिक्त अवकाश सूची

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला जज/विशेष कार्याधिकारी राम मिलन सिंह ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालयों को निर्गत कैलेण्डर वर्ष 2026 के प्रस्तर–3 व प्रस्तर–7 में दिये गये निर्देशानुसार स्थानीय अवकाश व अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि कैलेण्डर में घोषित गुरूवार 5 मार्च को होली, शुक्रवार 28 अगस्त को रक्षाबंधन, सोमवार 19 अक्टूबर को महानवमी, शुक्रवार 6 नवम्बर को धनतेरस, शनिवार 7 नवम्बर को नरक चर्तुदशी का स्थानीय अवकाश तथा राष्ट्रीय अवकाश जो द्वितीय शनिवार रविवार को होने से 15 फरवरी 26 को महाशिवरात्रि का अतिरिक्त अवकाश गुरूवार 19 फरवरी को रमजान प्रारम्भ तथा 8 नवम्बर को दीपावली का अतिरिक्त अवकाश मंगलवार 10 नवम्बर को भाईदूज का अतिरिक्त अवकाश घोषित किया है।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत एसपी ने व्यापारी बंधुओं के साथ की गोष्ठी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मंगलवार को विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पंप संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी । बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने–अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई विशेषत ज्वैलर्स की दुकानों पर अन्दर के साथ बाहर की ओर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने हेतु अपील की गई ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर खुलासा करने में मदद मिल सके।

### सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली में आयोजित हुई मासिक बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली सोइया अमेठी की मासिक बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। पूर्व सूचनानुसार बुद्ध विहार परिसर में बुलाई गई इस बैठक का कोरम पूरा रहा और कार्यवाही शुरू की गई। बैठक में दो सदस्य अनुपस्थित रहे। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक की अध्यक्षता श्याम लाल उर्फ भंते धम्म दीप संस्थान के अध्यक्ष और संचालन राम फल फौजी सचिव ने किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे प्रमुख लोगों में संस्थान के प्रबंधक सुखदेव उर्फ भंते प्रज्ञा मित्र, बाबूलाल, रामदेव, अमीन, हीरालाल, छोटे लाल, रामसुख, नजरू बौद्ध, नीरज और के पी सविता बौद्ध आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### शिवरात्रि के अवसर पर हुआ भंडारे का आयोजन

**हैदरगढ़ बराबंकी।** क्षेत्र के घरकोईया गांव में स्थित शंकर जी भगवान महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को सहदेव मौर्य एडवोकेट व महेश मौर्य द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। इस भण्डारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व रामचरित मानस के अखण्ड पाठ के विश्राम के बाद हवन पूजन किया गया।

# नौ दिवसीय रामचरितमानस सन्त सम्मेलन दो मार्च से शुरू

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पं. रामधन पांडेय पं. रामभरोंसे पांडे,पं. श्रीधर द्वारा शुरू किए गए व पं. शिवहरी लाल पांडेय द्वारा जीवन पर्यन्त बहुताधाम में आयोजित 9 दिवसीय रामचरित मानस संत सम्मेलन का 98वां वार्षिकोत्सव आगामी 2 मार्च से शुरू हो रहा है। स्व. शिवहरी लाल पांडेय के पुत्र व सम्मेलन के वर्तमान आयोजक सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि 10 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में श्री 1008 महन्त कमलनयन दास जी महराज श्री मणिरामदास छावनी अयोध्या,श्री 1008 महन्त लालतादास जी महराज श्री प्रेमदास कुटी, हैदरगढ़, राम निवास शास्त्री मुरैना मध्य प्रदेश, डॉ. जितेन्द्र नाथ पाण्डेय लखनऊ, डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र,कविताकान्त बाजपेई रायबरेली,पं. रामकिंकर मिश्र रामायणी कुरूक्षेत्र, पं. दिनेश रामायणी बाराबंकी, प्रहलाद रामायणी गोडा,कृष्ण कुमार तिवारी रायबरेली, चेतन स्वामी व रामस्वरूप दास जी कन्नौज,रामचरन दास जी मुरैना (म.प्र.) आदि संत व विद्वतजन हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में प्रतिदिन प्रातः 04 बजे से श्री सीताराम नाम कीर्तन, 07 बजे से 09 बजे तक मानस नवाहन्य पाठ व 03 बजे से सायं 06 बजे तक श्री रामकथा पर प्रवचन किया जाएगा। आयोजक ने बताया कि श्री 1008 महन्त कमलनयन दास जी महराज श्री मणिरामदास छावनी का आगामी10 मार्च दिन मंगलवार को अंतिम दिन आगमन होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत, कोहराम

**शिवगढ़,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से नवविवाहिता का शव लटकता मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ससुराली जनों का कहना है कि मृतका ने फांसी लगाई है वहीं मायके पक्ष के लोगों ने बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति और सास को हिरासत में लेने के साथ ही मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है, घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रायपुर नेरुवा की है। ग्रामीणों के मुताबिक मंगलवार को अपराह्न करीब ढाई बजे मृतका कृष्णावती (20) पत्नी हंसराज घर में डाट के सरिए से रस्सी के फंदे में लटकती मिली। जिसे फंदे से उतार कर पति हंसराज द्वारा निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात महिला को मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद ससुराली जन महिला के शव को लेकर वापस गांव लौट आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति हंसराज, सास शीला पत्नी कंधई को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने मृतका के भाई रजनीश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना से मृतका के परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के हिंदूगंज मजरे बदावर गांव के स्वर्गीय संतराम पासी की बेटी कृष्णावती की शादी जून 2025 में रायपुर नेरुवा निवासी हंसराज पुत्र कंधई के साथ हुई थी। शादी को अभी एक साल भी नहीं हुआ हुए थे कि मंगलवार को अपराह्न करीब ढाई बजे मायके पक्ष को बेटी की मौत की सूचना मिली तो मायके पक्ष में कोहराम मच गया। रोते बिलखते मौके पर पहुंची मृतका की मां मातादेई पत्नी स्वर्गीय संतराम और उसके तीनों भाई रजनीश, रमेश और मायाराम ने पति हंसराज, सास शीला पर गला दबाकर बहन को मार डालने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मृतका के भाई रजनीश की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तीन माह के गर्भ से थी मृतका

मृतका की मां माता देई, भाभी वंदना का आरोप है कि मृतका कृष्णावती तीन माह के गर्भ से थी। दहेज को लेकर सास शीला और पति हंसराज आए दिन प्रताड़ित करते थे और मायके पक्ष से फोन पर बात करने से मना करते थे।

# मनरेगा बचाओ आंदोलन के लिए सांसद हुए होम अरेस्ट

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के आवाहन पर मनरेगा बचाव विधानसभा घेराव का आवाहन किया गया था।जिसमें बाराबंकी शहर व जिला के आवाहन पर मनरेगा कानून में बदलाव को लेकर और सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलॉफ विधानसभा घेराव के लिये निकले जिला कांग्रेस कमेटी के हजारों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने आज अलोकतांत्रिक ढंग से रोग दिया। 16 तारीख की रात को जिस प्रकार सांसद तनुज पुनिया के लखनऊ आवास पर घेराबंदी कर नजरबंद किया गया और घर से नही निकलने की हिदायत दी गयी, सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि, वर्तमान सरकार जिस प्रकार अंधेर नगरी चौपट राजा का माहौल बनाये हुये



है उससे समाज गर्त की ओर जा रहा है हम कांग्रेसियों का आजादी से लगाकर आज तक एक इतिहास रहा है कि, कांग्रेस के द्वारा जो भी धरना प्रदर्शन या घेराव किये जाते हैं वह जनविरोधी नीतियों के खिलॉफ किये जाते हैं, और हम कांग्रेसियों की विचारधारा अहिंसा वादी होती है, हम लोग गांधी के बताये हुये रास्ते पर चलकर आम जनमानस की समस्याओं का निदान करने के लिये काम करते हैं। आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में जब कार्यकर्ताओं ने आगे बढने की कोशिस की तो पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर कांग्रेसियों की आवाज दबाने का प्रयास किया, जबकि शान्तीपूर्ण प्रदर्शन करना आम जनमानस का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन शासन व प्रशासन का यह व्यवहार पूरी तरीके से अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। आज जिला प्रशासन के द्वारा तमाम कांग्रेसी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं के घरों पर 16 तारीख की रात से ही नजरबंद करने का जो कार्य किया है वह पूरी तरीके से असंवैधानिक है।

# अलग-अलग हादसों में पति-पत्नी सहित चार लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अलग-अलग स्थान में हुए सड़क हादसा में पति-पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया हैं। कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर मंगलवार की सुबह मोती का पुरवा गांव के निकट लाही की ओर से आ रही वैगन आर कार अनियन्त्रित होकर पुलिया तोड़ते हुए पेड़ से टकराकर पलट गई। जिससे कार चला रहे लाही गांव निवासी सतीश चंद्र सोनी उर्फ पिंटू व कार में बैठी उनकी पत्नी आरती सोनी 25 घायल हो गए। घटना के समय पिंटू पत्नी को दवा के लिए हैदरगढ़ ला रहे थे। दूसरी सड़क दुर्घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर 36.100 किमी पर सुबह लगभग साढ़े आठ बजे हुई।जिसमें मोटरसाइकिल से गाजीपुर से लखनऊ जा रहे इसी जनपद के थाना मर्दापुर के जगपुर निवासी अभ्युदय सिंह 20 पुत्र जगदीश प्रसाद व प्रवीन सिंह17 पुत्र धर्मवीर घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से हैदरगढ़ सीएचसी पहुँचाया गया । जहां पहली दुर्घटना में घायल दम्पत्ति को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया वही दूसरी दुर्घटना के घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

### 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला शुरू, प्रशिक्षित किये जा रहे कलाकार

**रामनगर बाराबंकी।** संस्कृत संस्थानम उप्र लखनऊ एवम आदर्श सेवा संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला सी. 85 सेक्टर ए महानगर लखनऊ में 12 फरवरी 2026 प्रारम्भिक पूर्ण करते हुए 16 फरवरी से आरम्भ हो गई है यह जानकारी देते हुए आदर्श सेवा संस्थान के सचिव डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया। इस नाट्य कार्यशाला में प्रतिभागियों को संस्कृत नाटक से सम्बंधित सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक प्रशिक्षण ललित सिंह पोखरिया के कुशल निर्देशन में दिया जा रहा है। कार्यशाला के समापन के अवसर पर प्रशिक्षित प्रतिभागियों द्वारा संस्कृत नाटक का मंचन जनपद बाराबंकी में उपयुक्त स्थान पर सम्भावित तिथि 12 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कोई असुविधा न हो इसके लिये लखनऊ में रखा गया है।

# दो दिवसीय किसान मेला व संगोष्ठी आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय पौधशाला-स्वरूप नगर, सीतापुर परिसर में जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अजय भार्गव, सदस्य जिला पंचायत, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी तथा डॉ. शुभम सिंह राठौर की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किसान मेला/ संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए किसानों का अभिनन्दन एवं गुणवत्ता परक फसल उत्पादन पर परिचर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा जिले के उत्कृष्ट कृषकों एवं उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर



सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र-।। कटिया के वैज्ञानिक डॉ. डीएस श्रीवास्तव ने औद्यानिक फसलों के रखरखाव एवं उनकी सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी गयी साथ वैज्ञानिक डॉ. शुभम सिंह राठौर न औद्यानिक फसलों की वैज्ञानिक खेती के संबंध मे समसामयिक जानकारी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर लगभग छः सौ से अधिक किसानों द्वारा मेला/संगोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित दर्ज करायी गयी। इस अवसर पर जिले के विभिन्न अधिकारी उपलब्ध रहे।

कार्यक्रम के अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा मेले/संगोष्ठी मे आये कृषकों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों आदि को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रथम दिवस के मेले का समापन किया गया।

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका इण्टर कालेज सिधौली का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं




**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने कस्तूरबा गांधी बालिका इण्टर कालेज सिधौली सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मल्टीपर्पज हाल, भोजनालय कक्ष, साफ–सफाई व्यवस्था, किचेन पहुंचकर जिलाधिकारी ने बच्चों को दिये जाने वाले नाश्ते की गुणवत्ता को चेक किया एवं किचेन में रखे हुये राशन की गुणवत्ता को परखा। शौचालय, बाथरूम एवं बच्चों के पीने के लिये शुद्ध पेयजल को भी देखते हुये सही मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ड्रामेटी हाल पहुंचकर जिलाधिकारी ने कक्षा–6 के बच्चों से वार्ता भी करते हुये शिक्षण कार्य एवं उपलब्ध करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अध्यापकों की संख्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कालेज में सीसीटीवी को बढ़ाये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। कम्प्यूटर कक्ष को देखा तथा आर0ओ0 के पानी की गुणवत्ता को चेक करने के दौरान सही न मिलने पर सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राणी सती दादी का वितरित किया गया प्रसाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या तिथि पर दादी को पूड़ी सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा आरती उतारी गई ।भंडारे का शुभारंभ तहसील बार अध्यक्ष राम अचल मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, सियाराम यादव, बिजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकुमार झुनझुनवाला, राजेंद्र झुनझुनवाला, शिव कुमार चतुर्वेदी,शिव ओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, रविंद्र झुनझुनवाला,उदय नारायण अग्रवाल, हैप्पी अग्रवाल,शैलेंद्र सिंघल, सियाराम अग्रवाल,संजीव गोयल, अनुजा गर्ग,रामकुमार मिश्रा, राम प्रकाश वैश्य,शांतम अग्रवाल, जितेंद्र सिंघल,अंशुमान झुनझुनवाला रमेश शुक्ला,गौरी शंकर पाण्डेय, संतोष झुनझुनवाला, रमेश अग्रवाल, शिव बहादुर सिंह एवं अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

# हाइवे पर खड़ी ट्रक में लगी अकस्मात आग, धू-धूकर जली



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शहर स्थित पल्हरी के निकट नेशनल हाईवे पर ट्रक मे भीषण आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। वही हादसे से भारी जाम लग गया। जिसके बाद रूट डायवर्जन किया गया। जानकारी के अनुसार अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर पल्हरी बाईपास के पास एक चलते ट्रक में मंगलवार करीब 12:30 बजे भीषण आग लग गई। इस घटना से हाईवे पर लंबा जाम लग गया और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 18 टायरों वाला यह डंपर अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रहा था। अचानक उसके इंजन से धुआं निकलने लगा।

# लक्ष्य की जानकारी न होने पर सीडीओ ने लगाई फटकार

▸ एडीओ ग्राम विकास का वेतन रोके जाने की दी चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रामकृपाल चौधरी ने ब्लॉक मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के अभिलेखों का विस्तृत अवलोकन किया और कई कमियों को उजागर करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सीडीओ ने सबसे पहले भ्रमण पंजिका न बनाए जाने पर नाराजगी जताई और बीडीओ दीपांकर आर्य को तत्काल भ्रमण पंजिका तैयार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कर्मचारियों की सर्विस बुक जीर्ण-शीर्ण हालत में मिली। कई सर्विस बुक में हस्ताक्षर के साथ तारीख तक नहीं भरी गई थी, जिस पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 का मजदूरों का भुगतान अभी तक लंबित पड़ा मिला। सीडीओ ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सर्वे कराकर शीघ्र रिपोर्ट भेजी जाए। स्वयं सहायता समूह से दीदियों को जोड़ने के मामले में भी बड़ी लापरवाही सामने आई। बीएमएम ने फरवरी माह का लक्ष्य तक नहीं बताया पाया। जबकि इस माह में 5620 दीदियों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ना था, लेकिन मात्र 232 दीदियों को ही जोड़ा जा सका। इस गंभीर चूक पर सीडीओ ने एडीओ ग्राम विकास अनिल कुमार का वेतन रोके जाने की कड़ी चेतावनी दी। उधर, ग्रांट रजिस्टर की जांच में विभिन्न मदों में कुछ धनराशि अवशेष पड़ी मिली, जिसे अभी तक वापस नहीं किया गया। सीडीओ ने इसे भी गंभीर अनियमितता करार दिया। वहीं ग्राम पंचायत निगोह में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का भी जायजा लिया। यहां निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी मिली और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण नहीं होने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई तथा सुधार के सख्त निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा उन्होंने ब्लॉक परिसर में नए मीटिंग हॉल के निर्माण को लेकर परिसर का निरीक्षण किया।

## चार गोवंश को पकड़कर कान्हा गोशाला भेजा

**कन्नौज।** आवारा गोवंश की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में निराश्रित गोवंश को पकड़कर संरक्षित करने की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में कन्नौज शहर के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर मंडी समिति एवं सरायमीरा के आसपास से चार गोवंशों को पकड़कर कान्हा गोशाला में सुरक्षित भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए संचालित किया गया। पकड़े गए सभी गोवंशों को नियमानुसार सुरक्षित वाहन के माध्यम से गोशाला पहुंचाया गया, जहां उनके भोजन, पानी और उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए आगे भी प्रतिदिन इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# 52 लाख से होगा लश्करी तालाब का सुंदरीकरण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जेसीबी से संमतलीकरण शुरू

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह मैं मंगलवार की दोपहर मोहल्ला कोलियान स्थित प्राचीन लश्करी तालाब का निरीक्षण किया। इसका सुंदरीकरण 52 लाख से किया जाएगा। इस कार्य के लिए टेंडर स्वीकृत हो चुका है।

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया लश्करी तालाब के चारों तरफ अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। बीच में मनोरम तालाब बनेगा और इसके किनारे पौधारोपण के साथ ही चारों तरफ ट्रैकिंग रूट पर जगह-जगह एलइडी लाइटिंग और बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी।

यहां पर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को सबसे पहले पश्चिम दिशा में बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। आज जेसीबी से संमतलीकरण शुरू कर दिया गया। मौके पर मौजूद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल ने पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे से पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर पीपल के पेड़ के नीचे ब्रह्मदेव का चबूतरा बनवाने और धराशाई किए गए गेट की जगह नया गेट शीघ्र बनवाने की मांग की।

# प्राचीन बाबा की बगिया हनुमान मंदिर में भक्तों में बंटा प्रसाद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया के प्राचीन हनुमान मंदिर में हर मंगलवार की तरह इस बार भी भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। शिवा इंटरप्राइजेज के मालिक तथा पीओपी पेंटिंग ठेकेदार रवि जायसवाल ने हनुमान जी को भोग लगाने के बाद तहरी का प्रसाद बांटा। पिछले कई वर्षों से वे अपनी पूरी टीम के साथ हर मंगलवार को यह भंडारा चला रहे हैं। रवि जायसवाल ने टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगे भी यह नेक कार्य इसी उत्साह से जारी रहेगा। इसी मंदिर में विद्यासागर शर्मा एवं उनके परिवार ने हनुमान जी को भोग लगाकर बूंदी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर शिवकुमारी शर्मा, तुलसीराम शर्मा, पप्पी शर्मा, अनुज शर्मा छोटू, प्रज्ञा शर्मा लाली, रागिनी शर्मा बेटू, जीतू शर्मा, राधा शर्मा, उदय शर्मा, साक्षी, नव्या, रामकटोरी, दिनेश शर्मा, रेनू शर्मा, पूजा शर्मा, आंचल, गहना, खुशी, कृष्णा, लाडली शर्मा, राजू शर्मा,सुशील शर्मा सहित कई परिजनों ने प्रसाद बांटने में सक्रिय सहयोग दिया।

# ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 'पिंक डे'

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




गीतापुरम कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'पिंक डे' बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराना तथा उनके रचनात्मक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने गुलाबी रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण की। विद्यालय परिसर को भी गुलाबी गुब्बारों एवं सजावटी सामग्री से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों, कविताओं और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से 'पिंक डे' का महत्व दर्शाया। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने इस अभिनव प्रयास की सराहना की। निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि खेल-खेल में सीखने की पद्धति ही बाल शिक्षा का सर्वोत्तम माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के सब डायरेक्टर शिवम वर्मा सहित रिचा दुबे, आकांक्षा ,सौम्या, रिशु, क्षमता, मानसी ,नेहा व प्रीति आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## रमजान का चांद दिखते ही शुरू हो जाएगा रहमतों बरकतों का महीना

**छिबरामऊ, कन्नौज।** इबादत का माह जल्द शुरू होने बाला है। आज शाम रमजान उल मुबारक का चांद दिखते ही तराबीह शुरू हो जाएगी और गुरुवार की सुबह से पहला रोजा होगा। इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए रमजान माह को सबसे पाक और इबादत का महीना माना जाता है। इस माह को सबसे खास महीना माना जाता है। बता दें कि रमज़ान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है। इसके अलावा शब-ए-बारात से 14वें दिन से रमजान शुरू हो जाते हैं। रमजान का महीना चांद दिखने के साथ आरंभ होता है। चांद सबसे पहले सऊदी अरब में दिखाई देता है। इसी कारण वहां पर भारत से 1 दिन पहले रमजान आरंभ हो जाते हैं। इसके साथ ही चांद दिखने के अगले दिन से रोज़ा आरंभ हो जाते हैं।



## सीसीए को मिली एनसीसी प्रशिक्षण की स्वीकृति

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी में छात्राओं के लिए नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) प्रशिक्षण की मंजूरी मिल गई है। संस्था के सीईओ विश्वास प्रधान ने जानकारी दी कि एनसीसी ग्रुप हैडक्वार्टर अलीगढ़ ने विद्यालय को 50 जवान (हाफ ट्रुप) का आवंटन किया है। इस संबंध में 4, यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजयेंद्र शारदा ने स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर उनके साथ सूबेदार मेजर करमवीर (सेना मेडल) व सूबेदार मेजर डीके यादव भी मौजूद थे। प्रधानाचार्य नीरा प्रसाद के. ने बताया कि छात्राओं में अनुशासन व आत्म विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ, भारतीय सैन्य सेवाओं में भर्ती के लिए एनसीसी ट्रेनिंग प्राप्त अभ्यर्थियों को विशेष प्राथमिकता मिलती है। अन्य परीक्षाओं व भर्तियों में भी एनसीसी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट के अतिरिक्त वरीयता अंक होते हैं। सभी छात्राओं व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यालय प्रबंधक प्रदीप प्रधान व प्रशासिका सुधा प्रधान ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण की शुरुआत विद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# कैंसर और हृदय रोग संस्थान शुरू कराने की मांग को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिले के तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में एक लंबा समय गुजरने के बाद भी कैंसर/ कार्डियोलॉजी/हृदय रोग संस्थान की बिल्डिंगों के खड़े होने के बाद यहां उपचार के अभाव में मरीजों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर सपा समर्थकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन भी सौंपा।

बताते चलें कि, सपा शासन काल में निर्मित हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज में कैंसर/कार्डियोलॉजी /हृदय रोग संस्थान हॉस्पिटल्स का निर्माण कार्य कराया गया था। मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय जिले सहित आसपास के लोगों को उपचार भी मिलने लगा, लेकिन उपरोक्त कैंसर/हृदय रोग संस्थानों में चिकित्सकों और संसाधनों की कमी के कारण यहां मरीजों को उपचार अब तक औपचारिता मात्र ही मिल पा रहा है। बता दें कि, कॉलेज में कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण वर्ष 2013 में शुरू होकर 2016 में पुत्र कर लिया गया था।163.31 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 124बेड के हॉस्पिटल में 6 सुपर स्पेशियल्टी,60 चिकित्सा शिक्षक,156 डाक्टर/स्टॉफ के अलावा 168 आउट सोर्सिंग पदों पर स्टॉफ की तैनाती होनी है।

# कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों की हुई जांच

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बांट माप अधिकारी अशोक शर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों की सघन जांच की। इस दौरान छिबरामऊ देहात के 8, सौरिख देहात के 6, तालग्राम के 15 तथा नगर क्षेत्र के 15 कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सभी कांटों की कार्यक्षमता, सटीकता और मानकों के अनुरूप होने की पुष्टि की गई। साथ ही आवश्यक स्टांपिंग और मुद्रांकन का कार्य भी पूरा किया गया। यह जांच उपभोक्ताओं को सही वजन और माप सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से की गई। बांट माप अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि जांच में कोई बड़ी अनियमितता नहीं पाई गई, फिर भी सभी कोटेदारों को निर्देश दिए गए कि वह नियमित रूप से कांटों की जांच कराते रहें और मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। ऐसी जांचें समय-समय पर जारी रहेंगी, ताकि राशन वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि यदि कहीं वजन या माप में कमी महसूस हो तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।

# प्रदेश में कर्पूरी ठाकुर आरक्षण मॉडल लागू करने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अति पिछड़ा अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में कर्पूरी ठाकुर आरक्षण मॉडल लागू कराने की मांग को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रभु दयाल सविता ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिहार सरकार में लागू कर्पूरी ठाकुर आरक्षण मॉडल से अति पिछड़े वर्गों को व्यापक लाभ मिला है। इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी इसे लागू करने की मांग की गई है, ताकि स्थानीय निकायों और सरकारी सेवाओं में समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि बिहार में नगर निकाय चुनावों में जिस प्रकार आरक्षण व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू है, उसी तरह प्रदेश में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। ज्ञापन में जस्टिस राघवेंद्र प्रसाद सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक कर लागू करने, सहकारी समितियों में वंचित एवं परंपरागत पेशों से जुड़े पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने तथा सरकारी विभागों में रिक्त पड़े लाखों पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग भी शामिल रही। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास, टिंकू वीरेंद्र सविता, अन्नू सविता बाबाजी, शिवा सविता, डॉ. राम आसरे, राहुल, रामानंद, शिवराम सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, सूरज सिंह, दिव्यांश, रामप्रकाश, रामसेवक, मनोज कुमार वर्मा, आशीष कश्यप, डॉ.राकेश श्रीवास्तव, डॉ.ओमजी, शिवम कुमार, विकास कुमार, राम रतन कश्यप, कुलदीप कुमार, वेदमती, इंद्रपाल और दीपक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बस-कार की टक्कर में कोर्ट कर्मी व बैंक मैनेजर घायल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र की सरायमीरा चौकी अंतर्गत पूर्वी बाईपास पर एक निजी बस और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में न्यायालय कर्मी मुकेश और ग्रामीण बैंक गोसाइदासपुर के मैनेजर सचिन कुमार शामिल हैं। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निजी बस का चालक दूसरी बस से आगे निकलने की होड़ में तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही कार को उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद जीटी रोड पर करीब 20 मिनट तक लंबा जाम लग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर यातायात बहाल कराया गया। दुर्घटना के तुरंत बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण प्रतीत हो रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम श्री गुगरापुर ने जीती खेलकूद प्रतियोगिता ट्रॉफी

▸ प्रतियोगिता में केशव रहे जनपद विजेता, हुए सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में आयोजित पीएम श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय गुगरापुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समग्र चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल समेत अन्य स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पीएम श्री गुगरापुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक अर्जित कर जनपद स्तर की प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रदर्शन में केशव कुमार जनपद विजेता रहे। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

विजेताओं को बीएसए संदीप कुमार ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेन्द्र सक्सेना ने खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और विद्यालय परिवार के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने की अपेक्षा जताई। खेल शिक्षक अभय कुमार का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में जीत के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल है।

## बोर्ड परीक्षा आज समधन राजकीय इण्टर कॉलेज में तैयारियां पूरी

**समधन, समृद्धि न्यूज।** आज़ से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाऐं परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया हैं। इसीक्रम में राजकीय इण्टर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी हो गयी है। कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल के 259 छात्र एवं इंटरमीडिएट के 263 छात्र बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी एवं नकलविहीन बनाने के लिए सभी कक्ष निरीक्षकों को सख्त दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कक्ष निरीक्षक की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों से भी अपील की है कि वे अनुशासन बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दें।

# सड़क पर कार्य करते समय ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर की मौत

▸ घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने सड़क किनारे लोहे की रैलिंग लगाने का कार्य कर रहे एक मजदूर युवक को टक्कर मार दी। उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लाए गए मजदूर की मौत की पुष्टि डाक्टरों ने कर दी।

जानकारी के मुताबिक फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज निवासी 32 वर्षीय अमित कुमार मजदूरी का कार्य करता था। मंगलवार को काम करने वाले अन्य लोगों के साथ अमित तिर्वा बेला वाया औरैया मार्ग पर स्थित उमर्दा कस्बे के निकट निचली गंग नहर के निकट सड़क किनारे रैलिंग लगाने का कार्य कर रहा था। शाम चार बजे के करीब जब अमित अपना कार्य कर रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रण के कारण अमित को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद जहां ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकलने में सफल हो गया,वहीं अमित दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास काम कर रहे अमित के साथ आए उसके अन्य साथियों ने जब अमित को घायल हालत में देखा तो उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज तिर्वा लेकर पहुंचे। यहां डाक्टरों ने अमित की मौत की पुष्टि कर दी।

# माहे रमज़ान का चांद आज दिखने की उम्मीद : मुफ्ती रिजवान

▸ चांद नज़र आते ही तरावीह और रोज़ो की शुरूआत हो जायेंगी
▸ मुस्लिम समुदाय बेसब्री से रमज़ान के आगमन का कर रहे है इंतजार

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**




रमजान का महीना आने वाला है बड़ी बरकतों वाला यह महीना होता हैं और खूब सदका, खैरात करने का होता हैं ज्यादा से ज्यादा अपने खालिक और मालिक को याद करने के होता हैं दिन के अंदर अपने रब के नाम पर भूखा और प्यास रहकर इबादत का रोजा रखा जाता है और हर तरह के बुरे कामों से बचा जाता है इसी तरीके से रात में भी खूब अल्लाह को याद किया जाता है और इस महीने के अंदर जहां दिन में रोजा रखा जाता है रात में इस महीने की अहम इबादत तरावीह की नमाज भी अदा की जाती है जिसके अंदर 20 रकाते होती हैं और उनकी रकातों में कुराने पाक पढ़ा और सुना जाता है कम से कम एक कुरान ए पाक तो आम तौर पर पूरा ही किया जाता है लेकिन जिन लोगों को अल्लाह ताला तौफीक देता है तो वह एक से ज्यादा भी सुनते हैं और पूरे महीने तरावीह की नमाज की पाबंदी से अदाएगी करते हैं। यह बातें मंगलवार को समधन नगर में मुफ्ती रिजवान ने फहीम शेख संवाददाता को बताई उन्होंने कहा कि यह महीना पहली तारीख से लेकर आखिरी तारीख तक बड़े ही इबादत में लगाव के साथ गुजारना जरूरी होता है ऐसा नहीं होता है की शुरू में इबादत करले कुछ दिन और फिर छुट्टी हो जाए बल्कि इसका एक एक दिन बहुत ही ज्यादा इबादत का होता है पहले 10 दिन और दूसरे 10 दिन और फिर आखरी 10 दिन जितना आगे बढ़ते जाते हैं उतना ही ज्यादा आदमी के नेकियां में इजाफा होता है और इंसान को और ज्यादा खुदा की याद में और उसके हुकुम को पूरा करने में ज्यादा तवज्जोह देने की जरूरत होती है रोजा रखना हर मर्द और औरत जो 15 साल के करीब बालिग हो जाते हैं वहां से लेकर बड़ी उम्र तक के तमाम लोगों पर मर्द हो या औरत उनके ऊपर रोजा रखना फर्ज और जरूरी होता है इसलिए लोगों पर जरूरी और फर्ज है कि इस महीने के अंदर रोजे की अदायगी करें और जिनको अल्लाह ने नवाजा है चाहे कम हो या ज्यादा माल हो हर हर शख्स को ज्यादा से ज्यादा गरीबों पर सदका व खैरात करना चाहिए नेक कामों के अंदर अपने माल को खुदा की राह में देना चाहिए और हर शख्स हर बुरे काम से बचे लड़ाई झगड़ों से बुरी बातों से गाली गलौज से एक दूसरे को तकलीफ पहुंचाने से इस महीने के अंदर और ज्यादा बचना जरूरी होता है अपनी परेशानी दुआओं के अंदर बयान करें और परेशानियों को दूर करने की दुआ खूब ज्यादा से ज्यादा करें कुरान की तिलावत खूब करें एक कुरान तो जरूर पूरा करें।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को मदर निर्मला फाउंडेशन उत्तर प्रदेश (नॉलेज पार्टनर संस्था) द्वारा नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत सोर्स सेग्रीगेशन (स्त्रोत पृथक्करण) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वार्ड 3 आर्य नगर, मोहल्ला रामनगर एवं सराय गूजरमल) तथा वार्ड 4 संजय नगर मोहल्ला करसाबान, बारात घर एवं हीरालाल कॉलेज के पीछे संपन्न हुआ। संस्था के कार्यक्रम संयोजक इकबाल बहादुर, मणि मिश्रा एवं टीम सदस्य मिली शाक्य ने गीला कचरा हरे सेक्शन, सूखा कचरा नीले सेक्शन, सेनेटरी वेस्ट/डायपर लाल डस्टबीन तथा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट काले डस्टबीन में डालने की जानकारी दी। स्थानीय निवासियों को अलग-अलग डस्टबीन उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं की सर्वाधिक भागीदारी रही। उन्होंने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और गीला-सूखा कचरा पृथक्करण करने तथा दूसरों को प्रेरित करने का वचन दिया। जिज्ञासाओं के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। नगर पालिका के सुपरवाइजर आनंद, अमरजीत एवं सफाई कर्मचारी आकाश, सूरज, वंदना, कप्तान आदि उपस्थित रहे। संस्था के निदेशक डॉ. जितेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि वार्ड पार्षद अंजू लता, माधुरी देवी सहित राधा, निशा, प्रिया यादव, अल्पना, गमता गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया।





# दुष्कर्म के आरोपी की अतिक्रमित जमीन पर चला बुलडोजर

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

इंटरमीडिएट छात्रा से दुष्कर्म के करीब पांच माह पुराने मामले में प्रशासन ने अब आरोपितों से जुड़े अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे प्रशासनिक टीम बुलडोजर के साथ आरोपित अनस के गांव निजामुद्दीनपुर पहुंची। जहां गाटा संख्या 336 नवीन परती भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को ध्वस्त कराया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि सरकारी थी। जिस पर पक्का निर्माण कर कब्जा किया गया था। टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण हटवाया और कब्जा मुक्त कराया। इसके बाद बुलडोजर कंपिल स्थित कोचिंग सेंटर के सामने पहुंचा, जहां आरोपित शीबू और सलमान से संबंधित बताई जा रही दुकानों पर कार्रवाई की गई। प्रशासन के पहुंचने से पहले परिजनों ने स्वयं दुकानें खाली कर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन राजस्व टीम ने नियमानुसार अतिक्रमण हटवाया। इससे पूर्व सोमवार सायं शमशाबाद के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नगर लेखपाल पंकज चौहान, पूजा चौहान, रोहित अवस्थी व पुलिस बल की टीम ने दुकानों की पैमाइश व चिन्हांकन किया था। जांच में कई दुकानें अतिक्रमण कर निर्मित पाई गई। कोचिंग सेंटर के पास स्थित शकील मार्केट की कुछ दुकानें कब्रिस्तान की भूमि पर बनी पाई गई। जिनका सीमांकन कर अतिक्रमण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी

कार्रवाई के दौरान जब बुलडोजर अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों को ढहाने पहुंचा, तभी दुकान मालिक शकील ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को अवगत कराया कि मामले में हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की जा चुकी है। अभिलेखों की पुष्टि के बाद अधिकारियों ने उक्त दुकानों पर तत्काल कार्रवाई रोक दी। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित लोगों को तीन दिन पूर्व ही नोटिस जारी किए गए थे और नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पांच माह पूर्व कोचिंग संचालक समेत तीन लोगों शीबू, सलमान और अनस पर छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश था और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग लगातार उठ रही थी। एसडीएम कायमगंज अतुल कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट में रिट दाखिल होने के कारण कुछ दुकानों पर फिलहाल कार्रवाई नहीं की गई है। न्यायालय से आदेश मिलते ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी, जबकि अन्य स्थानों पर विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

# डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने अम्मान ग्लास स्टोर का किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मसेनी चौराहा स्थित अम्मान ग्लास स्टोर का फीता काटकर शुभारंभ किया। फर्रुखाबाद के क्षेत्र मसेनी चौराहा के निकट मंगलवार को अम्मान ग्लास का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेंद्र सिंह यादव ने मसेनी चौराहा स्थित अम्मान ग्लास स्टोर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टोर के प्रोपराइटर फुरकान व शमशुल हुसैन को स्टोर खोलने पर बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में अम्मान ग्लास का स्टोर खुलने से आसपास के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्टोर के प्रो0 व अन्य सहयोगियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



अम्मान ग्लास स्टोर का शुभारंभ करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

# हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और नैतिक मूल्यों पर दिया गया बल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक एकता को मजबूत करना और युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ना था। मंच पर उपस्थित वक्ताओं और अतिथियों ने अपने संबोधनों में सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और सामूहिक सहयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बदलते समय में संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ आपसी सद्भाव बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वक्ताओं ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें समाज सेवा और सकारात्मक कार्यों में शामिल होने का संदेश दिया। आयोजन स्थल पर अनुशासन और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को एक मंच पर लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर मानवेंद्र सिंह जिला प्रचारक, रजत शारीरिक शिक्षण प्रमुख, रामनिवास खंड संघ चालक, वीर सिंह खंड कार्यवाह, रीता पाठक, सुखनंदन, रजत पाल, सर्वेश राजपूत, अनुपम और शिव ओम राठौर सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्तागण

# एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन

▸ भाकियू कार्यकर्ताओं की पूर्व घोषणा से तैनात रहा भारी पुलिस फोर्स

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा और क्षेत्रवासियों ने एक ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय जनता में ट्रेनों के न रुकने से भारी रोष व्याप्त है।

क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों ने रेलवे प्रशासन से ट्रेन संख्या 15040 कानपुर की ओर जाने वाली और 15041 फर्रुखाबाद से कासगंज की ओर जाने वाली के ठहराव की पुरजोर मांग की है। वर्तमान में सुबह 7:15 बजे फर्रुखाबाद से कासगंज की ओर जाने वाली एक्सप्रेस 15041 और सुबह 10:30 बजे कानपुर की ओर जाने वाली एक्सप्रेस 15040 शमसाबाद स्टेशन पर नहीं रुकती हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शमसाबाद स्टेशन एक बड़ी आबादी के लिए यातायात का मुख्य केंद्र है। इस रूट पर चलने वाली अन्य सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव यहां दिया गया है, लेकिन इन दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के न रुकने से लखनऊ, कानपुर, कन्नौज और कासगंज जैसे शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



पुलिस से वार्ता करते भाकियू कार्यकर्ता

ज्ञापन में बताया गया कि इस समस्या के कारण छात्र-छात्राएं जो उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में जाते हैं, व्यापारी जिनका व्यापारिक आवागमन बाधित हो रहा है और आपातकालीन चिकित्सा के लिए लखनऊ या कानपुर जाने वाले मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें ट्रेन न मिलने से काफी परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यदि इन ट्रेनों का ठहराव शमसाबाद में सुनिश्चित किया जाता है, तो यात्रियों को किफायती और सुरक्षित यात्रा मिलेगी। वहीं यात्रियों की संख्या बढ़ने से रेलवे विभाग को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। जिससे क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास संभव हो सकेगा। क्षेत्र की जनता ने रेल मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों से जनहित में जल्द से जल्द इन ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

यह ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मीना, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर रिपु दमन सिंह और थाना नवाबगंज के इंस्पेक्टर विजय कुमार की मौजूदगी में स्टेशन मास्टर अरुण कुमार को सौंपा। इस दौरान किसान यूनियन कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, शमसाबाद नगर प्रभारी सलमान खान, पप्पू राठौर, आदेश यादव सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक कार्यालय का किया निरीक्षण



चौपाल में जनता की समस्यायें सुनते सीडीओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। साफ-सफाई को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने आफिस, स्टाफ लिपिक समेत सभी पटलों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कागजों के रख रखाव व साफ-सफाई को देखकर खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत नरैनामऊ में आयोजित चौपाल में पहुंचकर जनता की समस्यायें सुनीं। समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी तथा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने पर बल दिया। ब्लाक निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद. सचिव शुभम तिवारी आदि मौजूद रहे।

### युवक द्वारा शराब के नशे में महिला से छेड़छाड़ करने पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पीड़िता मांडवी पुत्री स्व0 रतन कुमार ने पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह ग्राम बिचपुरी थाना कमालगंज की निवासी है। दिनांक 10.02.2026 को शाम समय करीब 7:30 बजे विपिन की डेयरी से दूध देकर वापस घर जा रही थी, तभी ग्राम देवराजपुर के विनोद पुत्र हरपल शराब के नशे मे मुर्गी फार्म के पास बाइक रोककर मेरा हाथ पकड़ा। जब मैंने शोर मचाया, तो मेरा भाई मौके पर आ गया। भाई को देखकर विनोद मोटर साइकिल वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### कच्ची शराब सहित युवक को पकड़कर पुलिस ने जेल भेजा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को उप निरीक्षक भूकेन्द्र सिंह क्षेत्र में गशत कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक अमानाबाद मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से एक कट्टी बरामद हुई। जिसमें कच्ची शराब थी। नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम अखलेश पुत्र शिवनंदन लाल नि0 कंधरापुर थाना जहानगंज बताया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# डेढ़ माह पूर्व हुई हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में दिसंबर माह में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार चल रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर को गांव मई रसीदपुर निवासी सोवरन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव झाड़ियों में मिला था। कायमगंज कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की टीमें जांच में लगाई गई थीं। विवेचना के दौरान मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव साहिबाबाद निवासी विकल, एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर निवासी सनी उर्फ दीपक राजपूत और नवाबगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी जबर सिंह के नाम सामने आए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विकल और सनी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि जबर सिंह फरार है। पूछताछ में आरोपी विकल ने बताया कि 24 दिसंबर को वह जबर सिंह और सनी के साथ जबर सिंह के भाई की बेटी की शादी के लिए सामान लेने जा रहा था। रास्ते में रसूलपुर मार्ग पर उनकी बाइक एक साइकिल सवार से टकरा गई। साइकिल सवार नशे में था और टक्कर के बाद कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान साइकिल सवार ने जबर सिंह को बेटी की गाली दे दी। इससे नाराज होकर जबर सिंह ने तमंचे से उसकी कमर में गोली मार दी।



घटना का खुलासा करते एएसपी व हत्यारोपी

घायल युवक गिरा फिर उठकर आगे बढ़ा तो आरोपी ने सामने से दूसरी गोली मार दी। बाद में तीनों आरोपियों ने उसे उठाकर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी तमंचा 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस और सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी जबर सिंह हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 46 मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें गैंगेस्टर और गुंडा एक्ट की धाराएं भी शामिल हैं। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# ऑडियो वायरल होने के बाद दरोगा पर गिरी गाज, लाइनहाजिर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दरोगा का हिस्ट्रीशीटर से शराब मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दरोगा जगदीश वर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है। कायमगंज कोतवाली में तैनात दरोगा जगदीश वर्मा का बीते दिन एक ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें दरोगा जगदीश वर्मा इलाके के एक हिस्ट्रीशीटर से बात कर रहे थे। शुरुआत में बातचीत टीन शेड और अवैध निर्माण रुकवाने को लेकर हुई। हालांकि बाद में दरोगा ने कथित तौर पर हिस्ट्रीशीटर से 20 क्वार्टर शराब पौआ की मांग कर दी। एक पुलिस अधिकारी द्वारा एक अपराधी से शराब मंगवाने को लेकर इतनी देर तक चर्चा करना हैरान करने वाला था। दरोगा जगदीश वर्मा के लिए यह कार्रवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह अपने सेवाकाल के अंतिम चरण में थे। उनका रिटायरमेंट 31 मार्च को होना है और उनके सेवाकाल के केवल 42 दिन शेष बचे थे। सेवा पूरी होने से ठीक पहले हुई इस कार्रवाई ने पुलिस विभाग में भी हलचल मचा दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि ऑडियो वायरल करने वाला व्यक्ति एक शातिर अपराधी है। जिस पर गैंगस्टर और गुंडा एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। एसपी आरती सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को लाइन हाजिर किया गया है और मामले की विभागीय जांच जारी है।

# हंगामे के बीच निरस्त हुई अनुसूचित वस्तु विक्रेता दुकान की बैठक



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर क्षेत्र के लीलापुर गांव में अनुसूचित वस्तु विक्रेता की दुकान के चयन को लेकर बुलाई गई बैठक हंगामे के बीच निरस्त कर दी गई। बैठक संपन्न कराने के लिए एडीओ (एसवी) मौके पर पहुंचे थे, लेकिन एसवी प्रत्याशी की अनुपस्थिति और आपसी विवाद के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार इस दुकान के चयन को लेकर रिया पत्नी सनी और मनीषा पत्नी प्रदीप दो प्रत्याशी मैदान में थीं। बताया गया कि एक प्रत्याशी बीमारी के चलते मौके पर उपस्थित नहीं हो सकी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के समर्थक आक्रोशित हो गए और कहासुनी के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुईए जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौके पर पुलिस बल मौजूद नहीं था। यदि समय रहते स्थिति पर काबू न पाया जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अगली बैठक में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चयन प्रक्रिया पूरी हो सके। एडीओ द्वारा बैठक को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। अब नई तिथि घोषित किए जाने की संभावना है। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकान का चयन पारदर्शी प्रक्रिया से हो और किसी भी तरह का दबाव या विवाद न हो, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर आवश्यक वस्तुएं मिल सकें।

# मुकदमा दर्ज कराने की रंजिश में अधिवक्ता के घर पर फायरिंग से दहशत



जांच पड़ताल करती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** फरार आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराने की रंजिश को लेकर अधिवक्ता के घर पर फायरिंग की गयी। जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बसाह निवासी अधिवक्ता ऋतुराज प्रताप सिंह के बताएं अनुसार उन्होंने बीते कुछ दिन पूर्व गांव के ही आरोपी गब्बर सिंह जो की ट्रांसफार्मर काटकर तेल चोरी का कार्य करता था, जिसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें कई लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी थी, लेकिन अधिवक्ता ऋतुराज प्रताप सिंह के बताए अनुसार आरोपी गब्बर सिंह पुलिस की पकड़ से दूर था। मंगलवारको वह लोग घर पर नहीं थे, तभी आरोपी दरवाजे पर आया और गाली-गलौज देते हुए उसने फायरिंग करना शुरू कर दी। गांव में हुई फायरिंग से अचानक हड़कंप मच गया। लोगों ने सूचना थाना पुलिस को दी। क्राइम इंस्पेक्टर संजय राय भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन आरोपी तब तक मौके से फरार हो चुका था। वहीं अधिवक्ता ऋतुराज प्रताप ने बताया कि वह आरोपी के विरुद्ध तहरीर देंगे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया की झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस बल मौके पर भेजा गया है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दुष्कर्म के आरोपी को थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कलौली महबुल्लापुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की शिकायत थाना पुलिस से की थी। जिस पर थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। मामला सही पाए जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। जिसके लिए आरोपी की तलाश की जा रही थी। जिस पर आज थाना पुलिस हल्का के दरोगा पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी न्यू सिंह ईट भट्ठा के निकट मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# करियप्पा ग्राउंड में पूर्व सैनिक रैली का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ स्थित करियप्पा ग्राउंड में मंगलवार को पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। राजपूत रेजिमेंटल सेंटर ने वीर नारियों और पूर्व सैनिक समुदाय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा उनके सहयोग के उद्देश्य से यह रैली आयोजित की। इसकी अध्यक्षता ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा, युद्ध सेवा मेडल, कमांडांट राजपूत रेजिमेंटल सेंटर ने की। जनपद और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 500 पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने इस रैली में भाग लिया। वीर नारियों और शौर्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप आवश्यक आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों तक पहुँचकर उनके कल्याण को सुनिश्चित करना था। रैली में सिविल एवं पुलिस प्रशासन, जिला सैनिक बोर्ड फतेहगढ़, कोषागार कार्यालय, सेना कल्याण नियुक्ति संगठन और सेना डाक कार्यालय जैसे विभिन्न विभागों द्वारा कल्याणकारी स्टॉल लगाए गए। इसके अतिरिक्त पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस), विभिन्न बैंक और आधार अद्यतन केंद्रों ने भी अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर पूर्व सैनिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन संबंधी मामलों और सरकारी पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। राजपूत रेजिमेंट ने भारतीय सेना की सभी सशस्त्र सेनाओं और सेवाओं के लिए समर्पित स्टॉल भी स्थापित किए। यहाँ पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की पेंशन तथा दस्तावेज संबंधी शिकायतों का समाधान किया गया। प्रशासनिक अधिकारी राजेश गुप्ता ने पूर्व सैनिकों की समस्यायें सुनीं। जिसमें सबसे ज्यादा भूमि व लाइसेंस नवीनीकरण से संबंधित थीं। पेंशन प्रशासन प्रणाली (स्पर्श) पर विस्तृत अभिमुखीकरण सत्र दृश्य श्रव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आयोजित किए गए। इसके बाद मुख्य अभिलेख अधिकारी राजपूत रेजिमेंट के साथ एक संवाद सत्र भी हुआ। सैन्य चिकित्सालय फतेहगढ़ के तत्वावधान में एक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना प्रकोष्ठ और सिविल चिकित्सकों के समन्वय से आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की गई। रैली का समापन पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के साथ व्यक्तिगत संवाद और सामुदायिक भोज के साथ हुआ। यह आयोजन भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा युद्ध और शांति दोनों कालों में प्रदर्शित शौर्य, त्याग और समर्पण को नमन करने का एक सच्चा प्रयास था। यह रैली अपने पूर्व सैनिकों के कल्याण और सम्मान के प्रति सेना की अटूट प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है।



वीर नारियों को सम्मानित करते ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पूर्व सैनिक व अन्य

# तंबाकू व्यापारियों ने 40 प्रतिशत बढ़ी जीएसटी पर किया विचार विमर्श

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

टोबैको ट्रेड एसोसिएशन कायमगंज की ओर से तंबाकू व्यापारियों की एक आम सभा का आयोजन लाला परमानंद की बगीची पटवन गली में किया गया। जिसमें तंबाकू पर बढ़ी 40 प्रतिशत जीएसटी पर विचार विमर्श किया गया। इस पर तंबाकू व्यापारियों एवं सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे। जिसमें यह तय हुआ कि इस सम्बन्ध में तम्बाकू व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त मंत्री उ0प्र0 सरकार से मिलकर तम्बाकू पर 40 प्रतिशत जीएसटी से होने वाली समस्याओं से अवगत करायेगा एवं उनसे प्रार्थना की जाएगी कि वह इन समस्याओं को केंद्रीय सरकार को लिखकर अवगत कराएं। इस अवसर पर टोबैको ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, अभिषेक अग्रवाल, महामंत्री संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल राधे, मंत्री अंकित अग्रवाल, रसिक अग्रवाल, श्रवण कौशल, विजय विक्रम सिंह, विजय गुप्ता, धीरज अग्रवाल, संगठन मंत्री अभिषेक माहेश्वरी, राघव अग्रवाल, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र के प्रांतीय उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री एवं लखपति सक्सेना, अनवर खान, विजय गुप्ता, यामीन खान, अजय कुमार, राजन गुप्ता, शशांक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रोहित गुप्ता, अंबुज गंगवार, फतेहबहादुर गंगवार, नीरज अग्रवाल, भूरेंद्र सिंह गंगवार, असद खान, सुधीर अग्रवाल आदि तंबाकू व्यापारी उपस्थित थे।



बैठक के दौरान मौजूद व्यापारीगण

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालय को मिला प्रशंसा प्रमाण पत्र

**पूर्व सैनिक सम्मेलन में कैम्प लगाकर किया गया उपचार**


शिविर में मौजूद चिकित्सक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालय को राजपूत रेजीमेंटल सेंटर फतेहगढ़ द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर फतेहगढ़ में पूर्व सैनिक तथा उनके स्वजनों हेतु निः शुल्क चिकित्सा शिविर सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 स्टॉल लगाए गए। जिनमें 20 से अधिक चिकित्सा स्टॉल शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवानिवृत्त सैनिकों एवं उनके परिजनों को विभिन्न कल्याणकारी एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। मेजर एसडी सिंह स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और पूर्व सैनिकों व उनके परिवारजनों को समर्पित चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। महाविद्यालय के शिक्षण संकाय एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने चिकित्सा शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा 150 से अधिक रोगियों को परामर्श एवं निःशुल्क उपचार प्रदान किया। साथ ही, संस्थान की ओर से आवश्यकतानुसार 25 रोगियों को निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर एम. मिशेल डीसूज़ा कमांडेंट राजपूत रेजिमेंटल सेंटर रहे। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त सैनिकों को देश की सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. नीतूश्री ने अपने वक्तव्य में वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने आयुर्वेद के अनुसार स्वास्थ्य की परिभाषा बताते हुए स्पष्ट किया कि वृद्धावस्था में वात दोष की प्रधानता किस प्रकार स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। साथ ही, वात दोष को नियंत्रित करने के उपायों एवं कुछ उपयोगी आयुर्वेदिक औषधियों की संक्षिप्त जानकारी भी दी। चिकित्सा शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता सिंह, मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ.मधु रंजन, सामान्य चिकित्सक डॉ. रुमा डे, नेत्र रोग एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. जिनूप पी, तथा स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र विभाग से डॉ. निशिता एवं डॉ. प्राची ने महिला रोगियों को विशेष परामर्श प्रदान किया। शल्य तंत्र विभाग से डॉ. अनल, डॉ. रवि राव एवं डॉ. रश्मि ने शल्य संबंधी परामर्श दिया। रोगियों को निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराने हेतु फार्मासिस्ट चंद्रभान उपस्थित रहे। संचालन डॉ. नीतूश्री के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर एम. मिशेल डीसूज़ा ने सभी सहभागी चिकित्सकों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों को उनके सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

# डीएम ने विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज का किया निरीक्षण

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विकासखंड कार्यालय कमालगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ब्लॉक परिसर में खड़ी गाड़ियों को हटवाने के निर्देश दिये। विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना/राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग करने, सभी कर्मियों की सेवा पुस्तिका, कैशबुक अपडेट रखने, फार्मर रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने, स्पेशल क्लोज व असंतुष्ट


निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखते डीएम

आई.जी.आर.एस. प्रकरणों का रिव्यू करने के लिये निर्देशित किया। डीएम ने सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण की अलमारी में अभिलेख व्यवस्थित तरीके से रखे होने पर नाराजगी जताई। डीएम ने कार्यालय परिसर में स्थापित प्रेरणा कैंटीन व पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा आज से शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


परीक्षा के लिए तैयार विद्यालय

**सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्तों के कंधों पर होगी नकल रोकनी की जिम्मेदारी**

**हाईस्कूल में 24733 व इंटर मीडिएट में 21502 छात्र-छात्रायें परीक्षा में होंगे शामिल**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा चाक चौबंध व्यवस्था के बीच आज से शुरु होगी। नकल विहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति करके नगल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया गया है। सीसीटीवी कैमरे तथा कंट्रोर रुम से पूरी परीक्षा पर नजर रखी जायेगी। जानकारी के मुताबिक, हाईस्कूल में 24733 तथा इंटर मीडिएट में 21502 छात्र-छात्रायें परीक्षा में शामिल होंगे। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा हेतु उन्हें हाईसिक्योरिटी जोन में 24 घंटे सीसीटीवी एवं सुरक्षा बल की देखरेख में रखा गया है। आज 18 फरवरी को हाईस्कूल की हिंदी तथा इंटर मीडिएट की सामान्य हिन्दी एवं हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। हाईस्कूल परीक्षा 8:30 से 11:45 तक तथा इंटर मीडिएट की 2 बजे से 5:15 तक होगी। परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेगी, जिसके लिए 78 केंद्र बनाये गये है। कैदियों की परीक्षा हेतु केंद्रीय कारागार में भी सेंटर बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह सहित 6 शिक्षाधिकारियों के सचल दलों पर नकल रोकने की जिम्मेदारी होगी। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा शान्तिपूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु सभी पर्याप्त व्यवस्थायें की गई है।

# बिना लाइसेन्स प्राप्त कृषि उत्पाद व आलू का भण्डारण करने पर होगी कार्यवाही

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद में कुल 112 शीतगृह हैं, 3304388.83 घन मीटर (1057027.30 मी0टन) है तथा 08 नवीन शीतगृह बन रहे हैं। जिसमें से वर्ष 2025 से मेसर्स अर्जुन कोल्ड स्टोरेज, कमालगंज एवं मेसर्स स्वामी आत्मानन्द सरस्वती कोल्ड स्टोरेज, रूनी चुरसई कमालगंज ने संदर्भित शीतगृह को बन्द कर रखा है। वर्ष 2026 में मेसर्स कायमगंज कोल्ड स्टोरेज कायमगंज द्वारा कोल्ड स्टोरेज नवीनीकरण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की पत्रावली प्रस्तुत नहीं की गई है तथा मौखिक रूप से बन्द रखने के लिए कहा गया है। 10 फरवरी को जिलाधिकारी ने विकास खण्डवार ऐसे शीतगृहों को नोटिस दिया गया था,


कोल्ड स्टोरे का निरीक्षण करते अधिकारी

जिनका लाइसेन्स अभी तक वर्ष 2026 के लिए लाइसेन्स नवीनीकरण/ बना नहीं था, जिसमें से अभी तक निम्नलिखित शीतगृहों द्वारा लाइसेन्स नवीनीकरण हेतु समस्त प्रपत्र अथवा पत्रावली कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये हैं।

आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार वर्ष 2026 में शीतगृहों का लाइसेन्स नवीनीकरण/नवीन शीतगृह लाइसेन्स कराने के उपरान्त ही शीतगृह स्वामियों को आलू भण्डारण हेतु कहा गया है, सामान्यतः बिना लाइसेन्स नवीनीकरण शीतगृहों में कृषि उत्पाद यथा आलू का भण्डारण करने से किसी प्रकार की क्षति होने पर भण्डारणकर्ताओं एवं शीतगृह स्वामियों के मध्य वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, जोकि जन-समान्य एवं कृषकों के हितों को देखते हुए ठीक नहीं है। उक्त शीतगृह स्वामियों को तत्काल समस्त प्रपत्र कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी में लाइसेन्स प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में उपर्युक्त शीतगृह स्वामियों द्वारा बिना लाइसेन्स प्राप्त किये कृषि उत्पाद यथा आलू का भण्डारण किया जाता है तो आपके विरूद्ध उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज विनियमन अधिनियम-1976 के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत प्रथम प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही साथ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

आलू उत्पादक कृषकों के हितों को ध्यान में देखते हुए सभी समस्त शीतगृह स्वामियों को यह सलाह दी जाती है कि शीतगृह के मुख्य द्वार पर शीतगृह से सम्बन्धित समस्त सूचना, जोकि आलू किसान अधिकार पत्र में निहित है का उल्लेख स्पष्ट रूप से बोर्ड पर करें, साथ ही यह भी उल्लेख करें कि शीतगृह लाइसेन्स वर्ष 2026 के लिए नवीनीकृत है।

# लापरवाह सहायक विकास अधिकारी (पं) व कृषि पर होगी कार्यवाही


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।
डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पाया गया कि विकास खण्ड स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने की प्रगति के सम्बन्ध में कार्मिकों की समीक्षा नहीं की जा रही है। परिणामस्वरूप विकास खण्ड स्तर पर अधिक संख्या में किसानों का डाटा लम्बित है, फिर भी प्रगति नहीं हो रही है। डीएम ने कार्य में लापरवाही बरतने हेतु सहायक विकास अधिकारी (पं0) एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने निर्देशित किया कि कार्मिकों की प्रगति की प्रतिदिन की समीक्षा करें तथा अतिशीघ्र समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बताना सुनिश्चित करें। यदि कोई कार्मिक इस कार्य में लापरवाही बरतता है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया एवं समस्त विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (पं0), सहायक विकास अधिकारी (कृषि), पंचायत सचिव तथा ए.पी.ओ. उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय निनौआ में वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 14वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने कहा कि खेलों में विजयी होना नहीं अपितु प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जीवन में महत्व सफलता का नहीं अपितु संघर्ष का है।

विशिष्ट अतिथि भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने कहा कि खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से पुष्ट करता है, अपितु मानसिक दृष्टता भी प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी शिखर रस्तोगी ने कहा कि हर युवा के लिए अनुशासित जीवन जीने के लिए खेल बहुत ही जरूरी है। इससे पूर्व वाकदेवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों तथा प्राचार्य डॉ0


प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्रायें

कल्पना सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की छात्राओं आकृति, सलोनी, सोनाली व काजल ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का बैज तथा कैप लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने ध्वजारोहण व मार्चपास्ट तथा पूर्व चैंपियन आयुष कुमार तथा बबली ने मशाल दौड़ कराकर कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन की घोषणा की। क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं की 100 मीटर छात्र वर्ग में आयुष कुमार प्रथम, आशुतोष सिंह द्वितीय तथा शिवांग तृतीय रहे। 100 मीटर छात्रा वर्ग में सलोनी प्रथम, सौम्या द्वितीय, तथा मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ प्रतोयोगीता छात्रों मे आयुष कुमार प्रथम, शिवांग द्वितीय तथा राजन भास्कर तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में सलोनी प्रथम, मुस्कान द्वितीय तथा सौम्या तृतीय रहीं। गोला फेंक प्रतोयोगीता छात्र वर्ग में राजन भास्कर प्रथम, आशुतोष द्वितीय, कुशाग्र तिवारी तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में बबली प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, सौम्या तृतीय रहीं।

भाला प्रक्षेपण छात्रा वर्ग में प्रज्ञा प्रथम, बबली द्वितीय, अंकिता तृतीय रहीं तथा छात्रों मे प्रणव कुमार प्रथम, शिवांग द्वितीय, आदित्य रतन शाक्य तृतीय रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता छात्र वर्ग मे निलोश कुमार प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय, शिवांग तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में सौम्या चौहान प्रथम, प्रज्ञा चौधरी द्वितीय तथा मुस्कान तृतीय रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

संचालन डॉ. प्रियांशु गुप्ता तथा प्रतियोगिताओं का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रियांशु गुप्ता तथा डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनामिका सक्सेना, विजय विक्रम सैनी व अन्य कर्मचारी व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।


बैठक लेते डीएम व मौजूद अधिकारीगण

# कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिये दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली कम पाई गई, मंडी फर्रुखाबाद, मोहम्दाबाद व कायमगंज की मासिक वसूली कम पाई गई। खनन विभाग की बसूली कम पाई गई, विद्युत विभाग व परिवहन विभाग की बसूली ठीक पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंध, मंडी विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी.एम. डैशबोर्ड व आई.जी.आर.एस. के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमें सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी उपजिलाधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता अनुशासित होकर संगठन को करें मजबूत: रीता शास्त्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला को तीन सत्रों के माध्यम से संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री ने प्रथम सत्र को संबोधित किया। द्वितीय सत्र में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने विचार रखे। अंतिम सत्र में जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मुख्य अतिथि रीता शास्त्री ने कहा भाजपा देश का एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करता है। संगठन में नए दायित्व का निर्वहन करने के लिए नवीन कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति को प्रशिक्षण के माध्यम से समझते हैं। भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित होकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते हैं। भाजपा व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि असंख्य कार्यकर्ताओं का एक ऐसा राजनीतिक दल है जो सिर्फ कार्यकर्ताओं की नींव पर आधारित है जब नींव मजबूत होगी, तभी संगठन मजबूत होगा। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा, नीति, सिद्धांत और कार्यशाली से भली भांति परिचित हो सके। इसके लिए सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर


कार्यशाला को सम्बोधित करती रीता शास्त्री

आयोजित होंगे, एक मजबूत संगठन का आधार प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता होते हैं। शिव महेश दुबे ने बताया कि जनपद के अधिकांश मंडल गठित हो चुके हैं और इन सभी मंडलों में मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। 7 मार्च से 14 अप्रैल के मध्य इन सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। सतपाल सिंह ने संगठनात्मक विषय पर चर्चा करते हुए कहा भाजपा आज शिखर पर है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा प्रशिक्षण शिविर की जिला कार्यशाला के माध्यम से सभी मंडलों में नई कमेटियों में दायित्व का निर्वहन करने वाले नवीन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का है, सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। संचालन सुनील रावत ने किया। इस अवसर पर डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, विमल कटियार, कुलदीप गंगवार, वीरेंद्र सिंह राठौर, डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, जितेंद्र सिंह, संदीप शाक्य, बबीता पाठक, ममता सक्सेना, डॉ0 धर्मेंद्र राजपूत, राजकुमार वर्मा, अशनील दिवाकर, धीरेंद्र वर्मा, कृष्ण मुरारी राजपूत, रमला राठौर, हिना दुबे, रश्मि दुबे, नीरज द्विवेदी, वीर बहादुर पाल, सर्वेश कुशवाहा, शैलेंद्र राजपूत, गुरुचरन आजाद, कुलदीप कुशवाहा, अभिषेक बाथम, वीरेंद्र कठेरिया, अमित पाल, नवनीत पाल, पुष्पराज सिंह, अनिल कुमार राजपूत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने न.पं. कार्यालय कमालगंज का किया निरीक्षण

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नगर पंचायत कार्यालय कमालगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

डीएम ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र पटल, आधार कार्ड संसोधन पटल का निरीक्षण


निरीक्षण करते डीएम

किया। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने स्टोर चेक किया। सभी अनुभागों में रिकार्ड सही रखने, निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने, खराब मशीनों की मरम्मत कराने, निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण कराने, सफाई व्यवस्था में सुधार करने, जलकर व गृहकर की बसूली में तेजी लाने, राज्य वित्त व 15वें वित्त के पैसे को कार्ययोजना बनाकर उपभोग करने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायती राज अधिकारी का जनपद कासगंज तबादला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला पंचायती राज अधिकारी का जनपद कासगंज के लिए तबादला कर दिया गया था। विशेष सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश द्वारा 03 अक्टूबर 2025 को राजेश चौरसिया जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रुखाबाद को तत्कालिक प्रभाव से शासकीय कार्यहित में जनपद कासगंज में तैनाती की गई है। नवप्रोन्नत जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया को शासकीय कार्यहित में जनपद कासगंज में तैनात करते हुए अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही स्थानान्तरित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर प्रत्येक दशा में कार्यभार ग्रहण करने हेतु तत्काल कार्यमुक्त करने की अपेक्षा की गई थी। अभी तक कार्य मुक्त न किये जाने के चलते पंचायती राज विभाग ने राजेश चौरसिया को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर कासगंज योगदान करने हेतु कार्यमुक्त करने के निर्देश के साथ कासगंज जिलाधिकारी के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। जिला पंचायत राज अधिकारी के रिक्त पद पर स्थाई नियुक्ति होने तक जिला पंचायत राज अधिकारी के पद के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों को सम्पादित करने हेतु परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को अधिकृत किया गया।

# मण्डल स्तरीय बाल उत्सव 2.0 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मण्डल स्तर पर मीना मंच के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन व जनपदीय मीना मंच नोडल भारती मिश्रा के संयोजन में बाल उत्सव 2.0 कार्यक्रम में जिले के समस्त नोडल, मास्टर ट्रेनर, सुगमकर्ता, बच्चों तथा अभिभावकों ने बीएनएसडी शिक्षा निकेतन, बेनाझाबर कानपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम में जनपद से प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले बच्चों, सुगमकर्ताओं एवं नोडल शिक्षिकाओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बस द्वारा रवाना किया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुनील कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर कानपुर के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ द्वारा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर बनाई गई 6 कॉमिक्स बुक्स की सीरीज पर स्टाल लगाए गए। मेरे बदलाव की कहानी तथा कॉमिक्स निर्माण में जनपद स्तर पर चयनित बच्चों का विभिन्न स्तरों पर परीक्षण किया गया। कॉमिक्स


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें

निर्माण में कस्तूरबा राजेपुर की सुप्रिया का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। मास्टर ट्रेनर तथा ब्लॉक नोडल सुनीता चौहान, सुधा वर्मा, पूनम ओझा, साधना सिंह, मोनिका खन्ना, सुगमकर्ता, रेखा, विजय लक्ष्मी, ममता रानी, सुकीर्ति बघेल, अनुपम मिश्रा एवं चेतन भारती ने प्रतिभाग किया। कहानी प्रतियोगिता में हिमांशी, राहिब, आंशिका, दिव्या यादव एवं अनुष्का गायत्री ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

वहीं कॉमिक प्रतियोगिता में आकांक्षा, सोनम, सूची राजपूत, सुप्रिया, यास्मीन एवं प्रियंका ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के अभिभावकों तथा एसएमसी अध्यक्ष आदित्य कुमार, रजनी, अफशां, आफताब जहां एवं हरेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालक-बालिकाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना था। मण्डल स्तरीय इस आयोजन ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एडी बेसिक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर इटावा, औरया, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद व कानपुर नगर के बच्चों तथा मीना मंच से जुड़े अन्य सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# कांग्रेसियों को पुलिस ने नहीं जाने दिया लखनऊ, रखा नजरबंद


नजरबंद अंकुर मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर जिला व शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन को लेकर लखनऊ जाना था। प्रदर्शन की सूचना पाकर पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के घर के बाहर पहरा बढ़ाते हुए उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया। हाउस अरेस्ट की सूचना पर कांग्रेसी एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो पाये। जिसके चलते उनका प्रदर्शन नहीं हुआ। सुबह से ही शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा नजरबंद रहे। वहीं जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी को हाउस अरेस्ट किया गया। सिविक एण्ड सोशल आउटरिच विभाग कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ. अरुण अग्निहोत्री को भी उनके प्रतिष्ठान पर पुलिस ने नजरबंद रखा। जिसके चलते वह लखनऊ नहीं जा पाये। देर रात तक तिवारी गली स्थित शिवाशीष तिवारी कोआर्डिनेटर प्रभारी एटा को भी हाउस अरेस्ट किया गया। वहीं युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्मार अली को भी पुलिस ने नजरबंद रखा। प्रदेश में एक करोड़ मनरेगा मजदूरों के परिवारों के साथ कांग्रेस कंधा से कंधा मिलाकर उनके हितों के लिए खड़ी है और इस संघर्ष में शहर व जनपद स्तर पर भाजपा सरकार का विरोध किया। कई कांग्रेसियों को 17 फरवरी को लखनऊ में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेसी नजरबंद होने के कारण नहीं जा पाये।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

- परिजनों ने युवक पर लगाया हत्या का आरोप
- दीवार फांदकर भागा युवक, पूर्व विवाद भी आया सामने



**लखीमपुर (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम मजिगमा में मंगलवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी श्यामू पुत्र दुलीचंद निवासी ग्राम मजिगमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 फरवरी 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे उनकी पत्नी पथी देवी (लगभग 35 वर्ष) घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव का अरुण कुमार पुत्र जगतपाल कथित रूप से उनके घर पहुंचा।

परिजनों का आरोप है कि अरुण कुमार को उनकी बेटी रूपा देवी ने उस समय देख लिया जब वह पथी देवी को फांसी के फंदे से उतार रहा था। आरोप के मुताबिक, बेटी को देखते ही वह घबरा गया, रस्सी काटी और घर की दीवार फांदकर भाग निकला। इतना ही नहीं, वह रस्सी भी अपने साथ ले गया, जिससे घटना और संदिग्ध हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोने-बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**पूर्व विवाद भी आया सामने:** श्यामू ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि घटना से करीब चार-पांच दिन पूर्व उनकी पत्नी पथी देवी का आरोपी की मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश के चलते हत्या कर शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की आशंका जताई गई है।

**पुलिस ने शुरू की जांच:** मामले को लेकर थाना हैदराबाद के एसओ सुनील मलिक ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मृतका का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं– आत्महत्या और हत्या–दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं परिजनों की तहरीर के बाद आरोपी पक्ष में भी हलचल देखी जा रही है। गांव में घटना को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बिजली के तार से निकली चिंगारी से छह बीघा गन्ना जलकर राख



**निघासन खीरी।** कस्बे में स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। गन्ने के खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने विकराल आग का रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर कस्बा निवासी जयप्रकाश की करीब छह बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर में अचानक खेत की ओर से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई और पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण सफलता नहीं मिल सकी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। घटना की जानकारी भी मौके विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पीड़ित किसान जयप्रकाश का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से निकली चिंगारी के कारण आग लगी। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। घटना से किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई और राहत प्रदान करने की मांग की है।

# भा कि यू (अ) ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन, त्वरित समाधान की मांग

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी को सौंपा। इस दौरान संगठन के नेताओं ने किसानों से जुड़ी अहम समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन ने कहा कि खतौनियों के अंश निर्धारण को लेकर ग्राम स्तर पर भारी भ्रम और विवाद की स्थिति बनी हुई है। कई गांवों में इस समस्या के कारण किसानों के बीच तनाव और विवाद बढ़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि राजस्व विभाग प्रत्येक गांव में चौपाल आयोजित कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। उन्होंने जिले में यूरिया खाद की कमी को गंभीर बताते हुए कहा कि किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं। ऐसे में प्रशासन को अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कई किसानों का जनरल वैरायटी का गन्ना खेतों में खड़ा है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अभी तक पर्चियां जारी नहीं की गई हैं। गन्ना विभाग को शीघ्र पर्चियां उपलब्ध कराकर किसानों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। कुलवंत सिंह जोसन ने जिले में नकली डीएपी खाद की बिक्री की शिकायतों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कृषि विभाग से विशेष टीम गठित कर छापेमारी करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि नकली खाद किसानों की फसलों और आर्थिक स्थिति दोनों को नुकसान पहुंचा रही है। इसके अलावा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल लाइन और ग्रामीण घरेलू लाइन अलग करने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस कार्य में तेजी लाकर बिजली आपूर्ति सुचारू की जाए। इस मौके पर जिला महासचिव रेशम सिंह, संगठन मंत्री संजय सिंह, जिला सचिव प्रसन्न दीप सिंह, राहुल वर्मा, तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नपा अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू की सराहनीय पहल

# बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



आज से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। गोला तहसील क्षेत्र से बड़ी संख्या में विद्यार्थी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए नगर में पहुंचते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था कराई है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को नीलकंठ मैदान स्थित रैन बसेरे में रहने की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही माँ अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से भोजन, जलपान व पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है। परीक्षार्थियों को केवल अपना प्रवेश पत्र दिखाकर ही ठहरने की अनुमति दी जाएगी, जिससे व्यवस्था सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि कई बार दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को ठहरने, भोजन और समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि सभी छात्र बिना किसी परेशानी के अपनी परीक्षा दे सकें। उन्होंने कहा, छात्रों को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यह मुझे भली-भांति पता है। इसलिए उनके रहने, भोजन और जलपान की व्यवस्था की गई है। हमारे यही नौनिहाल देश का भविष्य हैं। नगर पालिका ने हेल्पलाइन के रूप में मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं।

किसी भी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षार्थी नगर पालिका अध्यक्ष के मोबाइल नंबर 9415460769 और माँ अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी के नंबर 9453980758 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविंद्र कटियार, सफाई नायक नरेश कुमार तथा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर के लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे न केवल छात्रों को सुविधा मिलेगी, बल्कि उनके मनोबल में भी वृद्धि होगी और वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### गोला बार चुनावः अध्यक्ष रामकुमार गौतम निर्विरोध, महामंत्री बने संदीप अवस्थी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन, तहसील गोला के वार्षिक चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। कुल 243 मतों पर हुए चुनाव में विभिन्न पदों पर अधिवक्ताओं ने बढ़–चढ़कर मतदान किया। परिणाम घोषित होते ही परिसर में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम व राकेश कुमार त्रिपाठी के बीच मुकाबला प्रस्तावित था, लेकिन नामांकन पत्रों की जांच में राकेश कुमार त्रिपाठी के पर्चे में कमी पाए जाने पर उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसके बाद रामकुमार गौतम को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। महामंत्री पद पर हुए सीधे मुकाबले में संदीप कुमार अवस्थी ने 149 मत प्राप्त कर जितेंद्र कुमार वर्मा (93 मत) को 56 मतों से हराया। 1 मत अवैध घोषित हुआ। कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार ने 127 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी गौरव झा को 76 तथा सुरेंद्र कुमार को 39 मत मिले। 1 मत अवैध रहा। वीरेंद्र कुमार ने 51 मतों के अंतर से विजय पाई। संयुक्त मंत्री पद पर जगवीर सिंह भदौरिया ने 171 मत पाकर नवीन श्रीवास्तव (71 मत) को 100 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। 1 मत अवैध घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर राजीव मिश्रा ने 150 मत प्राप्त कर मनोज खन्ना (90 मत) को 60 मतों से हराया। इस पद पर 3 मत अवैध पाए गए। परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। विजयी पदाधिकारियों ने बार की गरिमा बनाए रखने, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने और न्यायिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प जताया।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से बनी सड़क साल भर भी नहीं टिक पाई



**बेलरायां खीरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से बनी सड़क साल भर भी नहीं टिक पाई। बेलरायां से मांझा मार्ग पर बनी यह सड़क जगह–जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आलम यह है कि गड्ढों में टेंपो पलटने से कई लोग घायल हो चुके हैं। वहीं इसी मार्ग से रोजाना दर्जनों स्कूली बच्चे आते–जाते हैं, जिससे हमेशा खतरा बना रहता है। अगस्त 2023 में इस 7.50 किमी लंबे मार्ग का निर्माण 767.63 लाख रुपये की लागत से कराया गया था। सड़क के उद्घाटन के समय ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब उन्हें लम्बे समय तक बेहतरीन सुविधा मिलेगी, लेकिन डेढ़ साल बीतने पर ही निर्माण की पोल खुलने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क गायब हो जाती है। आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से सड़क में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हुआ, तभी यह हालात बने। ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

### महादेव प्रभु स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण

**हलिया (मिर्ज़ापुर )।** क्षेत्र के महोखर स्थित महादेव प्रभु स्कूल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मदर टेरेसा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामदुलार यादव (आरडी यादव) विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश्वर चंद्रिका सरदार पटेल महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश चंद्रिका  साथ में राहुल सोनी  पिंटू सिंघानिया समाजसेवी वीर बहादुर सिंह चंदेल प्रिंस सिंह चंदेल विद्यालय के संचालक राजेश्वरी प्रसाद सिंह व प्रधानाचार्य सविता कंचन राजकली परमहंस मौर्य सतीश चंद्र, प्रधानाचार्य अमृतेश्वर प्रसाद ,निर्मला, प्रधानाचार्य संदीप गुप्ता, शिवा अग्रहरि, समस्त अध्यापक गण उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निशुल्क कोचिंग प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया गया धन्यवाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया है।

### निलंबित प्रधानाचार्य को केंद्र व्यवस्थापक बनाए जाने पर विद्यालय प्रबंधक ने जताया ऐतराज, सीएम पोर्टल पर शिकायत

**हलिया (मिर्ज़ापुर )।** क्षेत्र के पंवारी कला गांव स्थित श्री शिव प्रताप सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा निलंबित किए गए प्रधानाचार्य अरविंद कुमार को यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र व्यवस्थापक बनाए जाने पर ऐतराज जताया है। प्रबंधक ने सीएम पोर्टल सहित उच्चाधिकारियों से मामले की जांच की गुहार लगाई है। सीएम पोर्टल पर दिए गए प्रार्थना पत्र में विद्यालय प्रबंधक ने आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के लिये विद्यालय समिति द्वारा  निलंबित किए गए प्रधानाचार्य अरविंद कुमार को विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है। जिन्हें पूर्व में अनुशासनहीनता, विद्यालयीय अभिलेखों को गायब करने, प्रबंधक का फर्जी हस्ताक्षर करने, विद्यालय की परिसंपत्तियों का स्वहित में उपयोग करने, शैक्षणिक व्यवस्था को खराब करने के आरोप में प्रबंध समिति के द्वारा निलंबित किया जा चुका है। जिसकी जांच की कार्यवाही प्रचलित है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मनमानी तरीके से नियमों के विपरीत अरविंद कुमार को परीक्षा संचालन के लिये केंद्र व्यवस्थापक बना दिया गया है। विद्यालय प्रबंधक ने निलंबित प्रधानाचार्य के स्थान पर किसी योग्य व्यक्ति को केंद्र व्यवस्थापक बनाए जाने की मांग की है।

# नाबालिग से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज फिर गिरफ्तारी, बुलडोजर कार्रवाई तक प्रशासन का सख्त एक्शन

**पलिया कला/खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के सनसनीखेज मामले में पुलिस व प्रशासन ने क्रमागत सख्त कार्रवाई करते हुए पहले मुकदमा दर्ज किया, फिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया और अंततः उसकी अवैध दुकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण कर दिया। पूरे घटनाक्रम से क्षेत्र में हड़कंप मच गया तथा प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला पलिया कला कस्बे का है, जहां नगर पालिका के सामने स्थित एक दुकान पर कार्यरत युवक पर करीब 8 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ अशोभनीय हरकतें करने का आरोप लगा। बताया गया कि आरोपी बच्ची को बहला-फुसलाकर दुकान में बुलाता था और उसके साथ छेड़छाड़ करता था। जब बालिका ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो परिवार में आक्रोश फैल गया और तत्काल पुलिस से शिकायत की गई।

पीड़िता की मां द्वारा थाना पलिया में दी गई तहरीर के आधार पर बीएनएस व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त सद्दाम हुसैन पुत्र समीउल्ला, निवासी इकरामनगर कस्बा व थाना पलिया, जनपद खीरी, उम्र लगभग 31 वर्ष को दिनांक 17 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### अवैध नाई की दुकान पर चला बुलडोजर



इसी क्रम में मंगलवार को प्रशासन ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी की अवैध नाई की दुकान पर बुलडोजर कार्रवाई की। बताया गया कि उक्त दुकान में ही आरोपी बाल कटिंग का कार्य करता था। राजस्व व पुलिस टीम की संयुक्त मौजूदगी में दुकान को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारी पुलिस बल तैनात रहा। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामजीत यादव, उपनिरीक्षक प्रेमनारायण सरोज, महिला उपनिरीक्षक निशा शुक्ला, कांस्टेबल विजय तिवारी, अतुल त्रिपाठी, अमन राय तथा महिला कांस्टेबल शशि तोमर शामिल रहे।

# 50 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र की औरंगाबाद चौकी अंतर्गत दिक्षितपुर गांव में 50 वर्षीय उर्मिला पत्नी रमेश का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर औरंगाबाद चौकी प्रभारी सुनील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।वहीं, मृतका के पति द्वारा मौखिक रूप से बेटे पर आरोप लगाए जाने की चर्चा है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीओ ने प्राथमिक विद्यालय के परिसर से होलिका को दूसरे स्थान पर स्थापित करने को की वार्ता



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में प्राथमिक विद्यालय परिसर में होलिका स्थापित करने पर सीओ लालगंज ने पहुंचकर होलिका स्थल का निरीक्षण कर होलिका स्थल को विद्यालय परिसर से हटाकर दूसरे स्थान पर स्थापित कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल से वार्ता किया है पूर्व में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वाला नहीं होने से गांव की होलिका स्थापित किया जाता था लेकिन अब प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वाल बन जाने से विद्यालय परिसर में होलिका नहीं स्थापित नहीं करने की बात ग्राम प्रधान राजेश कुमार द्वारा किया जा रहा है जिस पर सीओ लालगंज अमर बहादुर गांव मे पहुंचकर होलिका स्थल का निरीक्षण किया है सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया की भटवारी गांव में प्राथमिक विद्यालय परिसर में होलिका स्थापित करने का निरीक्षण किया गया है होलिका को दूसरे स्थान पर स्थापित कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल से वार्ता किया गया है इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, लालजी मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

# पट्टेदार ने जमीन पर कब्जा करने वाले चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र मटिहरा गांव निवासी जगदीश ने सोमवार की देर शाम पट्टे की भूमि पर कब्जा करने वाले चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई दी तहरीर में बताया है की मेरे आलावा कुल 29 व्यक्तियों को आराजी नंबर 11/1 व 23/2 में दस व्यक्तियों का पट्टा आवंटित है व पट्टा को तत्कालीन उपजिलाधिकारी सदर द्वारा पट्टा आवंटित किया गया है पट्टे की तिथि से हम पट्टेदार भूमि पर काबिज दाखिल होकर कास्त करते चले आ रहे है दो वर्ष पहले विपक्षीगण कल्लू निवासी गोलरा सोठिया खुर्द व ओमप्रकाश, रामसजीवन निवासी मटिहरा, दुलारे निवासी कोटार एक राय होकर पुरे जमीन की जबरी कब्जा कर लिया गया जून 2025 में राजस्व विभाग व पुलिस बल की टीम गठित कर पैमाइस कराया गया जिसमें विपक्षीगण उपरोक्त द्वारा जमीन को पुनः कब्जा कर लिया गया विपक्षी उपरोक्त के संबंध में राजस्व विभाग द्वारा जांच किया गया तो उपरोक्त आराजी नंबर पर न तो उनका नाम दर्ज है और ना ही मालिक है यह आराजी नंबर ग्राम सभा मटिहरा के गांव मगरदा में है बीते 11 सितंबर को शिकायती पत्र तहसीलदार लालगंज जिसमे उपजिलाधिकारी लालगंज द्वारा 2 जनवरी को अपने आदेश में स्पष्ट लिखा है की उपरोक्त आराजी पट्टेदारों के नाम से है जिसके संबंध में खतैनी अलग से दिया जा रहा है विपक्षीगण दबँग किस्म के व्यक्ति है और अबैध कब्जा कर ली गया है जमीन जोतने बोने गया तो विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीओ ने हलिया मस्जिद पहुंचकर कम आवाज से स्पीकर बजाने का दिया निर्देश



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** यूपी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर मंगलवार को सीओ लालगंज अमर बहादुर ने हलिया मस्जिद पर पहुंचकर निरीक्षण किया मस्जिद पर केवल एक लगा है सीओ ने संबंधित को स्पीकर की आवाज कम करने का निर्देश दिया सीओ ने लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के लिए अभियान चलाया है, जिससे छात्रों को पढ़ाई में कोई परेशानी न हो।सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया कि यूपी बोर्ड की के मद्देनजर ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्या,रसीद खान, पेस इमाम आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने स्टेट बैंक व उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा क्षेत्र हलिया कस्बा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक व उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में मंगलवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल राजेश मौर्या द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस)-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है टीम में प्रभारी एसआइ रमाशंकर व कांस्टेबल राजेश मौर्या मौजूद रहे इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार  क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।